सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 02 अक्टूबर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 268, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स 33 अंक और फिसला

स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही, बिकवाली से सेंसेक्स 33 .49 अंक के मामूली नुकसान में रहा। } 14

## देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है वायुसेना

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय वायु सेना देश के दुश्मनों को उनकी सीमा में घुसकर करारा जवाब देने में सक्षम है। } 16



### संक्षेप

## गांधी जयंती आज



नयी दिल्ली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती आज पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनायी जायेगी। इस अवसर पर देशभर में सांस्कृतिक और समाज सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। स्वच्छता अभियान आदि कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। 2 अक्टूबर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी जायेगी।

## गोविंदा के पैर में लगी गोली, खतरे से बाहर



मुंबई। अभिनेता गोविंदा मंगलवार को अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से दुर्घटनावश गोली चलने के कारण घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई जब वह हवाई अड्डा जाने के लिए मुंबई स्थित अपने घर से निकलने वाले थे। मुंबई पुलिस ने बताया कि गोविंदा की हालत खतरे से बाहर है और एक निजी अस्पताल में उनका उपचार हो रहा है। अपनी बेहतरीन हास्य और नृत्य कला के लिए दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले गोविंदा ने प्रशंसकों को सूचित किया कि अब वह बेहतर महसूस कर रहे हैं। गोविंदा ने एक ऑडियो संदेश में कहा अपने प्रशंसकों, माता-पिता और ईश्वर के आशीर्वाद से अब मैं बेहतर महसूस कर रहा हूं।

## शामली के एक्सिस बैंक में 40 लाख की लूट

मुजफ्फरनगर (उप्र)। शामली जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित एक्सिस बैंक की शाखा से असलहे से लैस एक बदमाश ने मंगलवार को 40 लाख रुपये लूट लिए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। शामली के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रामसेवक गौतम ने यहां संवाददाताओं को बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज और बैंक कर्मियों से पूछताछ के आधार पर मामले की जांच कर रही है। एक्सिस बैंक की उक्त शाखा के प्रबंधक नवीन जैन के अनुसार एक नकाबपोश युवक उनके कमरे में दाखिल हुआ और उन्हें बंदूक दिखाकर 40 लाख रुपये की नकदी लाने को कहा। जैन ने बताया नकाबपोश ने मुझे नकदी न देने पर जान से मारने की धमकी दी।

## सम्पत्तियों के ध्वस्तीकरण पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश सुरक्षित

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह संपत्तियों को ध्वस्त किए जाने के मुद्दे पर सभी नागरिकों के लिए दिशा निर्देश जारी करेगा। इसके साथ ही न्यायालय ने उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया जिनमें आरोप लगाया गया है कि कई राज्यों में आरोपियों की संपत्ति समेत अन्य संपत्तियां ध्वस्त की जा रही हैं। न्यायालय ने कहा कि उसके दिशा निर्देश पूरे भारत में लागू होंगे। साथ ही उसने कहा कि वह यह स्पष्ट कर रहा है कि किसी व्यक्ति का महज आरोपी या दोषी होना संपत्ति के ध्वस्तीकरण का आधार नहीं हो सकता। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा, हम जो कुछ भी तय कर रहे हैं, हम एक धर्मनिरपेक्ष देश हैं। हम सभी नागरिकों, सभी संस्थानों के लिए इसे जारी कर रहे हैं न कि किसी खास समुदाय के लिए। पीठ ने कहा कि किसी खास धर्म के लिए अलग कानून नहीं हो सकता है। उसने कहा कि वह सार्वजनिक सड़कों, सरकारी जमीनों या जंगलों में किसी भी अनधिकृत ...शेष पृष्ठ 14 पर



## कांग्रेस की नस-नस में दौड़ता है भ्रष्टाचार : मोदी

एजेंसी



पलवल (हरियाणा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस की हरियाणा इकाई में कलह होने का दावा करते हुए कहा कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी से सबसे अधिक नाराजगी राज्य के दलित, पिछड़े और वंचित समाज की है और वे बापू-बेटे (हुड्डा परिवार) की राजनीति को चमकाने का मोहरा नहीं बनेंगे।

मोदी ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस की नस-नस में भ्रष्टाचार दौड़ता है और यह दलालों व दामादों की पार्टी बन गई है। उन्होंने कहा यहां हरियाणा में कांग्रेस के भीतर जो कलह मची है, उसे भी यहां के लोग देख रहे हैं। कांग्रेस से सबसे अधिक नाराजगी तो दलित, पिछड़े, वंचित समाज की है। दलित समाज ने भी ठान लिया है कि वो बापू-बेटे की राजनीति को चमकाने का मोहरा नहीं बनेंगे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान किसी का नाम नहीं लिया लेकिन उनका इशारा स्पष्ट तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और उनके बेटे दीपेंद्र सिंह हुड्डा की ओर था। कांग्रेस से दलितों की नाराजगी का उनका इशारा विपक्षी पार्टी की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा से था। मोदी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने झूठ का प्रयोग किया था और अब हरियाणा में वह उसी का विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा कांग्रेस को लगता है कि उसका अपना वोटबैंक तो पक्का है। साथ ही वो सोचती है कि लड़ेंगे और बंटेंगे वो लोग जो भारत से प्रेम करते हैं। हमें कांग्रेस की इस सोच और साजिश को कभी भी सफल नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा को संकल्प लेना है कि जो लोग भारत से प्रेम करते हैं, वे सब एकजुट रहेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा हम एक हैं और हम एक होकर देश के लिए वोट करेंगे। हम एकजुट होकर अपने बच्चों के भविष्य के लिए वोट करेंगे। हम एकजुट होकर अपनी बेटियों की सुरक्षा के लिए वोट करेंगे। हम एकजुट होकर बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी के लिए वोट करेंगे। हम एकजुट होकर हरियाणा में नए निवेश, नयी नौकरियों के लिए वोट करेंगे। हम एकजुट होकर अच्छी सड़कों और बेहतर सिंचाई के लिए वोट करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार ने करीब 1.5 लाख सरकारी नौकरियां दीं और वो भी बिना खर्ची-पर्ची के, साथ ही हजारों कर्मचारियों को पक्का किया। उन्होंने कहा कि लेकिन अब कांग्रेस वाले फिर वही खर्ची-पर्ची व्यवस्था ...शेष पृष्ठ 14 पर

# चार हजार करोड़ से सुधरेगी किसानों की हालत

## तकनीक सीखने के लिए किसानों को कराया जायेगा विदेश भ्रमण

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी में विश्व बैंक की मदद से उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर ग्रोथ एंड रूरल इंटरप्राइज इकोसिस्टम स्ट्रेंथिंग (यूपीएग्रीज) परियोजना शुरू होगी। इसके जरिए कृषि क्षेत्र में कई नवाचार होंगे। छह साल में करीब चार हजार करोड़ रुपया खर्च किया जाएगा। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खुलेंगे और 500 किसानों को तकनीक देखने के लिए विदेश भ्रमण कराया जाएगा। इस परियोजना में केंद्र सरकार व्यय भार में भागीदार नहीं है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई है। बैठक में विद्या विश्वविद्यालय मेरठ व केडी विश्वविद्यालय मेरठ की स्थापना को मंजूरी दे दी गई है। इसके अलावा यूनिवर्सिटी में ...शेष पृष्ठ 14 पर

- विद्या विवि मेरठ व केडी विवि मेरठ की स्थापना को मंजूरी
- मूल्य समर्थन योजना के तहत मक्का, बाजरा और ज्वार की खरीद को मंजूरी
- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत हर साल मिलेगा पांच लाख का लोन
- बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ विकसित किये जायेंगे सोलर पार्क
- औद्योगिक निवेश नीति के संशोधन को मंजूरी
- बायोप्लास्टिक बनाने वाली कंपनियों को कुल पूंजी निवेश दी जायेगी 50 फीसद सब्सिडी
- आगरा में नक्षत्रशाला साइंस सिटी और विज्ञान पाठ की स्थापना की मंजूरी



मुख्यमंत्री योगी से मिले पेरिस-2024 में संपन्न ओलंपिक एवं पैरालंपिक के खिलाड़ी

## खिलाड़ियों का इंतजार कर रहीं यूपी सरकार की नौकरियां : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेरिस-2024 में संपन्न ओलंपिक एवं पैरालंपिक गेम्स में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से देश को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों को करोड़ों रुपये के चेक वितरित किए। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी मेडल जीते हैं, उन खिलाड़ियों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की नौकरियां भी इंतजार कर रही हैं।

- मुख्यमंत्री ने पैरा ओलंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को दिये करोड़ों के चेक

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आम जीवन में खेलों के महत्व को नाकारा नहीं जा सकता। इससे तन और मन दोनों ही स्वस्थ्य रहता है। इसलिए हमें खेलों को अनिवार्य रूप से अपनाना चाहिए। युवा वर्ग से यह कहना चाहता हूं कि स्मार्टफोन और नशे से जितना दूर रहेंग, भविष्य उतना ही उज्ज्वल होगा। समारोह में सम्मानित होने वाले 14 खिलाड़ियों के बीच 22 करोड़ 70 लाख की कुल धनराशि वितरित की गई। जबकि चार प्रशिक्षकों को 29 लाख रुपए दिए गए। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि यह गर्व की बात है कि हमारे प्रदेश के खिलाड़ी ओलंपिक जैसे बड़े खेल मंच पर दमदार उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। खासतौर पर मैं पैरा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देना चाहूंगा, जिन्होंने अपने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन से सामान्य वर्ग के खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। इस प्रदर्शन में प्रवीन कुमार, सुहास एलवाई और अजीत सिंह का प्रदर्शन काबिले-तारीफ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बैंकॉक : स्कूल बस में लगी आग, 20 की मौत

बैंकॉक। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के उपनगरीय क्षेत्र में छात्रों और शिक्षकों को ले जा रही एक बस में मंगलवार को आग लग गई, जिससे वाहन में सवार 20 लोगों के मारे जाने की आशंका है। अधिकारियों और बचावकर्मियों ने यह जानकारी दी। थाईलैंड के परिवहन मंत्री सूरिया जुंगरुंगरुएंगकित ने घटनास्थल पर संवाददाताओं को बताया कि बस में 44 लोग सवार थे और वे सभी एक यात्रा के लिए केंद्रीय उथाई थानी प्रांत से बैंकॉक के अयुत्थाया की ओर जा रहे थे तभी राजधानी के उत्तरी उपनगर पथुम थानी प्रांत में दोपहर में बस में आग लग गई। सोशल मीडिया पर आए इस घटना के वीडियो में नजर आ रहा है कि बस जल रही है है और इससे काले धुएं का गुबार निकल रहा है। बस में आग लगने के कई घंटे बाद भी शव इसके अंदर पड़े थे। बस में सवार छात्र प्राथमिक और जूनियर हाई स्कूल के थे। गृहमंत्री चार्नविराकुल ने कहा कि अधिकारी अभी तक मृतकों की संख्या की पुष्टि नहीं कर सकते क्योंकि वे घटनास्थल की जांच पूरी नहीं कर पाए हैं। बस चालक बच गया है लेकिन शायद वह भाग गया है और अभी तक उसका पता नहीं चल पाया है।

## जम्मू-कश्मीर चुनाव : 65 फीसद पड़े वोट



एजेंसी

जम्मू/श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण के तहत मंगलवार को शाम पांच बजे तक 65.48 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

चुनाव के इस चरण में जम्मू-कश्मीर के सात जिलों में 40 विधानसभा सीटों पर सुबह सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू होने के साथ मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतारें दिखीं। वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहा है। केंद्र शासित प्रदेश के 39.18 लाख से अधिक मतदाता 415 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। इन उम्मीदवारों में दो पूर्व उपमुख्यमंत्री तारा चंद और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जलनिगम के अफसरों के घर विजिलेंस का छापा

- पूरा एरिया सील
- सभी पर दर्ज हैं 11 आय से अधिक संपत्ति के मामले

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मंगलवार को विजिलेंस ने लखनऊ में बड़ी कार्रवाई की है। आय से अधिक संपत्ति मामले में जल निगम के अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की है। सूत्रों के मुताबिक, अफसर इंदिरानगर, गोमती नगर और विकास नगर में छापेमारी कर रहे हैं। घर के आस-पास के एरिया को सील कर दिया है। किसी के आने जाने पर रोक लगा दी है।

जिन अफसरों पर एक्शन हुआ है। उनके नाम हैं- जल निगम के सीएनडीएस विभाग के प्रोजेक्ट मैनेजर राघवेंद्र गुप्ता, चीफ एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सत्यवीर सिंह, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अजय रस्तोगी, प्रोजेक्ट मैनेजर कमल कुमार खरबंदा और असिस्टेंट इंजीनियर कृष्ण कुमार पटेल। सूत्रों के मुताबिक, इन अफसरों पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। विजिलेंस विभाग ने 2019-2020 में शासन के आदेश पर सीएंडडीएस इकाई के अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू की थी। जांच के दौरान इन अधिकारियों पर आय से अधिक संपत्ति ...शेष पृष्ठ 14 पर





### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

- आज से सपा की सामाजिक न्याय साइकिल यात्रा (पृष्ठ-02)
- अनिल दुबे और शिव करन सिंह सम्मानित (पृष्ठ-02)
- सोने में 200 रुपये की गिरावट, चांदी स्थिर (पृष्ठ-14)
- बिजली की खपत 141.36 अरब यूनिट के साथ स्थिर (पृष्ठ-14)
- एस जीएसटी संग्रह बढ़कर 1.73 लाख करोड़ (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — दोनों पक्षों के बीच कूटनीतिक वार्ता से सामने आ रहा हैं सकारात्मक संकेत : उपेंद्र द्विवेदी

## लद्दाख में हालात स्थिर, पर सामान्य नहीं : थलसेना प्रमुख

एजेंसी

नयी दिल्ली। थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्वी लद्दाख में चीन और भारत के बीच जारी सैन्य गतिरोध पर मंगलवार को कहा कि इस क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति स्थिर है, लेकिन सामान्य नहीं है और संवेदनशील बनी हुई है।

जनरल द्विवेदी ने कहा कि हालांकि, विवाद के समाधान पर दोनों पक्षों के बीच कूटनीतिक वार्ता से एक सकारात्मक संकेत सामने आ रहा है, लेकिन किसी भी योजना का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर सैन्य कमांडरों पर निर्भर करता है। वह चाणक्य रक्षा संवाद में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस पूरे परिदृश्य में विश्वास को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। सेना प्रमुख ने कहा स्थिति स्थिर है, लेकिन यह सामान्य नहीं है, और संवेदनशील है। अगर ऐसा है, तो हम क्या चाहते हैं? हम चाहते हैं कि अप्रैल 2020 से पहले वाली स्थिति बहाल हो। दोनों देशों की सेनाओं के बीच सैन्य गतिरोध मई 2020 की शुरुआत में शुरू हुआ। दोनों पक्षों ने गतिरोध वाले बिन्दुओं से कई सैनिकों को हटाया है, लेकिन इसके बावजूद अभी तक सीमा विवाद का पूर्ण समाधान नहीं निकला है।




थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

जनरल द्विवेदी ने कहा जब तक स्थिति बहाल नहीं होती है, हालात संवेदनशील रहेंगे और हम किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने जमीनी स्तर पर सैनिकों की मौजूदगी, एलएसी पर बफर जोन और योजना के अनुसार सैनिकों द्वारा गश्त बहाल करने जैसे कई लंबित मुद्दे गिनाए। उन्होंने चीन के प्रति भारतीय सेना के समग्र दृष्टिकोण पर भी संक्षिप्त चर्चा की। सेना प्रमुख ने कहा जहां तक चीन का सवाल है, तो वह काफी समय से हमारे मन में कौतूहल पैदा कर रहा है। मैं कह रहा हूं कि चीन के साथ आपको प्रतिस्पर्धा करनी होगी, आपको सहयोग करना होगा, आपको एक साथ रहना होगा, आपको मुकाबला करना होगा। भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध का जल्द से जल्द समाधान तलाशने के उद्देश्य से जुलाई और अगस्त में दो चरणों में कूटनीतिक वार्ता की थी। उन्होंने एक सवाल पर कहा कूटनीतिक वार्ता से सकारात्मक संकेत मिल रहा है, लेकिन हमें यह समझने की आवश्यकता है कि कूटनीतिक वार्ता विकल्प और संभावनाएं देती हैं। उन्होंने कहा लेकिन जब जमीनी स्तर पर लागू करने की बात आती है तो इसका निर्णय लेना दोनों पक्षों के सैन्य कमांडरों पर निर्भर करता है। जनरल द्विवेदी ने देपसांग और देमचोक में विवादों का भी उल्लेख किया और कहा कि सभी लंबित मुद्दे वार्ता में शामिल हैं। उन्होंने कहा, जो कुछ भी कोई कल्पना कर सकता है, वह उत्तरी मोर्चे पर वार्ता में शामिल है तथा इसमें देपसांग और देमचोक शामिल हैं।

## गुरुसंडी हत्याकांड : सस्पेंड किये गये नौ पुलिसकर्मी

जिला संवाददाता

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन ने उप-निरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी नागरिक पुलिस को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गुरुसंडी में हुई हत्या की घटना से सम्बन्धित प्रकरण का ससमय संज्ञान लेकर समुचित कार्यवाही न करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर विभागीय जांच बैठा दी है।

- विभागीय जांच के दिये आदेश

निलंबित लोगों में, उप-निरीक्षक महफूज अहमद, मुख्य आरक्षी-सीताराम गौतम, मुख्य आरक्षी-अम्बिका मौर्या, मुख्य आरक्षी-सुरेन्द्र राम भारद्वाज, मुख्य आरक्षी-सुनील कुमार, मुख्य आरक्षी-सुनील कुमार सिंह यादव, मुख्य आरक्षी-राजेश यादव, आरक्षी-अनिल कुमार गुप्ता एवं आरक्षी-अगम सिंह, सभी पुलिस चौकी गुरूसण्डी थाना कोऊ देहात मीरजापुर, शामिल हैं। थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गुरसंडी में दो पक्षों के मध्य मारपीट व गोली चलने से एक व्यक्ति की हत्या हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन द्वारा फील्ड यूनिट व थाना कोतवाली देहात पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। प्रकरण के जांच में प्रथम दृष्टया यह तथ्य प्रकाश में आया कि गांव में स्थित ...शेष पृष्ठ 14 पर

# असेवित क्षेत्र में विवि स्थापना पर 100 फीसदी तक छूट संभव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना पर स्टाम्प शुल्क में छूट देने का फैसला किया है। भूमि में निवेश की सीमा 50 करोड़ तक होने पर स्टाम्प शुल्क में 50 फीसदी, 50 करोड़ 150 करोड़ तक निवेश पर 30 फीसदी और 150 करोड़ से अधिक निवेश पर 20 फीसदी छूट दी जाएगी।

- मथुरा व मेरठ में निजी विश्वविद्यालय को मंजूरी

यदि निजी विश्वविद्यालय प्रदेश के किसी ऐसे आकांक्षी जिले में स्थापित किया जाता है, जो असेवित है तो भूमि में निवेश की श्रेणी व सीमा का संज्ञान लिए बिना उन्हें स्टाम्प शुल्क में 100 फीसदी छूट दी जाएगी। यह अहम फैसला मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश में उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति-2024 को मंजूरी दी गई है।

निजी निवेश राज्य में उच्च शिक्षा की बढ़ती मांग को देखते हुए उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने में सरकार के प्रयासों का पूरक बन सकते हैं। यह छात्रों के लिए उपलब्ध संसाधनों, पाठ्यक्रमों और सीटों की संख्या बढ़ा सकता है, जिससे अधिक से अधिक छात्र

**कैबिनेट का फैसले**

प्रदेश में ही उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। इस नीति से उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि होगी और राज्य से प्रतिभा पलायन में कमी होगी।

साथ ही यह प्रदेश के आर्थिक विकास को वन ट्रिलियन डालर की ओर बढ़ाने में मददगार होगी। मंत्री ने बताया कि इस नीति के तहत प्रथम पांच विदेशी विश्वविद्यालयों और निर्फ रैंकिंग में शीर्ष 50 में रैंक प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालयों के लिए विशेष लाभ का प्रावधान किया गया है। इसके तहत उन्हें भूमि में निवेश की श्रेणी और सीमा का संज्ञान लिए बिना स्टाम्प शुल्क में 100 फीसदी तक छूट दी जा सकती है। नीति के तहत छूट का यह प्रावधान पांच वर्षों के लिए प्रभावी होगा।

भूमि की रजिस्ट्री होने की तिथि से पांच वर्ष के अंदर संबंधित संस्थान को संचालन प्राधिकार पत्र हासिल करना होगा। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम-2019 के तहत मथुरा में केडी विश्वविद्यालय को आशय पत्र जारी करने की मंजूरी दी। यह विश्वविद्यालय जिले की छाता तहसील के अकबरपुर गांव में 50.54 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित है। इसी तरह मेरठ में विद्या विश्वविद्यालय को संचालन प्राधिकार पत्र जारी किए जाने की मंजूरी दी गई। यह विश्वविद्यालय मेरठ जिले की सदर तहसील के पांचली खुर्द गांव में 42.75 एकड़ भूमि पर स्थापित है।

## बायोप्लास्टिक्स उद्योग नीति बनाने वाला यूपी पहला राज्य

**लखनऊ।** बायोप्लास्टिक (बायोडिग्रेडेबल और कम्पोस्टेबल) बनाने वाली कंपनियों को कुल पूंजी निवेश पर पचास प्रतिशत सब्सिडी सात सालों में दी जाएगी। दस साल में बिजली पर कोई ड्यूटी नहीं लगेगी। हर उद्योग से कम से कम 2000 लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार शाम को कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश बायोप्लास्टिक उद्योग नीति 2024 को मंजूरी दे दी गई। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि 1000 करोड़ रुपये या अधिक निवेश करने वाली कम्पनियों को10 वर्षों की अवधि तक एसजीएसटी का 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाएगी। नीति की कटऑफ तिथि से 1 वर्ष पहले या बाद में की जाती है तो स्टाम्प ड्यूटी पर छूट या रिम्बर्समेन्ट प्रदान किया जायेगा। किन्तु सभी लाभ 10 वर्षों की अवधि में मात्र पूंजी निवेश का 200 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। मंत्री ने कहा कि वर्तमान में किभी भी राज्य में बायोप्लास्टिक उद्योग की वृद्धि के लिए कोई व्यापक नीति, नहीं है। नए बायो प्लास्टिक सामग्री और अन्य उद्योगों के विकास पर केन्द्रित अनुसंधान और विकास गतिविधियों में समर्थन प्राप्त होगा तथा स्टार्टअप्स और एमएसएमई को बायोप्लास्टिक वैल्यूचेन में भाग लेने को बढ़ावा मिलेगा। एक इकाई की स्थापना से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप में लगभग 2000 नौकरियों का सृजन संभावित है। इससे प्लास्टिक प्रदूषण में कमी आएगी तथा अपशिष्ट प्रबंधन में फायदा मिलेगा। कुछ प्रकार के बायोप्लास्टिक को जैविक कचरे के साथ कम्पोस्ट जाएगा। यह खेती के लिए पोषक तत्वों से भरपूर खाद उत्पादन करने में योगदान करेगी। बायोप्लास्टिक का उत्पादन कुछ कृषि उत्पादों की मांग को प्रोत्साहित करेगा।

## सिंचाई के लिए 33 अरब 94 करोड़ रुपये स्वीकृत

**लखनऊ।** सोनभद्र जिले की कनहर सिंचाई द्वितीय पुनरीक्षित परियोजना लिए सरकार ने 33 अरब 94 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए हैं। इस परियोजना से राबटर्सगंज की सूखाग्रस्त दुद्धी और ओवरा तहसील के 108 गांवों के 53 हजार किसान परिवारों को सिंचाई का लाभ मिलने लगेगा। साथ ही यहां के करीब डेढ़ लाख लोगों को स्वच्छ पेयजल भी उपलब्ध होने लगेगा।

## आठ मंडलों के 28 जिलों में लागू होगी यूपी एग्रीज परियोजना

**लखनऊ।** कैबिनेट ने किसानों की आय बढ़ाने के मद्देनजर विश्व बैंक सहायतित 4000 करोड़ रुपये की यूपीएग्रीज (उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर ग्रोथ एण्ड रूरल इंटरप्राइजेज इकोसिस्टम स्ट्रेथनिंग) परियोजना को मंगलवार को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना प्रदेश के आठ मंडलों के 28 जिलों में लागू की जाएगी। इसमें सात जिले बुन्देलखण्ड के हैं, जबकि घाघरा और सरयू के उत्तर में स्थित गोरखपुर, बस्ती एवं देवीपाटन मंडल के जिलों के अलावा सरयु नदी के दक्षिण में पड़ने वाले आजमगढ़, वाराणसी एवं मिर्जापुर मंडल के जिले शामिल हैं। इसके तहत किसानों को सबसे बेहतरीन बीज, उच्च तकनीक एवं मशीनें आदि प्रदान कर उनसे कुल 6.15 लाख हेक्टेयर भूमि में मुख्य फसलों के अलावा कुछ नकदी फसलों की आधुनिक खेती कराई जाएगी। साथ ही इसके माध्यम से संबंधित जिलों के किसानों के उत्पाद को खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों से जोड़ने या उसका वैल्यू एडिशन में भी सहयोग किया जाएगा ताकि किसानों के उत्पाद का उन्हें बेहतर मूल्य मिले एवं खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में ही रोजगार के अवसर भी पैदा हो सकेगा। छह वर्षों तक संचालित होने वाली यह परियोजना 2029-30 तक चलेगी। कैबिनेट ने इस वित्तीय वर्ष के लिए के लिए 200 करोड़ रुपये की मंजूरी भी दी है। इसके तहत विशेष आर्थिक क्षेत्र की तर्ज पर एग्रो क्लस्टर बनाया जाएगा। वर्तमान में आठ क्लस्टर बनाया जा चुका है जबकि कुछ अन्य पर काम शुरू कर दिया गया है। इन क्लस्टरों को ओडीओपी की तर्ज पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। जैसे बुन्देलखण्ड के कुछ जिलों में तिल के उत्पादन और उसकी उत्पादकता पर फोकस किया जाएगा जबकि कुछ जिलों में मछली पालन को बढ़ावा देकर मत्स्य पालकों को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। परियोजना के माध्यम से किसानों को पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट में प्रशिक्षित किया जाएगा और उन्हें मार्केट सपोर्ट सिस्टम से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा कृषक उत्पादन संगठन (एफपीओ) तथा महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जाएगा। मिर्जापुर, सोनभद्र, भदोही, वाराणसी, गाजीपुर, चन्दौली, जौनपुर, आजमगढ़, बलिया, मऊ, गोरखपुर, देवरिया, महाराजगंज, कुशीनगर, बस्ती, सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर, गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, बांदा, चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर एवं जालौन जिलों में योजना संचालित की जायेगी।

## सूचना प्रौद्योगिकी व इससे जुड़ी सेवाओं वाले सेक्टर को अब उद्योग का दर्जा

लखनऊ। सूचना प्रौद्योगिकी व इससे जुड़ी सेवाओं वाले सेक्टर को अब उद्योग का दर्जा दिया जाएगा। इससे अब आईटी कंपनियां औद्योगिक प्राधिकरणों व आवासीय प्राधिकरणों के भूखंड बैंक से जमीन आवंटन की हकदार हो जाएंगी। इस तरह उन्हें अब अपेक्षाकृत सस्ती व आसानी से मिलेगी। इसके अलावा आईटी सेक्टर की कंपनियां जिनका न्यूनतम लोड को जस्तो 150 किलोवाट है को औद्योगिक दर पर बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। इस तरह उन्हें विद्युत लागत में 18 प्रतिशत की बचत होगी और उन्हें कंपनी संचालन लागत इससे घटेगी। आईटी कंपनियों में बिजली की खपत काफी होती है। यूपी को पांच सालों में अपने सकल घरेलू उत्पाद को एक ट्रिलियन अमेरिकन डालर तक पहुंचाने की महत्वकांक्षी लक्ष्य को पाने के लिए डिजिटलीकरण व डिजिटल सेवाओं को बढ़ाना होगा। इसके लिए आईटी सेक्टर की अहम भूमिका है। इसी मकसद से आईटी क्षेत्र को उद्योग का दर्जा दिया गया है। आईटी सेक्टर की कंपनियों की लंबे समय से चल रही यह मांग पूरी हो गई है।

# निकायों में स्वच्छ भारत दिवस पर आज होगा श्रमदान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश की सभी नगरीय निकायों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता संकल्प को साकार करने के लिए 02 अक्टूबर को गांधी की 155वीं जयंती पर स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सभी निकायों में सुबह 09 बजे से 10 बजे तक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। निकायों में 26 सितम्बर से चल रहे 155 घंटे के नानस्टाप महासफाई अभियान का समापन भी हो जायेगा। लेकिन प्रदेश के शहरों को वैश्विक मापदंड का बनाने के लिए निकायों की साफ सफाई, स्वच्छता, सुंदरीकरण, व्यवस्थापन का कार्य निरंतर चलता रहेगा। सफाई और सुन्दरता कार्य के साथ जनमानस के स्वभाव और संस्कार में भी स्वच्छता को स्थापित करने का प्रयास किया जायेगा। स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत आयोजित की गयी विभिन्न गतिविधियों का डॉक्यूमेंटेशन कराते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों व स्टेक होल्डर को भी सम्मानित किया जायेगा।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को आजादी से ज्यादा आवश्यक समझा था। शारीरिक तंदुरुस्ती और स्वस्थ वातावरण के

- स्वच्छाग्रहियों को सम्मानित कर राष्ट्रपिता को दी जायेगी स्वच्छांजलि

लिए स्वच्छता सबसे जरूरी है। इसी अवधारणा को साकार करने के लिए 02 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस (एसबीडी) के रूप में मनाना है। प्रदेश के 762 निकायों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें परिवर्तित सी.टी.यू. स्थलों पर कार्यक्रमों का आयोजन, स्वच्छता के लिए श्रमदान का आयोजन, स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान अंतर्गत निकाय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सफाई मित्रों और अन्य स्वच्छता चैंपियनों का अभिनंदन व सम्मान, स्वच्छता अवसंरचना का उद्घाटन करना, निकाय स्तर पर स्वच्छता कल्चर फेस्टिवल और सम्मेलनों का आयोजन, शहरी क्षेत्रों में ओ.डी.एफ. प्लस मॉडल को स्थापित करने के लिए वार्ड सभा का आयोजन, ओ.डी.एफ. प्लस माडल प्राप्त निकायों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत अभी तक 68969 सीटीयू की कार्यवाही पूर्ण की गयी है। वहीं 15,303 टन कूड़ा एकत्रित कर निस्तारित किया गया, 6.60 टन प्लास्टिक एकत्रित किया गया है। प्रदेश में 5241 सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया है, जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य जांच, सफाई सुरक्षा किट का वितरण और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत 02 लाख से अधिक लोगों ने प्रतिभाग कर स्वच्छता के जन आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग भी प्रदान किया है।

# कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध : सचान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने मंगलवार को खादी ग्रामोद्योग भवन में

- मंत्री ने गांधी जयंती पर खादी को अपनाने का किया आह्वान
- उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो ने प्रदेश के कारीगरों और उद्यमियों को वैश्विक पहचान दिलाई
- ओडीओपी जैसी योजनाओं के माध्यम से कारीगरों को रोजगार और बाजार दोनों में अवसर मिल रहे हैं



आयोजित 'कारीगर मेला' में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यह मेला फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) लखनऊ चौप्टर द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर प्रदेश के हस्तशिल्प और शिल्पकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

मंत्री राकेश सचान ने इस अवसर पर योगी सरकार की ओडीओपी (एक जिला, एक उत्पाद) योजना की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो ने प्रदेश के कारीगरों और उद्यमियों को वैश्विक पहचान दिलाई है। ओडीओपी जैसी योजनाओं के माध्यम से कारीगरों को रोजगार और बाजार दोनों में प्रगति के अवसर मिल रहे हैं। मंत्री ने कहा कि योगी सरकार कारीगरों और हस्तशिल्पियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम स्थानीय शिल्प और कारीगरी को प्रोत्साहन देकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सशक्त कर रहे हैं। उन्होंने महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जनता से खादी को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की अपील करते हुए कहा कि खादी न केवल स्वदेशीता का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम की धरोहर भी है। खादी उत्पादों को अपनाने से हम कारीगरों की आजीविका को समर्थन देंगे और गांधी जी के स्वावलंबन के स्वप्न को साकार करेंगे। कारीगर मेले में पूरे प्रदेश से आए शिल्पकारों ने अपने हस्तशिल्प उत्पाद जैसे हथकरघा वस्त्र, मिट्टी के बर्तन, जूट उत्पाद, धातु कला, सिरेमिक कला, चिकनकारी और खादी वस्त्रों का प्रदर्शन किया। मंत्री ने शिल्पकारों की कला की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ऐसे आयोजनों के माध्यम से कारीगरों को प्रोत्साहित कर रही है, जिससे न केवल उनकी कला को पहचान मिलती है, बल्कि उन्हें व्यापक बाजार तक पहुंचने का अवसर भी मिलता है।

इस आयोजन का उद्देश्य लखनऊ के हस्तशिल्प और हथकरघा प्रेमियों को जोड़ना और कारीगरों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करना था। मेले में कारीगरों को मुफ्त स्टॉल प्रदान किए गए थे, जिससे वे अपनी कला को प्रदर्शित कर सकें और आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। कारीगरों की पहचान और उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सभी भागीदारों का सत्यापन किया गया था।

कार्यक्रम में स्थानीय व्यंजनों और लाइव संगीत की प्रस्तुति ने वातावरण को और भी जीवंत बना दिया। इस आयोजन के प्रमुख आयोजकों में एफएलओ लखनऊ की अध्यक्ष विभा अग्रवाल, राष्ट्रीय हथकरघा और हस्तशिल्प प्रमुख स्वाति वर्मा, सह अध्यक्ष अदिति जग्गी और रिया पंजाबी शामिल थीं।

# सपा आज से शुरू करेगी सामाजिक न्याय साइकिल यात्रा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देशानुसार संविधान बचाओ, पीडीए सामाजिक न्याय साइकिल यात्रा गांधी जयंती 02 अक्टूबर से मुलायम सिंह यादव की

- मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर सम्पन्न होगी यात्रा
- आजमगढ़ से 02 से शुरू होकर 10 को अयोध्या में होगा समापन

पुण्यतिथि तक चलेगी। सामाजिक न्याय साइकिल यात्रा पार्टी के जिला कार्यालय आजमगढ़ से 02 अक्टूबर से शुरू होकर 10 अक्टूबर को अयोध्या में समापन होगा। यात्रा का शुभारंभ धर्मेन्द्र यादव, सांसद लोकसभा क्षेत्र आजमगढ़ और दुर्गा प्रसाद यादव विधायक करेंगे तथा सामाजिक न्याय साइकिल यात्रा का समापन अवधेश प्रसाद सांसद लोकसभा क्षेत्र अयोध्या फैजाबाद द्वारा किया जायेगा।



सामाजिक न्याय साइकिल यात्रा जनपदों के कस्बों में पहुंचेगी। सामाजिक न्याय साइकिल यात्रा का संयोजन कुणाल मौर्या जिलाध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा आजमगढ़ करेंगे। सभी सम्मानित नेता तथा संगठन के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता सामाजिक न्याय साइकिल यात्रा में सहयोग करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार आजमगढ़ से अयोध्या तक 02 अक्टूबर से शुरू होकर पार्टी कार्यालय आजमगढ़ से बिलरियागंज रात्रि विश्राम (20 किमी), 03 अक्टूबर बिलरियागंज से महाराजगंज होते हुए कप्तानगंज तक रात्रि विश्राम (22 किमी), 04 अक्टूबर कप्तानगंज से बूढ़नपुर होते हुए अतरौलिया तक रात्रि विश्राम (20 किमी), 05 अक्टूबर अतरौलिया से जलालपुर तक रात्रि विश्राम (20 किमी), 06 अक्टूबर जलालपुर से हज्पुरा होते हुए अम्बेडकरनगर तक रात्रि विश्राम (20 किमी), 07 अक्टूबर अम्बेडकरनगर से कटेहरी होते हुए गोसाईगंज तक रात्रि विश्राम (20 किमी), 08 अक्टूबर गोसाईगंज से माया बाजार होते हुए पूरा बाजार तक रात्रि विश्राम (20 किमी), 09 अक्टूबर पूराबाजार से अयोध्या तक रात्रि विश्राम (20 किमी) और 10 अक्टूबर अयोध्या से मिल्कीपुर विधान सभा में समापन एवं समाजवादी पीडीए जनपंचायत होगी।

**अखिलेश ने पर्यावरण रक्षक यात्रा की यात्रा बाधित पर किया तंज :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को पर्यावरण रक्ष की यात्रा को बाधित करने पर तंज करते हुए बयान जारी करते हुए कहा है कि जो लोग शांति से डरते हैं, वो अंदर से डरे हुए लोग होते हैं। भाजपा सरकार पर्यावरण रक्षक व लद्दाख हितैषी सोनम वांगचुक की शांतिपूर्ण दिल्ली यात्रा को बाधित करके कुछ भी हासिल नहीं कर सकती। केंद्र यदि सरहद की आवाज नहीं सुनेगा तो ये उसकी राजनीतिक संवादहीनता कहलाएगी।

## सपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की ओर से मुख्य निर्वाचन आयुक्त उप्र राज्य सहकारी समिति को एक ज्ञापन सौंपकर कासगंज के न्यौली में गन्ना विकास समिति के चुनाव में सत्तापक्ष के दबाव में नियम विरूद्ध व गलत ढंग से किये गये नामांकन की जांच करवाकर कठोर दण्डात्मक कार्रवाई करने की मांग की।

ज्ञापन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त को बताया गया कि जनपद कासगंज के न्यौली में 27 सितम्बर 2024 को गन्ना विकास समिति के चुनाव में भाजपा के दबाव में नियमों के विपरीत गलत ढंग से नामांकन करा दिया गया है, जिससे चुनाव प्रभावित हो रहा है। सपा ने मांग की कि शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर नियमों के विपरीत, गलत ढंग से कराये गये नामांकन को निरस्त कराया जाय तथा दोषी अधिकारी के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाये, जिससे निष्पक्ष, स्वतंत्र निर्भीक चुनाव सम्पन्न हो सके। पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द और राधेश्याम सिंह शामिल थे।

# भाजपा सेवा पखवाड़ा के तहत आज कई जिलों में करेगी संगोष्ठियां

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा मना रही है। भाजपा 2 अक्टूबर को स्वच्छता दिवस के रूप में मनाते हुए सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं तथा सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाएगी और महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों व प्रतिमाओं पर पुष्पार्चन करके नमन करेंगे। इसके साथ ही 2 अक्टूबर को विभिन्न जिलों में डॉ. आर.बालासुब्रमण्यम द्वारा लिखित पुस्तक पावर विदिनः द लीडरशिप लिगेसी ऑफ नरेंद्र मोदी विषय पर आधारित संगोष्ठियों में संवाद किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह सुबह 11 बजे लोकभवन में आयोजित संगोष्ठी में संवाद करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल नोएडा एवं अरुण सिंह वाराणसी में आयोजित संगोष्ठियों में संवाद करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी चित्रकूट में भी संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। संजय राय ने बताया कि सेवा पखवाड़े के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी लखनऊ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज, बृजेश पाठक लखनऊ, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह लखनऊ में स्वच्छता अभियान को गति देंगे। उन्होंने बताया कि स्वच्छता अभियान में बुधवार को प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना वाराणसी महानगर, सूर्य प्रताप शाही अयोध्या महानगर तथा स्वतंत्र देव सिंह, अरविंद कुमार शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, अमरपाल मौर्य, संजय राय, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह राजधानी लखनऊ में अलग-अलग स्थान पर अभियान में सम्मिलित होंगे।

# डेंगू-मलेरिया को हराने के लिए जागरुकता जरूरी : ब्रजेश पाठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जागरुकता जरूरी है। सरकार लगातार संचारी रोगों के खात्मे की दिशा में प्रयास कर रही है। साल में अलग-अलग माह में अभियान चलाया जा रहा है। आज से संचारी रोगों को खत्म करने के लिए टीमें घर-घर जाएंगी। यह अभियान पूरे माह

- डिप्टी सीएम ने संचारी रोग अभियान का किया शुभारंभ, 13 विभागों के समन्वय से संचारी रोगों की होगी रोकथाम
- घर-घर जायेंगे स्वास्थ्य कार्यकर्ता, फागिंग व एंटीलार्वा का नियमित होगा छिड़काव, जागरूकता रैली भी निकाली गई



चलेगा।

यह कहना है डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का। मंगलवार को राजधानी लखनऊ के अलीगंज स्थित सीएचसी में संचारी रोग अभियान के शुभारंभ के अवसर पर डिप्टी सीएम ने कहा कि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, कालाजार समेत दूसरे संचारी रोगों को खत्म करने में पार्षद, सोशल वर्कर व स्थानीय लोगों की अहम भूमिका है। सरकार स्वास्थ्य, नगर निगम, ग्राम विकास, एलडीए, मलेरिया, आवास विकास समेत 13 विभागों के समन्वय से अभियान को सफल बनाने की कवायद कर रही है। इसमें काफी हद तक कामयाबी भी मिली है।

**घर के आसपास पानी न जमा होने दें :** डिप्टी सीएम ने लोगों से अपील की है कि घर के भीतर व बाहर पानी न जमा होने दें। खाली प्लाट आदि में साफ-सफाई रखें। गंदगी न जमा होने दें। कूलर, गमले, टायर आदि में पानी न भरें। इससे काफी हद तक मच्छरों की पैदावार को रोक सकते हैं। घर के आस-पास जमा पानी में जला मोबिल ऑयल या मिट्टी का तेल डाल दें।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार फागिंग होगी। एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जाएगा। सफाई अभियान चलाया जाएगा ताकि संचारी रोगों से लोगों को बचाया जा सके। स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर जांच करेंगे। घरों में पनपे लार्वा को खत्म करने में मदद करेंगे। डेंगू-मलेरिया का मरीज मिलने पर घर के बाकी सदस्य व उसके आस-पास के लोगों की भी जांच कराई जाएगी। डिप्टी सीएम ने कहा कि डेंगू, मलेरिया व दूसरे संचारी रोगों के लिए संवेदनशील इलाकों को चिन्हित किया जाये। इन इलाकों में फागिंग, एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जाये। साफ-सफाई कराई जाये। लोगों को रोगों से बचाव के प्रति जागरुक किया जाये। बुखार आदि के मरीज मिलने पर कैंप लगाकर जांच कराई जाये।

बुखार को नजरअंदाज न करें। तुरंत डॉक्टर की सलाह लें। डिप्टी सीएम ने कहा कि लखनऊ में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, सामुद्रायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन हो रहा है। डॉक्टर की सलाह, जांच और मुफ्त दवा वितरित की जा रही है। इलाज में लापरवाही न बरतें। समय पर जांच व इलाज से बीमारी पूरी तरह से काबू में आ सकती है। डेंगू मरीजों को भर्ती करने के लिए अस्पतालों में पर्याप्त बेड हैं। कार्यक्रम में विधायक डॉ. नीरज बोरा, स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा, सचिव रंजन कुमार, स्वास्थ्य महानिदेशक डा. ब्रजेश राठौर, परिवार कल्याण महानिदेशक डॉ. नरेंद्र अग्रवाल, निदेशक संचारी रोग डॉ. आरपीएस सुमन, कार्यक्रम संचालक डॉ. विकासेंदु अग्रवाल, सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सोमनाथ सिंह व पार्षद डॉ. स्वदेश सिंह मौजूद रहे।

# अनिल दुबे और शिव करन सिंह सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय पर प्रदेश के कोने-कोने से आये हजारों किसानों ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते हुए रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी द्वारा एनडीए में शामिल होकर किसान हितों के लिए

- हजारों किसानों ने की रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के प्रयासों की सराहना

किये जा रहे सार्थक प्रयासों के लिए उनकी सराहना करते हुए उनके हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर किसानों द्वारा रालोद के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक शिव करन सिंह तथा किसानों की आवाज बुलंद करने वाले रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे का फूलमाला अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक व राष्ट्रीय महासचिव शिव करण सिंह ने कहा



कि रालोद किसानों के लिए शुरू से संघर्ष करता चला आ रहा है और अब सरकार में रहकर किसानों के विकास के लिए लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए रालोद के दरवाजे हमेशा खुले हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि रालोद की स्थापना ही किसान हितों को लेकर हुई है और रालोद ने किसान हितों व उनके मान सम्मान व स्वाभिमान के विपरीत न पहले कोई समझौता किया था और न अब करेगा। किसानों के लिए जब भी जरूरत पड़ी तो चैधरी परिवार हमेशा किसान के साथ खड़ा नजर आया। उन्होंने किसानों द्वारा किये स्वागत के लिए कहा कि फूल माला की एक एक पंखुड़ी उनके लिए कर्ज के समान है जिसका वह ऋण कभी चुका नहीं पायेंगे। इस अवसर किसानों के नेता रामचन्द्र सिंह, गजेन्द्र दुबे, अशोक कुमार यादव, जर्नादन गुप्ता, राघवेन्द्र सिंह, विष्णु कुमार मिश्रा, डॉ. वीपी सिंह आदि नेताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सम्बोधित ज्ञापन भी दिया, जिसमें किसानों के समस्त कृषि ऋण माफ करने, गोमती नगर के किसानों की 35 वर्ष पूर्व अधिकृत की गयी भूमि का बकाया मुआवजा दिलाने, हरदोई की ग्राम सभा पुरवा देवरिया की चकबंदी निरस्त करने, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे में पटरी के समानान्तर रोड बनवाने आदि प्रमुख मागें सम्मिलित है।

# फेयरवे टाइगर्स ने इकाना टाइटंस पर हासिल की शानदार जीत

## लखनऊ नाइट गोल्फ लीग 2024 : मैच के दौरान दोनों टीमों ने रोमांचक प्रदर्शन कर दर्शकों को किया उत्साहित






विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ गोल्फ क्लब में आयोजित लखनऊ नाइट गोल्फ लीग 2024 के फाइनल का मंगलवार को भव्य मंच तैयार किया गया, जहां फेयरवे टाइगर्स का सामना इकाना टाइटंस से हुआ, जो इस टूर्नामेंट में असाधारण कौशल और संकल्प का प्रदर्शन करते रहे हैं। समूह चरणों और नॉक-आउट सेमी फाइनल में रोमांचक खेल के बाद इन दोनों टीमों के बीच की टक्कर ने रात के गोल्फ प्रतियोगिता का सर्वोच्च प्रदर्शन प्रस्तुत किया, जिसने पूरे क्षेत्र से प्रशंसकों और समर्थकों को आकर्षित किया। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच लखनऊ नाइट गोल्फ लीग 2024 के फाइनल मैच में फेयरवे टाइगर्स ने इकाना टाइटंस पर शानदार जीत हासिल की।

फाइनल की शुरूआत एक प्रतिस्पर्धात्मक मैच के साथ हुई, जहां फेयरवे टाइगर्स के आरएस नंदा का सामना इकाना टाइटंस के राकेश सेठ से हुआ। एक नजदीकी मुकाबले में राकेश ने 3-2 से जीत हासिल की, जिसने एक रोमांचक शाम के लिए टोन सेट किया। गेम 2 में इकाना टाइटंस के मनोज कुमार शुक्ला ने एक और अंक अपने नाम किया, फेयरवे टाइगर्स के ऋषि खन्ना को 1 अप से हराकर एक थ्रिलिंग मैच जीत लिया। हालांकि, फेयरवे टाइगर्स ने गेम 3 में तेजी से वापसी की, जहां रजनीश सेठी और कप्तान जेपी सिंह सियाल ने इकाना टाइटंस के आशुतोष कुमार और एसके तिवारी के खिलाफ 1 अप की जीत दर्ज की।

जब गेम 4 शुरू हुआ, जिसमें फेयरवे टाइगर्स के प्रभजोत सिंह और सोमेश भारद्वाज का सामना इकाना टाइटंस के अजीत सिंह और सीए पवन कृष्ण अग्रवाल से हुआ। यह मैच ड्रॉ में समाप्त हुआ, जिसमें दोनों जोड़ियों ने आठ होल के बाद सभी स्कोर बराबर किये, जो इस खेल में समान कौशल और संकल्प को दर्शाता है। रात के अंतिम मैच में फेयरवे टाइगर्स के अजीत कुमार दुबे और आनंद कुमार शुक्ला ने महत्वपूर्ण जीत दर्ज की, इकाना टाइटंस के नवीने चारण और कप्तान जवाहर लाल पाल के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की, जिससे फेयरवे टाइगर्स की बढ़त और मजबूत हो गयी। प्लेऑफ ने प्रतियोगिता को और भी तीव्रता दी, जब फेयरवे टाइगर्स के ऋषि खन्ना और प्रभजोत सिंह ने इकाना टाइटंस के अजीत सिंह और राकेश सेठ को 1 अप से हराकर जीत हासिल की। यह फाइनल लखनऊ नाइट गोल्फ लीग 2024 का एक उपयुक्त समापन था, जिसने रात के गोल्फ में सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन किया, जिसमें टीमवर्क और खेल भावना के जश्न का स्वरूप दिखा। फेयरवे टाइगर्स विजयी रहे, लेकिन दोनों टीमों ने टूर्नामेंट के दौरान असाधारण प्रतिभा और दृढ़ता का प्रदर्शन किया, जिससे प्रशंसक इस रोमांचक लीग के अगले सीजन की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# महायोगी गोरखनाथ विवि को अब एमबीबीएस की 100 सीटों की मान्यता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/गोरखपुर।** गोरखपुर में निजी क्षेत्र के पहले विश्वविद्यालय महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम के मेडिकल कॉलेज (श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर) को नेशनल मेडिकल कमीशन से अब एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए 100 सीटों की मान्यता मिल गई है। इसके पहले नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने 50 सीटों की मान्यता दी थी और नीट स्टेट कोटा काउंसिलिंग में अब तक इन सभी सीटों पर प्रवेश हो चुका है। श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की अपील पर जांचोपरांत एनएमसी ने अब एमबीबीएस की मान्यता बढ़ाकर 100 सीटों के लिए कर दी है।

- **नीट स्टेट कोटा की प्रथम काउंसिलिंग में पहले मिली मान्यता की सभी 50 सीटों पर हो चुका है प्रवेश**



यह जानकारी देते हुए श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) अरविंद कुशवाहा ने बताया कि जल्द ही बढ़ी 50 सीटों पर भी प्रवेश प्रक्रिया नीट काउंसिलिंग से शुरू हो जाएगी। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय द्वारा की गई अपील के परीक्षण में एनएमसी ने पाया कि 100 एमबीबीएस सीटों के लिए जरूरी 420 बेड के हॉस्पिटल के सापेक्ष 450 बेड का हॉस्पिटल क्रियाशील है। साथ ही अन्य सभी आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर, फैकल्टी भी मानक के अनुरूप हैं। इसे देखते हुए 30 सितंबर को अपील को इस आदेश के साथ के साथ निस्तारित किया गया कि श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को सत्र 2024-25 के लिए एमबीबीएस की 100 सीटों पर मान्यता प्रदान की जाती है।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय को एमबीबीएस कोर्स संचालन को लेकर यह बड़ी उपलब्धि विश्वविद्यालय स्थापना के मात्र तीन साल में हासिल हुई है। नर्सिंग, पैरामेडिकल, फार्मेसी के तमाम रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के साथ ही यहां गुरु श्री गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के अंतर्गत 2021 से ही बीएएमएस का पाठ्यक्रम संचालित है। एमबीबीएस की मान्यता बढ़कर 100 सीटों पर पहुंचने पर विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने विश्वविद्यालय परिवार एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में यह समूचे पूर्वांचल के युवाओं के लिए बड़ी सौगात है। कुलपति ने बताया कि इस मेडिकल कॉलेज का हॉस्पिटल आने वाले समय में अपग्रेड होकर 1800 बेड का अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हो जाएगा। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा महायोगी गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय में स्थापित यह मेडिकल कॉलेज गोरक्षपीठाधीश्वर एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट भी है। श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अरविंद कुशवाहा के अनुसार पहले वर्ष इस मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 50 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब मान्यता वृद्धि की 50 सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा।

एमबीबीएस की मान्यता बढ़कर 100 सीट हो जाने से न सिर्फ पूर्वांचल के प्रतिभाशाली छात्र-छात्रों को अपने घर के पास गुणवत्तापरक चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध होगी बल्कि गोरखपुर-बस्ती-आजमगढ़ मंडल से लेकर पश्चिमी बिहार और नेपाल की तराई तक के लोगों को अत्याधुनिक सुपरस्पेशलिटी सुविधाओं से लैस चौबीसों घंटे सेवा देने वाला अस्पताल भी मिल जाएगा। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. यूपी सिंह सहित सभी सदस्यों, भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जीएन सिंह आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## जुरासिक पार्क आज से खुलेगा

लखनऊ। जनेश्वर मिश्र पार्क में बनाया गया जुरासिक पार्क बुधवार से सभी लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। पार्क सुबह 10 से रात के 10 बजे तक खुला रहेगा। पार्क का प्रवेश टिकट 120 रुपये रखा गया है। डायनासोर की राइडिंग के लिए 30 रुपये अतिरिक्त देना होगा। जबकि जनेश्वर मिश्र पार्क का टिकट भी 10 रुपये का लेकर ही प्रवेश कर सकेंगे। एलडीए ने पीपीपी मोड पर जनेश्वर मिश्र पार्क में जूरासिक पार्क का निर्माण कराया है। इसमें डायनासोर की विभिन्न प्रजातियों को प्रदर्शित किया गया है। जिनके बारे में जानने के साथ ही उनके माडल भी देख सकते हैं। साउण्ड इफेक्ट के साथ उनका मूवमेंट भी देखा जा सकता है। उनकी राइडिंग भी कर सकते हैं। एलडीए दो अक्टूबर से इसे अधिकारिक रुप से खोल रहा है। इसका टिकट अन्दर जूरासिक पार्क के गेट पर ही मिलेगा। एलडीए वीसी ने बताया कि 12 वर्ष तक के बच्चों का टिकट आधा करने पर अंतिम फैसला लेने के बाद ही लागू किया जाएगा।

## लखनऊ में फोर लेन आउटर रिंग रोड का निर्माण करायेगी योगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार लखनऊ में फोर लेन आउटर रिंग रोड के निर्माण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। सीएम योगी के विजन अनुसार, लखनऊ के रैथा अंडरपास से लेकर पीएम मित्र पार्क (टेक्सटाइल पार्क) तक 14.28 किमी क्षेत्र की सड़क को फोर लेन किया जाएगा।

वहीं, आईआईएम से आउटर रिंग रोड स्थित रैथा अंडरपास के कायाकल्प को भी इस परियोजना के अंतर्गत पूरा किया जाएगा। इस प्रक्रिया में 8.4 किमी तक सड़क का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कर इसे दो लेन का किया जाएगा। फोर लेन व डबल लेन संबंधी इन दोनों प्रक्रियाओं को 139.56 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। योगी सरकार द्वारा इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए धनराशि अवमुक्त करने के साथ ही विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इन कार्यों को लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रमुख अभियंता (विकास) व विभागाध्यक्ष की देखरेख में पूरा किया जाएगा। लखनऊ के रैथा अंडरपास से लेकर पीएम मित्र पार्क तक 14.28 किमी क्षेत्र की सड़क को फोर लेन किए जाने तथा आईआईएम से आउटर रिंग रोड स्थित रैथा अंडरपास के कायाकल्प से कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार होगा। इससे मेगा टेक्सटाइल पार्क के रूप में विकसित किए जा रहे पीएम मित्र पार्क को बड़े स्तर पर कनेक्टिविटी प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त होगा। उल्लेखनीय है कि परियोजना के अंतर्गत मलिहाबाद के अटारी गांव में विकसित किए जा रहे पीएम मित्र पार्क को पीपीपी पार्टनरशिप के जरिए विकसित किया जा रहा है। इस मेगा टेक्सटाइल पार्क की शुरूआत से एक लाख लोगों को रोगजार मिलेगा। पूरे क्षेत्र को कनेक्टिविटी समेत भविष्य की जरूरतों के हिसाब से विकसित किया जा रहा है।

- **सीएम योगी के विजन अनुसार, लखनऊ के रैथा अंडरपास से लेकर पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क तक 14.28 किमी क्षेत्र की सड़क को किया जायेगा फोर लेन**

अटारी गांव एनएच-20 और एसएच-20 से लगभग 20 किलोमीटर दूर है। ये दोनों लखनऊ को सीतापुर व हरदोई से जोड़ने वाली चार लेन की सड़कें हैं। इसके अलावा कनेक्टिविटी के लिए छह लेन वाली 20 किलोमीटर लंबी आउटर रिंग रोड भी है। पार्क के लिए रेल कनेक्टिविटी भी बेहतर है। पार्क के लिए चिह्नित स्थान से मलिहाबाद रेलवे स्टेशन महज 16 किलोमीटर दूर है जबकि लखनऊ रेलवे स्टेशन 40 किलोमीटर की दूरी पर है। इसके अलावा, लखनऊ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पार्क 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसके अतिरिक्त, कानपुर नोड पर समर्पित फ्रेट कॉरिडोर 95 किलोमीटर और अंतदेर्शीय कंटेनर डिपो कानपुर में 111 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।



## ग्रीन कॉरिडोर को मिलेगी रफ्तार, सड़क, पार्क और झीलों का होगा विकास

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष व मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में मंगलवार को अवस्थापना विकास निधि की बैठक हुयी। मण्डलायुक्त कार्यालय स्थित सभागार में हुई बैठक में ग्रीन कॉरिडोर, सड़क, पार्क व जलाशयों आदि के विकास व सुंदरीकरण के कार्यों के लिए 180 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि लगभग 70 करोड़ रुपये से प्रस्तावित ग्रीन कॉरिडोर, जी-20 रोड व सरोजनीनगर क्षेत्र में यातायात सम्बंधी कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अलावा मोतीझील, बटलर झील, विराज खण्ड झील व जानकीपुरम के सेक्टर-ई में जलाशय के विकास एवं सुंदरीकरण के कार्य के लिए 26 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये। इसके अलावा विभिन्न चौराहों के सुंदरीकरण के लिए 6.2 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूरी दी गयी, जिसमें लोक निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य कराये जाएंगे।

# चिनहट, गोमती नगर, आशियाना व बिजनौर में 05 व्यावसायिक निर्माण व 70 रो-हाउस सील

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन टीम ने चिनहट, गोमती नगर, आशियाना व बिजनौर क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान चार स्थानों पर अवैध रूप से बनाये जा रहे लगभग 70 रो-हाउस भवनों व 05 व्यावसायिक निमार्णों को सील किया गया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि कन्हैया कुमार व अन्य की ओर से चिनहट की नंदी विहार कालोनी में लगभग 400 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया गया है। इसी तरह प्रशांत सिंह व अन्य की ओर से नंदी विहार कालोनी में लगभग 700 वर्गमीटर क्षेत्रफल में रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया गया है।

- **सील तोड़कर निर्माण करा रहे भवनों को एलडीए ने फिर किया सील**




वहीं, विनोद कुमार त्रिवेदी व अन्य की ओर से नंदी विहार कालोनी में लगभग 400 वर्गमीटर क्षेत्रफल में रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा अरविंद यादव व अन्य की ओर से चिनहट में मल्हौर रोड पर न्यू एमिटी कैम्पस के पहले लगभग 1000 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया गया था। वहीं, प्रीति वर्मा की ओर से गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में 112.50 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भवन का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे उक्त पाचों निर्माण कार्यों के विरूद्ध विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश पारित किये थे। इसके अलावा मो. तौफीक एवं मो. तौसीफ की ओर से विभूतिखण्ड में भूखण्ड संख्या-बी-98ए व अर्चना वर्मा व अन्य की ओर से विभूतिखण्ड में भूखण्ड संख्या-बी-78 पर अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसे पुनः सील करने के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता विपिन बिहारी राय व सुरेन्द्र द्विवेदी की ओर से पुलिस बल के सहयोग से उक्त अवैध निर्माणों को सील कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि राधे श्याम ओझा व अन्य की ओर से मुख्य बिजनौर से बेस्ट साइड में लगभग 10,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 50 रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था, जिसमें से 35 भवनों का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। इसी तरह हरिहर मिश्रा की ओर से पुराना गुरौड़ा रोड पर माधव मोटर के पीछे लगभग 1000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भवन का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा अजय आहूजा, गौतम आहूजा व अन्य की ओर से आशियाना में कानपुर रोड योजना के सेक्टर-आई में भूखण्ड संख्या-ए-855 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से किये जा रहे निर्माण कार्यों को पूर्व में सील किया गया था। वर्तमान में स्थल पर सील तोड़कर पुनः निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। जिसे अवर अभियंता भरत पाण्डेय व प्रमोद कुमार पाण्डेय की ओर से पुलिस बल के सहयोग से पुनः सील कर दिया गया।

## 10 करोड़ की जमीन खाली करायी

लखनऊ। एलडीए ने मंगलवार को सीतापुर रोड पर एक बार फिर अर्जित जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। अर्जन विभाग की टीम की ओर से की जा रही कार्रवाई का विरोध भी हुआ। कुछ लोग बुलडोजर के सामने आ गए। लेकिन टीम के साथ मौजूद पुलिस ने उन्हें हटा दिया। दूसरे दिन पांच बीघे जमीन को कब्जा मुक्त कराकर 10 करोड़ की जमीन खाली करायी गयी। यहां लोगों ने सीतापुर रोड पर एलडीए की अधिग्रहित जमीन पर कब्जा कर रखा है। कई सालों से यहां व्यवसाय कर रहे थे। एलडीए के दस्ते ने पिछले महीने से ध्वस्तीकरण शुरू कराया था। लेकिन लोगों ने खुद हटाने के लिए एक माह की मोहलत मांगी थी। एलडीए ने एक माह की मोहलत दी। इसके बावजूद लोगों ने अवैध कब्जा नहीं हटाया। एक माह बाद एलडीए ने सोमवार से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शुरू की। पहले दिन 40 करोड़ की जमीन खाली करायी गई। मंगलवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करते हुए पांच बीघे जमीन पर बने कब्जों को तोड़ दिया।

# शारदानगर विस्तार की फाइलें गायब

**लखनऊ।** एलडीए की शारदानगर विस्तार में रिक्त भूखण्डों की फाइलें तलाशी जा रही हैं। हाल में एलडीए उपाध्यक्ष ने यहां का निरीक्षण किया था। उन्होंने यहां के भूखण्डों को नीलामी से बेचने का निर्देश दिया था। निरीक्षण के पांच दिन में अभी तक 170 में से ज्यादातर भूखण्डों के आवंटन की जानकारी अधिकारियों ने दी है। बाकी फाइलों की तलाश की जा रही है। इनके गायब होने की आशंका जतायी जा रही है। शारदानगर विस्तार में पीएम आवास के पास ही करीब 170 भूखण्ड भी सृजित किए गए थे। एलडीए वीसी को निरीक्षण में मौके पर सारे भूखण्ड रिक्त मिले थे। उन्होंने मामले में रिपोर्ट मांगी थी। कितने भूखण्ड आवंटित हैं। कई दिन बीतने के बावजूद वीसी को रिपोर्ट मिलीं न फाइलें। उन्होंने बताया कि फाइलें नहीं मिल रही हैं। जल्द ही इसका समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भूखण्ड खाली हैं उन्हें नीलामी से बेचा जाएगा।

# मोहान रोड योजना में 2 सेक्टरों में विकसित होंगे 967 भूखण्ड, 11 पार्क

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की मोहान रोड योजना में 02 सेक्टरों में 967 भूखण्ड, 11 पार्क होंगे। यहां सेक्टर-6 में कुल 406 भूखण्ड व 07 पार्क विकसित किये जाएंगे। प्रत्येक पार्क 4000 वर्गमीटर के विशाल क्षेत्रफल में फैला होगा। इसके अलावा सेक्टर-7 में कुल 561 भूखण्ड व 04 पार्क नियोजित किये जाएंगे। यहां प्रत्येक पार्क 1200 वर्गमीटर क्षेत्रफल का होगा। इन दोनों सेक्टरों में रोड नेटवर्क तैयार होते ही पार्कों के लिए सिविल व हॉर्टीकल्चर के कार्य शुरू करा दिये जाएंगे। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि

बिजली के खम्भे नहीं दिखेंगे। यहां बिजली की आपूर्ति के लिए भूमिगत केबल बिछाया जाएगा। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को योजना में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि योजना के साथ-साथ ग्रामीण आबादी क्षेत्र में भी सड़क, नाली व सीवर आदि के काम कराये जाने हैं। इसके लिए आबादी क्षेत्र का सर्वे कराकर शीघ्र विकास कार्य शुरू कराया जाए। बताया कि चंडीगढ व पंचकुला की तरह मोहान रोड योजना का विकास ग्रिड पैटर्न पर किया जाएगा। लगभग 785 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की जा रही इस योजना में कुल 08 सेक्टर बनाये जाएंगे, जिसके प्रत्येक सेक्टर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सेक्टोरल शॉपिंग सेंटर, बारात घर और वेन्डिंग जोन का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्थल पर विकास कार्य की शुरूआत करा दी गयी है। जिसके अंतर्गत ग्राम-कलियाखेड़ा व प्यारेपुर की सीमा पर लगभग 01 एकड़ क्षेत्रफल में दो पोटा केबिन स्थापित करते हुए साइट ऑफिस, स्टोर व पार्किंग एरिया बनाया गया है। प्रथम चरण में सेक्टर-6 एवं 7 में सड़क, नाली, सीवर, वॉटर सप्लाई व सर्विस ट्रेंच का विकास कार्य कराया जाएगा, जिसके लिए 50 करोड़ रुपये के टेंडर जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया कि योजना में बिजली आपूर्ति के लिए सड़क व नाली के बीच सर्विस ट्रेंच के नीचे अंडरग्राउंड केबल बिछाये जाएंगे।

**प्रत्येक सेक्टर में पांच श्रेणी के भूखण्ड होंगे :** उपाध्यक्ष ने बताया कि मोहान रोड योजना में पांच श्रेणी के आवासीय भूखण्ड नियोजित किये जाएंगे। इसमें 112.5 वर्गमीटर, 162 वर्गमीटर, 200 वर्गमीटर, 288 वर्गमीटर व 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड होंगे। इसके अलावा ग्रामीण आबादी क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य कराया जाएगा। इसके लिए इसी सप्ताह से आबादी क्षेत्र में सर्वे शुरू कराया जाएगा, जिसके आधार पर नाली, सड़क व सीवर आदि के कार्य कराये जाएंगे। उपाध्यक्ष ने बताया कि स्थल पर परिसम्पत्तियों के मूल्यांकन के लिए सर्वे कराया जा रहा है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# शोहदे ने स्कूटी से जा रही युवती से की अश्लीलता

## हेलमेट पहने बाइक सवार युवक ने युवती का पीछा कर बैड टच करते हुए की छेड़छाड़ और अभद्रता

- अदब के शहर में शोहदों का बेखौफ अंदाज विजनौर पुलिस को मिली तहरीर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शहीद पथ पर बीते दिन देर रात हेलमेट पहने बाइक सवा युवक ने ऑफिस का काम निपटा कर घर लौट रही युवती का पीछा कर बैड टच करते हुए छेड़छाड़ कर अभद्रता की । पीछे आ रहे कार सवार ने घटना का वीडियो बना युवती की मदद करनी चाही तो आरोपी बाइक सवार फर्राटा भरते हुए मौके से भाग निकला । घबराई पीड़िता ने घर पहुंच परिजनों को आपबीती सुनाई और परिजनों संग स्थानीय कोतवाली पीजीआई की एल्डिको चौकी पहुंची ।बाइक संख्या के आधार पर घटना की लिखित शिकायत दी पर पुलिस ने शिकायत दर्ज नहीं की और 2 दिन तक सीमा विवाद में उलझाए रही ।पीजीआई पुलिस ने पल्ला झाड़ते हुए थाना क्षेत्र बिजनौर बताया और बिजनौर पुलिस ने मामला पीजीआई का बताया ।दो दिन बाद बिजनौर पुलिस ने युवती की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया।

**पीछे चल रहे कार चालक ने बनाया घटना का वीडियो :**कानपुर रोड के कृष्णा नगर क्षेत्र एलडीए कॉलोनी की रहने वाली व एक निजी कंपनी में काम करने वाली युवती बीती देर शाम लगभग 10:15 बजे अपने कार्य से संबंधित मीटिंग में शामिल होकर डिनर के पश्चात विभूति खंड स्थित होटल से अपने घर लौट रही थी । उसी दौरान शहीद पथ पर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 32 जीडी 4080 पर सवार हेलमेट पहने एक अज्ञात व्यक्ति युवती की चलती गाड़ी का पीछा करते हुए उसके निकट गाड़ी सटा कर आकर दुर्व्यवहार करने का प्रयास करने लगा ।संदेह होने पर घबराई पीड़िता ने अपनी गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी , लेकिन अज्ञात व्यक्ति ने अपनी गाड़ी की स्पीड बढ़ा कर युवती के निकट आकर युवती की कमर और सीने पर हाथ डालने का प्रयास करते हुए दुष्कर्म का प्रयास करने लगा ।उसी दरम्यान पीछे से आ रहे कार चालक ने घटना का वीडियो बनाते हुए मदद करने का प्रयास किया तो आरोपी व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल की गति बढ़ाकर मौके से फरार हो गया । घटना से भयभीत पीड़िता ने घर पहुंच कर परिजनों को आपबीती बताई ।सोमवार शाम कार सवार युवक द्वारा बनाई गई विडियो के आधार पर पीड़िता ने स्थानीय पीजीआई थाने में लिखित शिकायत दी ।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस 2 दिन तक सीमा विवाद में उलझी रही ।2 दिन बाद बिजनौर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया।इंस्पेक्टर बिजनौर अरविंद कुमार राणा के मुताबिक महिला द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर बाइक सवार की तलाश की जा रही है।

**महिला से छेड़छाड व मारपीट का मुकदमा दर्ज:**मोहनलालगंज गंज के एक गांव में गाय चराने गयी महिलाओं ने मारपीट ,व छेड़छाड़ किये जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को पार्थना पत्र देकर बताया कि वह गांव से बाहर अपनी गायो को चराने गयी थी तभी गांव के ही व्यक्तियो ने मारापीटा व विरोध करने पर छेडछाड़ कर जानमाल की धमकी दी है।प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने बताया कि पीड़ित महिलाओं की की तहरीर पर गांव के ही राहुल ,निखिल व राजू के खिलाफ अलग अलग रिपोर्टदर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।वही पुलिस मामला संदिग्ध बताते हुए जांच कर रही है।

## दुष्कर्म के आरोपी को दस वर्ष की जेल सहित बीस हजार का जुर्माना



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगराम थाने के पैरोकार के अथक प्रयास व प्रभावी पैरवी से न्यायालय में चल रहे दुराचार के मुकदमों में न्यायालय द्वारा दस वर्ष का कारावास सहित अर्थ दण्ड की सजा सुनाई गई है ।

पुलिस महानिदेशक लखनऊ के निर्देश पर चलाए जा रहे आपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराध व अपराधियों पर पर नियंत्रण व अपराधियों को न्यायालय में अधिक से अधिक सजा दिलाए जाने के दृष्टिगत न्यायालय में सघन पैरवी के क्रम में निवर्तमान थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह की विवेचना व थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी के नेतृत्व में स्थानीय थाने के पैरोकार आरक्षी कांबली सिंह यादव के अथक प्रयास व प्रभावी पैरवी से ए डी जे 16 महोदय द्वारा 2012 में दर्ज दुराचार के मुकदमे के आरोपी समेसी का मजरा कलंदर खेड़ा गांव निवासी महेश कुमार को दोषसिद्ध करते हुए दस वर्ष के सश्रम कारावास सहित 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई ।

# सेना की शिकायत को किया अनसुना, अभ्यास हो गया सीमित

- अधिसूचित 13 गांवों में निर्माण के लिए नक्शे पास करने से पूर्व सेना की एनओसी जरूरी

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अयोध्या जनपद के कैंट क्षेत्र में सेना के अभ्यास क्षेत्र से लगे 14 गांवों की जमीनों में हुए निमार्णों के मामले पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि जिला प्रशासन ने सेना की शिकायतों को अनसुना कर दिया और अब वहां वैध या अवैध बहुत सारा निर्माण हो चुका है। वहीं सुनवाई के दौरान न्यायालय के संज्ञान में लाया गया कि उक्त गांवों को अधिसूचित क्षेत्र घोषित किया गया था लेकिन अब तक वहां न सिर्फ छोटे-छोटे निर्माण बल्कि होटल, हाईवे और पॉलीटेक्निक भी बन चुके हैं। वहीं न्यायालय ने उक्त क्षेत्र में निर्माण के लिए नक्शा पास करने से पूर्व सेना की एनओसी को अनिवार्य कर दिया है। साथ ही जिलाधिकारी, अयोध्या से पूछा है कि अधिसूचित गांवों के लोगों को कभी कोई मुआवजा इत्यादि दिया गया अथवा नहीं। न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए मामले को दिसम्बर माह में सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने ह्यप्रोटेक्शन ऑफ डिफेंस लैंड एट अयोध्याह्न शीर्षक से दर्ज सुओ मोटो याचिका पर पारित किया।सुनवायी के दौरान न्यायालय न पाया कि 20 जनवरी 2021 को 14 गांवों को अधिसूचित किया गया ताकि सेना की फायरिंग प्रैक्टिस के कारण किसी जानमाल का नुकसान न हो, बावजूद इसके उक्त क्षेत्र में धड़ल्ले से निर्माण कार्य हुए।

हालांकि 30 मई 2024 को एक गांव माझा जमथरा को अधिसूचना से बाहर कर दिया गया। वहीं न्यायालय के पिछले आदेश के अनुपालन में सेना की ओर से कर्नल नवल जोशी उपस्थित हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि इस क्षेत्र में निर्माण की वजह से सेना की फायरिंग प्रैक्टिस बहुत सीमित हो गयी है, बड़े हथियारों (एरिया वेपन्स) की प्रैक्टिस करने में सेना पूरी तरह से असमर्थ हो चुकी है। वहीं अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येन्द्र सिंह ने कोर्ट के समक्ष स्वीकार किया कि उक्त अधिसूचित क्षेत्र में होटल, हाईवे और पॉलीटेक्निक ऐसे निर्माण कार्य हो चुके हैं। न्यायालय ने कहा कि जिला प्रशासन ने लोगों और यहां तक कि सेना की शिकायतों को पूरी तरह से अनसुना कर दिया।

**सर्वे की प्रगति आख्या मांगी:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अयोध्या रोड पर पॉलीटेक्निक से लेकर इंदिरा कैनाल तक फ्लाई ओवर के प्रस्तावित निर्माण के सम्बन्ध अगली सुनवाई तक सर्वे की प्रगति आख्या तलब की है। मामले की अगली सुनवाई 5 नवम्बर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अवध बार एसोसिएशन की ओर से साल 2017 में दाखिल एक विचाराधीन जनहित याचिका पर पारित किया।

## फर्जी वीजा के सहारे विदेश जा रहे दो युवक हिरासत में

लखनऊ। राजधानी के सरोजनी नगर स्थित चौधरी चरण सिंह अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सोमवार देर रात दो युवको को हिरासत में लिया गया हैं। दोनो युवक जाली वीजा के सहारे सऊदी अरब जाने की फिराक में थे। एयरपोर्ट पर तैनात इमीग्रेशन अधिकारियों ने चेकिंग के दौरान पकड़कर सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया है। सरोजनीनगर पुलिस पकड़े गये दोनो युवकों से पूछतांछ कर जाली वीजा बनाने वाले का पता जानने में जुटी है।

पंजाब प्रान्त के पत्ति फलिया डी तहसील खादुरसाहिब तरन तारन निवासी निशान सिंह व राजविन्दर पाल सिंह भैलधाईवाला खादुर साहिब तरन तारन निवासी मंगलवार को विमान संख्या एसवी 893 से सऊदी अरब जाने के लिए लखनऊ एयरपोर्ट के टर्मिलन-3 पर पहुँचे। इस दौरान इमीग्रेशन काउंटर संख्या डी-20 पर क्लियरेंस के दौरान तैनात इमीग्रेशन अधिकारियों को इन दोनो यात्रियों का वीजा संदिग्ध लगने पर सघनता से जॉच कराई गयी। जिसमें दोनो का वीजा जाली पाया गया। पूछतॉछ करने पर दोनो यात्री वीजा के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सके । दोनो ने बताया कि एजेन्ट के जरिये वीजा बनवाया है। इमीग्रेशन अधिकारियों ने दोनो यात्रियों के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में जाली वीजा लगाकर विदेश यात्रा की कोशिश की तहरीर दी है। थाना प्रभारी राजदेव प्रजापति के मुताबिक इमीग्रेशन अधिकारी मो हनीफ की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। दोनो यात्रियों से वीजा बनाने को लेकर पूछतॉछ की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवती लापता, पति ने दर्ज कराया गुमशुदगी का मुकदमा

लखनऊ। नगराम के देवी खेड़ा गांव निवासी किसान की विवाहिता सोमवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बावजूद कहीं पता नहीं लगने पर लापता के पति द्वारा नगराम थाने पर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया गया है । थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार लापता की तलाश शुरू कर दी गई है । नगराम के देवी खेड़ा गांव निवासी किसान शिव बहादुर द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार उसकी 29 वर्षीय पत्नी साक्षी सोमवार रात करीब नौ बजे संदिग्ध परिस्थितियों में कहीं लापता हो गई। परिजनों के साथ रिश्तेदारियों सहित इधर उधर काफी खोजबीन की गई फिर भी कहीं पता नहीं चल सका है । थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि लापता के पति द्वारा मंगलवार के दिन दी गई तहरीर पर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर गुमशुदा महिला की तलाश की जा रही है ।

## युवक का अपहरण करने का प्रयास, जमकर पीटा

लखनऊ। मामूली बात पर दबंगों ने युवक का अपहरण करने का प्रयास किया जिसके बाद उसकी जमकर पिटाई करदी। बताया जा रहा है कि दबंगों ने उसे कार में डालकर कई घंटे शहर में घुमाया। बाद में जख्मी हालत में उसे सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए। मामला गोमती नगर थाना क्षेत्र के हुसड़िया पेट्रोल पंप का है। पीड़ित युवक ने गोमती नगर कमिश्नर से मामले की शिकायत की है।

जानकारी के अनुसार आकाश सिंह (26) पुत्र प्रदीप सिंह ट्रैवल का काम करते हैं। शनिवार-रविवार रात करीब 12 बजे आकाश अपने दोस्त उद्देश्य, तन्मय और एक अन्य के साथ पेट्रोल भरवाने हुसड़िया स्थित पेट्रोल पंप पर गया था। वहां पर एक लड़के से उसकी बहस हो गई। तभी उसने 8-10 लड़कों को कॉल करके बुला लिया। सभी तीन गाड़ियों से आए और मारपीट करते हुए आकाश को अपनी गाड़ी में लेकर चले गए। गाड़ी को पूरे शहर में 2 घंटे तक घुमाते रहे। इस दौरान उसको डंडे से पीटते रहे, जिससे उसे काफी चोट आई। गाड़ी में ही उसका फोन भी तोड़ दिया ।जबरन गाड़ी में बैठाकर शहर में 2 घंटे तक घुमाते रहे। गाड़ी में डंडों से भी पिटाई की। ओर जबरन गाड़ी में बैठाकर शहर में 2 घंटे तक घुमाते रहे। सड़क पर फेंक कर भागे आकाश का कहना है कि बदमाश पूरे शहर में घूमते रहे लेकिन गाड़ी कहीं नहीं रोकी। पेट्रोल डलवाने के लिए मधुरिमा पेट्रोल पंप आए। तब तक दोस्तों ने पुलिस को सूचना दे दी थी। इसके बाद सड़क पर फेंक कर चले गए। पीड़ित ने बताया कि हम रात को ही गोमती नगर थाने गए। वहां पर पुलिस से शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। बस मेडिकल कराकर भेज दिया गया। दो दिन बीतने के बाद जब मामला दर्ज नहीं हुआ तो कमिश्नर से शिकायत की।

**तारा कान्वेंट गर्ल्स इण्टर कॉलेज, शकरमंडी, जौनपुर**

**आवश्यकता है**

1. प्रधानाचार्य पद हेतु एक अनुभवी एवं योग्य व्यक्ति की जो उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित योग्यता रखता हो। विद्यालय प्रशासन एवं प्रबंधन का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।
2. अभ्यर्थी अपना आवेदन प्रकाशन तिथि से पन्द्रह दिन के अन्दर विद्यालय के पते पर कर सकते हैं।
3. अभ्यर्थी को साक्षात्कार हेतु दिनांक 20.10.2024 को 10.00 बजे अपने शैक्षिक एवं अनुभव के मूल अभिलेखों के साथ उपस्थित होना होगा।

तारा देवी-अध्यक्ष
तारा कान्वेंट गर्ल्स इण्ट कॉलेज, जौनपुर

# अवध बार एसोसिएशन ने अपने सदस्यों को दी चेतावनी

- बीएसपी महासचिव व वरिष्ठ अधिवक्ता एस सी मिश्रा के खिलाफ टेंडर केस में अवमानना संदर्भ भेजने का मामला

विधि संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ स्थित अवध बार एसोसियेशन ने मंगलवार को अपने सदस्य अधिवक्ताओं को चेताया कि यदि कोई अधिवक्ता जस्टिस संगीता चंद्रा की कोर्ट में काम करेगा तो इसे गंभीरता से लिया जायेगा और गुरूवार से उससे सख्ती से निपटा जायेगा। इस बीच बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने जस्टिस संगीता चंद्रा और जस्टिस बी आर सिंह की पीठ में जमकर काम किया और अवध बार के बायकाट के प्रस्ताव को नकार दिया।

अवध बार ने सोमवार को बैठक कर जस्टिस चंद्रा की कोर्ट का बहिश्कार करने का निर्णय लिया था और मंगलवार को पुनः बैठक कर बायकाट के प्रस्तवा को 3 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है ।उधर बार के अधिवक्ताओं को बायकाट के प्रस्ताव पर बंटता देख अवध बार ने सभी सदस्यों को सख्त लहजे में चेताया है ।

गौरतलब हो कि गत 27 सितम्बर को बीएसपी नेता और वरिश्ठ अधिवक्ता एस सी मिश्रा एक टेंडर केस में बहस कर रहे थे और उस केस में स्टे चाह रहे थे किन्तु कोर्ट ने बिना केस के रिकार्ड देखे स्टे देने से मना कर दिया था। कोर्ट ने अपने आदेष में लिखा कि स्टे न मिलने से नाराज मिश्रा ने कोर्ट में अवमाननाजनक षब्दों का प्रयोग किया और कोर्ट की मयार्दा को तार तार कर दिया। इस घटना के बाद पीठ ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को संदर्भ भेजकर मिश्रा के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही चलाने पर निर्णय लेने को कह दिया।

पीठ के आदेश के बाद मिश्रा के समर्थक लामबंद हो गये और यूपी बार कौंसिल , अवध बार एसोसियेषन और इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसियेशन ने प्रस्ताव पारित कर जस्टिस चंद्रा की दूसरे प्रदेष में स्थानांतरण की मांग उठा दी और सीजेआई को पत्र भेज दिया । साथ ही अवध बार ने जस्टिस चंद्रा की कोर्ट का बहिश्कार करने का निर्णय ले लिया । किन्तु अवध बार का प्रस्ताव नकार कर बार के सदस्य दो फाड़ों में बंटते नजर आ रहे हैं।

## चेयरमैन, वाइस चेयरमैन व सदस्यों के पदों के खाली रहने पर हाईकोर्ट सख्त

- कोर्ट ने प्रमुख सचिव विधि / एलआर को तलब कर मांगा स्पष्टीकरण

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्रमुख सचिव विधि / एलआर को 4 अक्टूबर को व्यक्तिगत रूप से तलब कर पूंछा है कि यू पी स्टेट पब्लिक सर्विसेस ट्राइबुनल में काफी लंबे समय से नियुक्तियां क्यों नही की जा रहीं हैं । कोर्ट ने कहा कि ट्राइबुनल महत्वपूर्ण कार्य सम्पादित करते हैं और राज्य सरकार को वहां नियुक्त चेयरमैन, वाइस चेयरमैन और सदस्यों के कार्यकाल की तारीख पहले से पता होती है तो क्यों उनकी नियुक्ति ससमय नहीं की जाती है। कोर्ट ने कहा कि उसने पहले भी 16 मई 2024 को इस संबध में सरकार से जवाब तलब किया था तब कहा गया था कि अर्जियां आमत्रित की गयी हैं और शीघ्र ही नियुक्तियां कर दी जायेगी किन्तु लंबा समय बीत जाने के बाद भी आज तक नियुक्तियां क्यों नही की गयीं। कोर्ट ने एलआर को निर्देश दिया है कि वे स्वयं आकर स्पष्टीकरण दें। यह आदेश जस्टिस राजन राय एवं जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने सतीश चंद्रा की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया है। याचिका में सरकार को निर्देश देने की मांग की गयी है कि ट्राइबुनल में लंबे समय से खाली पड़े चेयरमैन, वाइस चेयरमैन और सदस्यो के पदों को शीघ्र भरा जाये। जब सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि अर्जियां आमंत्रित की गयी हैं और षीघ्र ही पदों को भरा जायेगा तो कोर्ट ने कहा कि वह सरकार के इस जवाब से संतुश्ट नहीं है और एल0 आर0 को तलब कर लिया।

## यूपी एचीवमेंट 2024 अवार्ड से सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र और शिक्षक प्रदीप सम्मानित

**लखनऊ।** मैम ग्रुप फॉउंडेशन की तरफ से लखनऊ में आयोजित 'मैम फेस्ट' में जनपद के पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व और उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा, औरास के शिक्षक डा. प्रदीप कुमार वर्मा को यू पी एचीवमेंट अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मशहूर फिल्म अभिनेता डा.अनिल रस्तोगी ने दरोगा अनूप मिश्र को पर्यावरण संरक्षण व शिक्षक प्रदीप वर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिये यह सम्मान प्रदान करते हुए उनके कार्यों की सराहना की।

लखनऊ के गोमतीनगर स्थित प्रतिष्ठित होटल में मैम फेस्टिव सम्मान समारोह का आयोजन हुआ । जिसमें पर्यावरण, शिक्षा और कला के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले देश व प्रदेश के समाज सेवियों और विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बॉलीवुड अभिनेता अनिल रस्तोगी और मैम ग्रुप की सीईओ फाउंडर जाह्नवी मिश्र ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में ट्री मैन एंड ऑक्सीजन मैन ऑफ यू पी , उन्नाव के सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र अपूर्व और शैक्षणिक क्षेत्र में यूपीएस रामपुर गढ़ौवा के शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा को उत्तर प्रदेश अचीवमेंट 2024 पुरस्कार से सम्मानित किया। जाह्नवी ने कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और कला के क्षेत्र में विभिन्न प्रतिभाओं को बढ़ावा देना बताया। कार्यक्रम में मिस यूपी फलक नाज भी ग्रीन एंड क्लीन उत्तर प्रदेश मुहिम से जुड़ी। अनूप मिश्र अपूर्व और प्रदीप वर्मा ने सभी उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते हुए, 'प्रत्येक व्यक्ति का हो अपना एक पौधा' का संदेश दिया।

# पांच बाल अपचारी समेत दुकानदार गिरफ्तार

- कबाड़ी और मोबाइल दुकानदार बच्चो का गिरोह बना बंद मकानों में करवाते थे चोरी
- भारी मात्रा में लाखो रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और लोहे व स्टील का सामान बरामद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में बीती दिनों एक मकान का ग्रिल तोड़ लाखो रुपए कीमत का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं अन्य सामान चोरी के मामले में दर्ज मुकदमे में पांच बाल अपचारी समेत चोरी का माल खरीदने वाले दो व्यापारियों को गिरफ्तार कर बाल अपचारियों के निशानदेही पर दोनों व्यापारियों के पास से लाखो रुपए का चोरी का माल बरामद कर चोरी का खुलासा किया है ।

पुलिस उपायुक्त पूर्वी शशांक सिंह ने आशियाना क्षेत्र में हुई चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि शारदा नगर रतन खंड निवासी शिशिर शर्मा पुत्र स्व० ओंकार नाथ शर्मा का एक मकान औरंगाबाद जागीर में है जिसमे कई इलेक्ट्रॉनिक महंगे उपकरण एलईडी टीवी , कई कंप्यूटर , दो महंगे कैमरे कई मॉडम आदि सामान चोरी होने के मामले में पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोरो की तलाश किया जा रहा था । मुखबिर की सूचना पर पांच बाल अपचारियों का गिरोह को सेक्टर ओ मानसरोवर योजना कब्रिस्तान के पीछे से हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तो नाबालिकों ने चोरी के जुर्म को स्वीकार करते हुए कबूल किया कि उनलोगो ने चोरी के सामान को कबाड़ी का काम करने वाला लियाकत अली पुत्र कासिम अली निवासी औरंगाबाद खालसा थाना आशियाना व मोबाईल दुकानदार बॉबी रावत पुत्र जमुना रावत निवासी औरंगाबाद खालसा थाना आशियाना लखनऊ को बेचने की बात को स्वीकार किया` जिसपर पुलिस टीम द्वारा दोनों व्यापारियों के यहाँ दबिश दे चोरी का माल बरामद कर दोनों व्यापारियों को गिरफ्तार कर लिया गया` सभी बाल अपचारियों को बाल सुधार गृह भेज दोनों व्यापारियों को जेल भेज दिया है ।

# रिटायर्ड आईएएस अफसर से मोहल्ले के लड़कों ने लूटी थी चेन

## सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज चेक करने के बाद मिली कामयाबी, दो गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी के विकासनगर में रिटायर्ड आईएएस अफसर की चेन मोहल्ले के रहने वाले दो युवकों ने लूटी थी। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में शामिल एक युवक की तलाश की जा रही है। रविवार रात घर के बाहर टहल रहे थे, तभी युवक पैदल आया और गले से चेन लूट कर भाग गया। इस दौरान अफसर को गंभीर चोटें आई थी और वह पीजीआई में अपना इलाज करा रहे हैं। बता दें, विकास नगर इलाके में रहने वाले प्रेम नारायण द्विवेदी रिटायर्ड आईएएस हैं। शुक्रवार शाम करीब 7.30 बजे घर के पास ही टहलने निकले थे। तभी एक अज्ञात व्यक्ति पैदल आया और छीना झपटी करने लगा। जिसका प्रेम नारायण ने विरोध किया तो उन्हें धक्का दे दिया।

**गिरने से कंधे में हुआ फ्रैक्चर:**प्रेम नारायण द्विवेदी जमीन पर गिर गए। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो मौका देखकर लुटेरा चेन लेकर भाग निकला। जमीन पर गिरने से प्रेम नारायण का कंधा फ्रेक्चर हो गया। परिजनों ने पीजीआई अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए इलाके के करीब 350 सीसीटीवी फुटेज चेक किए। जिसके बाद सर्विलांस की मदद से रिटायर्ड कअर के घर से 100 मीटर की दूरी पर किराए पर रहने वाले राजप्रताप सिंह उर्फ छपरी पुत्र योगेश कुमार और इंद्र कुमार उर्फ इन्दल पुत्र सतीश कुमार को मंगलवार सुबह 4.30 बजे मिनी स्टेडियम के पास से गिरफ्तार कर लिया। राजप्रताप के पास से 32 बोर का एक अवैध तमंचा और 1 जिंदा कारतूस मिला है। इंद्र कुमार मोहल्ले के मानवेंद्र सिंह की गाड़ी चलाता है। वहीं पर उसका दोस्त कासिमपुर, गोसाईगंज का रहने वाला सैव्य श्रीवास्तव उर्फ राहुल पुत्र स्वर्गीय प्रताप शंकर श्रीवास्तव आता था। तीनों ने राजप्रताप के घर बैठकर लूट का प्लान बनाया था। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि लूट की चेन उन्होंने बेच दी थी। जिससे मिले हुए 7 हजार 800 रुपए पुलिस ने जब्त कर ली है।

## बैंक कर्मी के घर चोरों ने बोला धावा, उड़ाये जेवरात व नकदी

**लखनऊ।** थाना गुडंबा के आदिल नगर क्षेत्र में बैंक कर्मी के बंद घर का ताला तोड़कर दो चोरों ने 25 हजार की नगदी समेत डेढ़ लाख के जेवर चोरी करके फरार हो गए। चोरों की फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित की तहरीर पर गुडंबा थाने में मुकदमा दर्ज हो गया। गुडंबा थाना प्रभारी नितीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आदिल नगर निवासी सलीमुद्दीन अंसारी केनरा बैंक तंबौर में पोस्टेड हैं। सलीमुद्दीन अंसारी ने बताया कि 30 सितंबर दिन सोमवार को सुबह सात बजे पूरा परिवार घर में ताला लगाकर तंबौर आ गया। 01 अक्टूबर को रात 2:45 दो चोर घर में घुस गए। चोरों ने घर में रखे 25 हजार रुपए नगद और 1.25 लाख के जेवर चोरी कर ले गए। आरोपी चोरी करने के बाद एक्टिवा से फरार हो गए। पीड़ित ने 112 पर सुबह 7:50 पर घटना की सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची गुडंबा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। इंस्पेक्टर गुडंबा ने बताया कि केस दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

# कलाकार को अवार्ड मिले या न मिले, असली जीत नॉमिनेशन है : सुनीता राजवार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** संध्या सूरी की फिल्म 'संतोष' को यूके ने ऑस्कर 2025 के लिए बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म के तौर पर चुना है, जो लापता लेडीज के बाद एक और बड़ी सफलता है। इस फिल्म में शहाना गोस्वामी और सुनीता राजवार मुख्य भूमिका में हैं। बता दें, इस फिल्म का चयन बाफ्टा ने किया है। इस ऑर्गनाइजेशन को यूके की तरफ से एंट्री सबमिट करने के लिए अपॉइंट किया गया है। बात करते हुए सुनीता राजवार ने फिल्म के ऑस्कर के लिए नॉमिनेट होने पर अपनी खुशी जाहिर की।

**जब आपको पता चला कि फिल्म 'संतोष' ऑस्कर के लिए नॉमिनेट हो गई है, तो आपका क्या रिएक्शन था ?**

यह वाकई 'बियॉन्ड ड्रीम्स' वाली बात है। पहले तो कांस फिल्म फेस्टिवल का अनुभव ही बहुत बड़ा था और अब ऑस्कर, तो मैंने ऐसा सोचा ही नहीं था। यह एक अलग ही स्तर का अनुभव है। जब पहली बार मुझे इस बारे में बताया गया, तो मेरे लिए यह सब बहुत रोमांचक था। ये कुछ ऐसा है जो किसी ने सोचा नहीं था। अब जब हम इस मुकाम पर हैं, तो यह सच में खास लग रहा है।

**कंटेंट-बेस्ड फिल्मों को बड़े मंच पर दिखाना कितना महत्वपूर्ण है ?**

जी, बिल्कुल। फिल्में जो कंटेंट के आधार पर बनाई जाती हैं, उन्हें इस प्रकार के प्लेटफार्म का होना बहुत जरूरी है ताकि लोग उन्हें देख सकें। जब लोगों को ऐसी फिल्में देखने का मौका मिलता है, तो इससे लोग नई सोच और कहानियों के लिए ज्यादा खुलते हैं।

अगर किसी के पास एक अच्छा सब्जेक्ट है, तो उसे यह मौका मिलना चाहिए कि वह एक अच्छी फिल्म बना सके। बहुत बार लोग सोचते हैं कि - अरे, ये तो चलेगा नहीं, या फिर उन्हें प्रोड्यूसर्स नहीं मिलते। इस तरह की सोच और चुनौतियां होती हैं। लेकिन अगर इस फिल्म को अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए, तो इससे दूसरों के लिए भी रास्ते खुलते हैं। एक अच्छी फिल्म का प्रोत्साहन मिलने से, दूसरे लोग भी प्रेरित होते हैं कि वे अपनी कहानियां सुनाने का प्रयास करें।

**शूटिंग का अनुभव कैसा था ?**

हमने पूरा एक स्ट्रेच में शूट किया था, लगभग 30-35 दिनों तक। कोई ब्रेक नहीं था। पूरी फिल्म की शूटिंग लखनऊ के आउटकट्स में हुई है। हमारी पूरी टीम में साउंड डिपार्टमेंट, डायरेक्टर, कैमरामैन, सब बाहर के थे। सब अंग्रेज थे और वो बहुत डिसिप्लिन में काम करते थे। ऐसा कभी नहीं हुआ कि 7:00 बजे की शिफ्ट में हम साढ़े 8:00 बजे तक बैठे रहें।

हमने पूरी फिल्म बनाई और जहां-जहां रूरल एरिया में गए, कभी भी साउंड की प्रॉब्लम नहीं आई। काम करने का अनुभव बहुत अलग था। सब कुछ सिस्टेमेटिक था। प्रॉपर रीडिंग हुई, वर्कशॉप हुई और छोटे-छोटे फाइट सीक्वेंस भी थे। पिछले साल अक्टूबर में बारिश हो गई थी, और हमारा पूरा शूटिंग शेड्यूल गड़बड़ हो गया था। लेकिन फिर भी काम बहुत अच्छे से हुआ।

**फिल्म 'लापता लेडीज' भी ऑस्कर के लिए नॉमिनेट हुई है। इस पर आपका क्या कहना है ?**

यह फिल्म इंडियन फिल्मों का एक अच्छा उदाहरण है। जब मैंने सुना कि इस फिल्म को ऑस्कर के लिए चुना गया, तो काफी गर्व महसूस हुआ। खुशी इस बात की थी कि भारत से भी एक फिल्म जा रही है। ऐसे समय में जब हम सभी अपने देश की फिल्मों के लिए खुश होते हैं, तब यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। मेरी दोस्त गीता अग्रवाल भी इसमें हैं और मुझे उसकी सफलता पर गर्व है। आजकल हमारी इंडस्ट्री में कलाकारों के बीच एक पॉजिटिव माहौल है। हम सब एक-दूसरे को सपोर्ट करते हैं। कॉम्पिटिशन तो है, लेकिन ये एक हेल्दी कॉम्पिटिशन है।

**आपके लिए अवार्ड्स कितने मायने रखते हैं ?**

अवार्ड्स मायने रखते हैं, लेकिन मैं हमेशा अपनी दोस्तों से कहती हूं कि नॉमिनेशन ज्यादा जरूरी है। अवार्ड मिलना या न मिलना उस दिन का है, लेकिन नॉमिनेशन मतलब कि आपके काम को नोटिस किया गया है। इससे बड़ी बात कुछ नहीं।

# जैन समाज आज मनायेगा अहिंसा दिवस समारोह

**लखनऊ।** इंदिरा नगर दिगंबर जैन सेवा संस्थान की ओर से जैन मंदिर इंदिरा नगर का वार्षिक उत्सव व अहिंसा दिवस समारोह का आयोजन 2 अक्टूबर दिन बुधवार को अहिंसा उपवन भूतनाथ पार्क इंदिरानगर में धूमधाम से मनाया जाएगा। संस्थान के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत अपरान्ह 12:30 बजे रथ यात्रा से होगी। रथ यात्रा इंदिरानगर जैन मंदिर से शुरू होकर कार्यक्रम स्थल अहिंसा उपवन तक जाएगी। उसके बाद 2:00 बजे से श्री जी का अभिषेक व जयमाल का कार्यक्रम होगा। दोपहर 2:30 बजे से विशाल जनसभा होगी। इस जनसभा में कई विशिष्ट मंत्री गण के आने की संभावना है। अपराह्न 4:00 बजे आचार्य श्री का मंगल प्रवचन होगा।

## आशियाना जैन मन्दिर में सद्भावना दौड़ का आयोजन आज

**लखनऊ।** जैन मिलन आशियाना द्वारा सद्भावना दौड़ का आयोजन 2 अक्टूबर बुधवार को प्रातः 06 बजे स्मृति उपवन से आशियाना जैन मन्दिर तक किया जायेगा। उ.प्र.जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष एवं जैन मिलन आशियाना के संरक्षक डॉ. अभय कुमार जैन ने बताया कि तीर्थंकर महावीर 2550 वें मोक्षकल्याणक वर्ष के अन्तर्गत सद्भावना दौड़ का आयोजन प्रत्येक वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर जैन मिलन, आशियाना द्वारा किया जायेगा। मिलन के अध्यक्ष वीर संजीव जैन और मंत्री अंकित जैन ने बताया कि अंहिसा के अवतार तीर्थंकर महावीर का स्मरण करते हुये अहिंसा प्रेमी बच्चे, बूढ़े, जवान और महिलाएं भाग लेगें। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

# मौसमगंज रामलीला आज से

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी की प्रसिद्ध 145 वर्ष पुरानी श्री मौसमगंज रामलीला एवं नाट्य समिति डालीगंज इस वर्ष की रामलीला का मंचन 2 अक्टूबर से करने जा रही है जो 13 अक्टूबर तक चलेगा। समिति के अध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को रंगमंच पूजन एवं हवन कार्यक्रम के बाद भण्डारे का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि बुधवार दो अक्टूबर को शिव पार्वती संवाद, रावण अत्याचार, राम जन्म लीला से लेकर जानकी जन्म लीला का मंचन रात 9 बजे से होगा। उन्होंने बताया कि इस बार शिवकुमार वर्मा के निर्देशन, राजेश त्रिपाठी के उपनिर्देशन तथा पीयूष कुमार निगम के लीला संचालन में रामलीला का मंचन होगा। उन्होंने बताया कि इस बार रामलीला को और आकर्षक बनाने के लिए काफी बदलाव किए गए हैं। आम जनता के बैठने के लिए उचित व्यवस्था की गई है। महिला व पुरुषों के लिए सोफे व कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इस बार रामलीला मंच विधायक डॉक्टर नीरज बोरा के सहयोग से टीन सेट का भव्य मंच तैयार किया गया है। जिस पर लीला का मंचन सुचारू रूप से हो सकेगा। अध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल ने बताया कि लखनऊ की यह इकलौती रामलीला है जहां पर लीला मंचन के लिए दो स्टेज बनाए जाते हैं एक पर लीला होती है तो दूसरे पर अगले दृश्य की तैयारी चलती है इसी प्रकार पूरी रामलीला संपन्न होती है। उन्होंने बताया कि इस बार मंच 70 फुट चौड़ा और 70 फीट लंबा तैयार किया गया है। इसके अलावा स्टेज की ऊंचाई 27 फीट रहेगी। उन्होंने बताया कि लीला के लिए कई पर्दे व कलाकारों की कई ड्रेसे भी आ चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इस बार की लीला में प्रमुख 5 अक्टूबर को धनुष यज्ञ रावण वाणासुर संवाद और लक्ष्मण परशुराम संवाद की प्रभावशाली लीला का मंचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर को श्री राम राज्याभिषेक, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पुरस्कार वितरण के साथ लीला कार्यक्रम का समापन होगा।

**महानगर रामलीला में माता की चौकी 5 को:** महानगर रामलीला समिति के सभागार में ललित मोहन जोशी जी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई जिसमें आगामी 5 अक्टूबर को तीसरी नवरात्र के अवसर पर माता की चौकी का अयोजन दिन में 3 बजे से देर रात तक होगा जिसमें माता के भजन अलग अलग कलाकारों द्वारा गाए जायेंगे समिति के महासचिव श्री हेम पंत ने बताया इस अवसर पर डॉक्टर विश्वास बर्मा, अवकाशप्राप्त जस्टिस महेंद्र दयाल के द्वारा उनके सुमधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुती होगी। इनके अलावा श्रीमती बिमल पंत, भाषा जोशी, भारती पांडे, पूनम बिष्ट, सरोज खुल्वे, आशा रावत, अरुणा उपाध्याय, ललित भट्ट, हेमा जोशी, भावना लोहानी, दीपा सनवाल भी अपनी सहभागिता कर रही हैं अयोजन की व्यवस्था संयोजक दीपक पांडे दीनू देख रहे हैं।

# सर्वपितृ अमावस्या आज, बन रहे दुर्लभ योग



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पितृपक्ष 2 अक्टूबर तक रहेगा। सर्व पितृ अमावस्या श्राद्ध पक्ष का अंतिम दिन होता है। इस दिन अमावस्या तिथि पर मृत्यु प्राप्त करने वाले परिजनों के साथ ऐसे पूर्वज जिनकी मृत्यु की तिथि ज्ञात नहीं है, उनका भी श्राद्ध होता है। सी दिन पूर्णिमा तिथि पर मृत्यु प्राप्त करने वाले लोगों का महालय श्राद्ध भी होता है। यह दिन पितरों की विदाई का दिन होता है। इसे पितृ विसर्जन अमावस्या के नाम से भी जाना जाता है। इस साल सर्व पितृ अमावस्या 2 अक्टूबर 2024 को है। हिन्दू पंचांग के अनुसार अश्विन मास की अमावस्या पितृ अमावस्या, अश्विन अमावस्या, बड़मावस, दर्श अमावस्या भी कहलाती है। यह अमावस्या पितरों के लिए मोक्षदायनी अमावस्या मानी जाती है। इसलिए पितृ पक्ष में सर्व पितृ अमावस्या को सबसे अधिक महत्वपूर्ण तिथि माना जाता है। इस दिन श्राद्ध पक्ष समाप्त होता है और पितृ लोक से आए हुए पितृजन अपने लोक लौट जाते हैं।

**इन तीन शुभ संयोग में होगा श्राद्ध:** पितृ विसर्जन अमावस्या के दिन ब्राह्मण भोजन और दान आदि से पितृजन तृप्त होते हैं और जाते समय अपने पुत्र, पौत्रों और परिवार को आशीर्वाद देकर लौटते हैं। इस साल सर्वपितृ अमावस्या पर दुर्लभ ब्रह्म योग, सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहे हैं। इन योग में पितरों की पूजा करने से व्यक्ति विशेष पर पूर्वजों की विशेष कृपा बरसेगी। इसके अलावा इस दिन दिन उत्तराफाल्गुनी और हस्त नक्षत्र का शुभ संयोग भी बन रहा है। भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डॉ. अनीष व्यास के अनुसार अश्विन अमावस्या पर दुर्लभ ब्रह्म योग का संयोग है। इस योग का समापन 03 अक्टूबर को देर रात 03:22 बजे होगा। ज्योतिष ब्रह्म योग को शुभ मानते हैं। इस योग में पूजा-उपासना करने से दोगुना फल प्राप्त होता है। इस समय पितरों का तर्पण करने से पूर्वजों की आत्मा को अवश्य शांति मिलती है। सर्वपितृ अमावस्या पर सर्वार्थ सिद्धि योग का भी शुभ संयोग बन रहा है। इस योग का निर्माण दोपहर 12:23 बजे से हो रहा है और सर्वार्थ सिद्धि योग का समापन 03 अक्टूबर को सुबह 06:15 बजे होगा। सर्वार्थ सिद्धि योग में भगवान शिव की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी। इस दिन उत्तराफाल्गुनी और हस्त नक्षत्र का शुभ संयोग बन रहा है।

## साल का दूसरा सूर्य ग्रहण आज, नहीं लगेगा सूतक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विज्ञान की नजर से देखें तो सूर्य ग्रहण एक खगोलीय घटना है लेकिन ज्योतिष शास्त्र और सनातन धर्म में इसका काफी महत्व माना गया है। 2024 की बात करें तो बीती 8 अप्रैल को पहला सूर्य ग्रहण लग चुका और अब जल्द ही दूसरा सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है। ज्योतिष विज्ञान के नजरिए से बात करें तो सूर्य ग्रहण का हर राशि पर अलग-अलग प्रभाव पड़ता है। चलिए जानते हैं कि साल का दूसरा सूर्य ग्रहण कब लगने जा रहा है और इसका सूतक काल कितने समय का रहेगा।

इस साल का यानी 2024 का दूसरा सूर्य ग्रहण 2 अक्टूबर माह में लगने जा रहा है। सूर्य ग्रहण आश्विन माह में आने वाली सर्व पितृ अमावस्या पर लगेगा। पंचांग के अनुसार, अमावस्या के दिन सूर्य ग्रहण रात नौ बजकर 13 मिनट पर लगना शुरू होगा और आधी रात को 3 बजकर 17 मिनट पर समाप्त होगा। सूर्य ग्रहण की कुल अवधि कुल छह घंटे चार मिनट की रहेगी। चूंकि सूर्य ग्रहण रात्रि के समय लग रहा है और इसलिए यह भारत देश में नहीं दिखाई देगा। चूंकि यह भारत में दिखाई नहीं देगा इसलिए सूतक काल भी मान्य नहीं माना जाएगा। आपको बता दें कि दूसरा सूर्य ग्रहण वलयाकार सूर्य ग्रहण यानी रिंग ऑफ फायर कहलाएगा। इस स्थिति में जब चंद्रमा सीधे धरती और सूर्य के बीच से गुजरता है तो वो सूर्य को पूरी तरह से ढक नहीं पाता। हालांकि चंद्रमा सूर्य के अधिकांश भाग को ढक लेता है और ऐसे चंद्रमा के बाहरी किनारे सूर्य की रोशनी से एक चमकदार गोल रिंग दिखने लगती है और इसे ही रिंग ऑफ फायर कहा जाता है।

**कहां-कहां दिखेगा साल का दूसरा सूर्य ग्रहण:** दूसरा सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा लेकिन यह दुनिया के कई देशों में देखा जा सकेगा। दूसरे सूर्य ग्रहण को दक्षिण अमेरिका के उत्तरी भागों में देखा जा सकेगा। इस ग्रहण आर्कटिक, अर्जेंटीना, ब्राजील, पेरू, फिजी, चिली, पेरू, होनोलूलू, ब्यूनो आयर्स, अंटार्कटिका जैसे इलाकों में देखा जा सकेगा। इसके साथ-साथ दक्षिण अमेरिका और प्रशांत महासागर के भी कुछ इलाकों से इसे देखा जा सकेगा।

# सशक्त राष्ट्र के लिए मातृशक्तियों ने किया सुंदरकाण्ड महायज्ञ

- 15 अक्टूबर को अयोध्या में किया जायेगा द्वितीय सामूहिक सुंदरकांड पाठ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ईश्वरीय स्वप्नाशी सेवा समिति की सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुआई में मंगलवार 1 अक्टूबर को कृष्णानगर के उत्तम लॉन में तीन हजार से अधिक मातृशक्तियों द्वारा सुंदरकाण्ड महायज्ञ किया गया। नवरात्र के अवसर पर सुंदरकांड के माध्यम से सशक्त और उन्नत राष्ट्र के लिए प्रार्थना की गई। शारदीय नवरात्र इस साल 3 से 11 अक्टूबर तक होंगे। तीन अक्टूबर को घट की स्थापना की जाएगी जबकि 12 अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाया जाएगा। सपना गोयल के अनुसार नवरात्र का पर्व विश्व को नारी सशक्तिकरण का संदेश देता है। नवरात्र में देवी मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री का पूजन करके भक्तगण शक्ति, सिद्धि, शन्ति, मातृत्व, सफलता, समृद्धि ही नहीं बुराई पर अच्छाई की जीत की भी कामना करते हैं। सुंदरकांड पाठ महा अभियान को भी मातृशक्तियां ही संचालित करके सुंदर राष्ट्र की कामना को साकार कर रही हैं।

सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल के अनुसार भारत वर्ष, देवों द्वारा निर्मित है और भरत की भूमि, ऋषि मुनियों की जन्मस्थली है। ऐसे में वह सतत प्रयास कर रही हैं कि भारत को उसका पुराना वैश्विक गौरव प्राप्त हो और भारत दोबारा विश्वगुरु बने। इसके लिए सबसे पहले जरूरी है कि संकल्पित होकर रोज, सुंदरकांड का पाठ किया जाए। इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि हर मंगलवार और शनिवार को निकट के मंदिर में जाकर सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया जाए।

अयोध्याजी जन्मभूमि परिसर में मातृशक्तियों द्वारा सामूहिक ह्लमासिक सुंदरकाण्ड पाठह्व का सिलसिला 11 सितम्बर से शुरू हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से लखनऊ की ह्लईश्वरीय स्वप्नाशी सेवा समितिह्व की सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल को इसका दायित्व सौंपा गया है। इस क्रम में दूसरा सामूहिक सुंदरकांड का पाठ आगामी 15 अक्टूबर दिन मंगलवार को अयोध्या में जन्मभूमि परिसर में किया जाएगा। इसके साथ ही संकल्प के अनुसार जल्द ही अयोध्याजी में पांच हजार मातृशक्तियों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ का वृहद आयोजन भी किया जाएगा। सपना गोयल द्वारा बिना किसी सरकारी या निजी सहयोग के, बीते 10 मार्च को महिला दिवस के उपलक्ष्य में पांच हजार से अधिक मातृशक्तियों द्वारा लखनऊ के झूलेलाल घाट पर सामूहिक सुंदरकांड का भव्य अनुष्ठान सम्पन्न करवाया गया था। सामूहिक सुंदरकांड का अभियान राष्ट्रीय स्तर पर वृहद रूप में निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसके तहत नैमिषारण्य तीर्थ और उत्तराखंड कोटद्वार के प्रतिष्ठित प्राचीन मंदिर, सिद्धबली परिसर में भी सामूहिक सुंदरकांड पाठ का अनुष्ठान, सफलतापूर्वक आयोजित करवाया जा चुका है। यह अभियान देश ही नहीं विदेशों तक में संचालित किया जा रहा है।

# श्री रामलीला समिति ऐशबाग का रामोत्सव कल से होगा शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्री रामलीला समिति ऐशबाग के तुलसी सभागार में सम्पन हुयी प्रेसवार्ता में समिति के अध्यक्ष हरीश चंद्र अग्रवाल ने बताया की रामोत्सव 2024 का आयोजन 3 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक रामलीला समिति ऐशबाग के प्रागंण में आयोजित किया जायेगा।

अध्यक्ष हरीश चंद्र अग्रवाल ने बताया की रामोत्सव -2024 का शुभारम्भ प्रातः काल गणेश पूजन के साथ होगा तत्पश्चात रामलीला में अभिनय करने वाले कलाकारों का पूजन किया जायेगा जिसमे राम जी भरत जी लक्ष्मण जी शत्रुघन जी सीता जी एवं हनुमान जी का अभिनय करने वाले कलाकारों का पूजन होगा उसके बाद दोपहर 3 बजे से सुन्दरकाण्ड का पाठ प्रारम्भ होगा जिसका समापन सांयकाल 6 बजे होगा। रामलीला का मंचन प्रारम्भ होने के पहले प्रतिदिन सांयकाल 7:30 बजे देवताओ का आबाहन स्तुति पाठ से किया जायेगा तत्पश्चात भजनो पर नृत्य डांस एकेडमी द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा जिसका समापन 8 बजे होगा सांयकाल 8 बजे से कलाकारों द्वारा भजन नृत्य प्रस्तुत किये जायेंगे तत्पश्चात सांयकाल 8:30 बजे से रामलीला मंचन का मंचन प्रारम्भ होगा जो रात्रि 11:30 बजे तक चलेगा।

रामलीला मंचन को अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत करने का शुभारम्भ सोलहवीं शताब्दी से पूर्व संत गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा इसी रामलीला मैदान से प्रारम्भ किया गया था। श्री रामलीला समिति ऐशबाग उसी परम्परा को निरन्तर प्रतिवर्ष आधुनिक माध्यमो एवं संसाधनो का उपयोग करते हुए प्रस्तुत करती चली जा रही है। रामोत्सव 2024 में इस वर्ष दशहरा पर्व दिनांक 12 अक्टूबर 2024 दिन शनिवार को आयोजित होगा जिसमे रावण वध की लीला के पश्चात भव्य आतिशबाजी एवं पुतला दहन होगा दिनाक 13 अक्टूबर 2024 दिन रविवार को मंच पर भगवान श्री राम अयोध्या वापस आयेंगे तत्पश्चात भरत जी से मिलने के उपरान्त श्री राम का भव्य राज्याभिषेक का आयोजन किया जायेगा उसके बाद प्रसाद वितरण होगा दिनांक 14 अक्टूबर 2024 दिन सोमवार को सांयकाल 6 बजे रामलीला परिसर से राजाराम चन्द्र जी अपने पूरे मंत्रीमण्डल एवं बन्धु बन्धुओ साथ नगर दर्शन यात्रा पर निकलेंगे। जिसका समापन धर्मध्वजी मन्दिर यहियागंज वर्मा स्टाप पर होगा। प्रतिवर्ष वनवासी रामजी शोभा यात्रा में निकलते थे परन्तु इस वर्ष राजाराम चन्द्र जी नगर दर्शन यात्रा पर निकलेंगे।

# नैनो वाले ने...जैसे गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा

राष्ट्रीय पुस्तक मेला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)







**लखनऊ।** सबसे निचले तबके को केन्द्र में रखकर नये मानवीय और समतामूलक समाज बनाने के जिस मकसद से दलित साहित्य आज भी रचा जा रहा है। बलरामपुर गार्डन में चल रहे इक्कीसवें राष्ट्रीय पुस्तक मेले में इस दलित साहित्य की धमक साफ दिखायी दे रही है। मेले के कई स्टालों में बौद्ध और दलित साहित्य उपलब्ध है। कल के आयोजन में स्टार्टअप लिट फेस्ट विशेष होगा।

मेले के साहित्यिक मंच पर बोधरस प्रकाशन की ओर से अमित तिवारी की किताब बंकू और श्वेता उपाध्याय की पुस्तक कविता सी लड़की और निबंध सा लड़का का विमोचन लेखक आशुतोष सिंह ने किया। मंजूषा परिषद की ओर से डा.अमिता दुबे की अध्यक्षता व कुमार तरल के संचालन में सारस्वत सम्मान समारोह चला। समारोह में प्रो.हरिशंकर मिश्र को डा.सरला शुक्ला स्मृति सम्मान और अलका प्रमोद को मानस मंजूषा सम्मान से नवाजा गया। इस मौके पर डा.मंजू शुक्ला की पुस्तक जन्मे हैं रघुबर अवध मां का विमोचन विजयकुमार त्रिपाठी, अपूर्वा अवस्थी की उपस्थिति में हुआ। संग्रह के गीत भी गाये गये। इसी क्रम में अभिव्यक्ति संस्था द्वारा इस वर्ष प्रकाशित रचनाकारों के साझा कथा संकलन अमृत मंथन का विमोचन डा.अमिता दुबे, शारदा लाल, ज्योत्सना सिंह, मंजू शुक्ला आदि रचनाकारों की मौजूदगी में किया गया। इससे वसुन्धरा फाउण्डेशन की ओर से राकेश श्रीवास्तव के संयोजन में महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री भारत के दो पुरोधा विषय पर गोष्ठी और का आयोजन पद्मश्री डा. विद्या विन्दु सिंह की अध्यक्षता में हुआ। समारोह में अखिलेश श्रीवास्तव चमन, आनन्दवर्धन सिंह, कवि नरेश सक्सेना, पत्रकार सुधीर मिश्रा ने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर इंडियन बैंक के उपमहाप्रबंधक श्यामशंकर ने विभिन्न विद्यालयों में फाउण्डेशन द्वारा करायी गयी प्रतियोगिताओं के बच्चों को पुरस्कृत किया। गांधी जयंती की पूर्व वेला पर ही प्रकाशन विभाग की ओर से सुशांत के संयोजन में मेला परिसर में तहत गदाधर अभ्युदय प्रकल्प रामकृष्ण मठ के 32 बच्चों ने स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई का संदेश दिया। ज्योति किरन के संयोजन में एमडीए डांस एकेडमी की आस्था, माही, मीनाक्षी, शिखा, पायल, मोनी मिश्रा और नितिन ने नैनो वाले ने..... जैसे गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। शाम को विजन केअर की ओर से उद्यमिता के अवसर विषय पर आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने विचार रखे।

**लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश**

कुप्रशासन | **प्रदेश को भ्रष्टाचार/कुप्रशासन मुक्त बनाने हेतु जनता से अपील** | भ्रष्टाचार

उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त लोक सेवक यथा माननीय मंत्रीगण/विधायकगण, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष व अन्य अधिकारी, जिला पंचायत/क्षेत्र पंचायत तथा अन्य पंचायत के अध्यक्ष/अन्य अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा वित्त पोषित समस्त इकाईयाँ/संस्थान/प्राधिकरण, सोसाइटियों व परिषदों आदि से संबधित भ्रष्टाचार/कदाचार/कुप्रशासन तथा सेवानिवृत्तिक देयकों से संबंधित शिकायतों की जॉच हेतु निम्न पते पर सम्पर्क करें–

पता:– टी0सी0–46/वी–1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 अथवा पोस्ट बाक्स नम्बर–172, जी0पी0ओ0, लखनऊ, फैक्स नं0– (0522) 2306647
फोन नं0: (0522) 2306717, 2306160 (पी0बी0 एक्स),
Web site - www.lokayukta.up.nic.in, E-mail :- lokayukta@hotmail.com

सचिव, लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

संक्षेप

## गांधी और शास्त्री की जयंती की पूर्व संध्या पर हुआ कार्यक्रम

**भटनी(देवरिया)।** राजा देवी महिला पी जी कालेज सल्लहपुर भटनी मे राष्ट्रपिता महात्मा गान्धी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के जयन्ती के पूर्व सन्ध्या पर प्राचार्य डाँ अमित कुमार राय की अध्यक्षता मे सांस्कृतिक कार्यक्रम व विचार गोष्ठी का आयोजन कर दोनो विभुतियों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए युग पुरुष बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि आजादी के आन्दोलन मे जहाँ महात्मा गान्धी सत्य अहिंसा का मार्ग अपना कर पूरे देश को एकता के सूत्र मे बाँधने कार्य किया वही पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जय जवान जय किसान का नारा के अलावे पूरे देश के लोगो को खाद्यान की कमी को पुरा करने के लिए, सप्ताह मे एक दिन उपवास कर खाद्यान की पूर्ति का सन्देश दिया महात्मा गान्धी ने स्वराज स्वदेशी स्वालम्बन नशा मुक्ति स्वच्छ भारत आत्मनिर्भर भारत को बनाने पर विशेष बल दिया । कार्यक्रम को डाँ नन्दकिशोर तिवारी सुमित पाठक डाँ पूनीता मिश्रा श्रवण पाण्डेय व राजेश कुमार सत्यप्रकाश उपाध्याय ने भी अपना विचार व्यक्त किया ।कार्यक्रम मे अनुज पाण्डेय डाँ महेश यादव संतोष तिवारी कुमारी दिव्या मनोज राय विकास कुमार शाह व शैलेन्द्र यादव के अलावे कालेज की छात्राएं उपस्थित रही ।

# समूह ‘ग’ के 47 और समूह ‘घ’ के 36 कर्मचारी होंगे समायोजित



विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम के 83 कर्मियों को खाद्य एवं रसद विभाग में बाडी शार्पिंग के आधार पर समायोजित किया जाएगा। इसमें समूह ‘ग’ के 47 और समूह ‘घ’ के 36 कर्मचारी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ। उत्तर प्रदेश राज्य खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम लिमिटेड में कुल 126 कर्मचारी कार्यरत हैं। कंपनी एक्ट 1956 के तहत 22 अक्तूबर 1974 को इसकी स्थापना की गई थी।

उत्तर प्रदेश राज्य खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम लिमिटेड द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना में भारतीय खाद्य निगम और राज्य भंडारागार निगम के गोदामों से राशन उठान कर अपने गोदामों से राशन का काम किया जाता था। इससे निगम को मार्जिन मनी प्राप्त होती थी। प्रदेश में सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी योजना लागू किए जाने से बाद सीधे दुकानों पर राशन भेजने की व्यवस्था शुरू की गई है। इससे निगम के गोदामों की जरूरत नहीं रह गई। इससे निगम की आय में दो सालों में भारी गिरावट आई है और नुकसान भी हो रहा है। निगम अपनी आय पर इन कर्मियों को वेतन दे पाने की स्थिति में नहीं है। इसके साथ ही कर्मियों के लगातार सेवानिवृत्त होने व आकस्मिक निधन से निगम में अधिकांश समूह ‘ग’ (सेल्समैन) और समूह ‘घ’ (चतुर्थ श्रेणी) के कर्मचारी ही बचे हैं। इसीलिए इन कर्मियों को दूसरे विभागों में समायोजित करने की जरूरत को देखते हुए यह फैसला किया गया है।

# 10 लाख सूक्ष्म इकाइयां खोलने के लिए अनुदान देगी सरकार

विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** राज्य सरकार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में 10 सालों में 10 लाख सूक्ष्म इकाइयों की स्थापना कराएगी। हर साल एक लाख ऐसी इकाइयां खोलकर युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ। पहले चरण में पांच लाख रुपये तक की इकाई लगाने वालों को अनुदान दिया जाएगा। प्रदेश में अर्थ.व्यवस्था में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों का महत्वपूर्ण योगदान है। कृषि क्षेत्र के बाद सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग सर्वाधिक रोजगार प्रदान करता है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान मिशन मोड पर चलाया जाएगा। जिलों में जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र केंद्रीय एजेंसी होगा। इससे गांवों से लेकर शहरों तक रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। इसके लिए कक्षा आठ पास वाले पात्र होंगे। इंटरमीडिएट और इसके समकक्ष वालों को वरीयता दी जाएगी। आवेदन के लिए सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजनाएं जैसे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण टूल किट योजना, अनुसूचित जाति, जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना, उत्तर प्रदेश स्किल डवलपमेंट मिशन द्वारा संचालित कौशल उन्नयन आदि में प्रशिक्षण प्राप्त वाले पात्र होंगे। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त विद्यालय व शैक्षिक संस्था से कौशल संबंधी कोर्स, डिप्लोमा या डिग्री वाले भी पात्र होंगे। अधिकतम पांच लाख रुपये की परियोजना पर अनुदान दिया जाएगा। पांच लाख से अधिक 10 लाख रुपये तक की इकाइयों के लिए लाभार्थी को अपने स्रोत से पैसे का इंतजाम करना होगा। इस पर कोई अनुदान नहीं दिया जाएगा। सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को परियोजना का 15 प्रतिशत, ओबीसी 12.5 प्रतिशत, एससी, एसटी और दिव्यांगजन लाभार्थियों को 10 प्रतिशत अंशदान जमा करना होगा। आर्थिक रूप से पिछड़े बुंदेलखंड और पूर्वांचल क्षेत्र के साथ आकांक्षात्मक जिलों चित्रकूट, चंदौली, सोनभद्र, फतेहपुर, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती, बहराइच के लाभार्थियों को भी 10 प्रतिशत अंशदान जमा करना होगा। परियोजना की लागत या अधिकतम पांच लाख के ऋण पर शत-प्रतिशत ब्याज अनुदान चार सालों के लिए दिया जाएगा।

## 75 जिलों में एक-एक फोरेंसिक मोबाइल वैन होगी उपलब्ध

**लखनऊ।** पुलिस को पहले से ज्यादा आधुनिक बनाने के लिए उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में एक-एक फोरेंसिक मोबाइल वैन उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए ही 75 फोरेंसिक मोबाइल वैन खरीदने की स्वीकृत कैबिनेट में दे दी गई है। जिलों में अपराधिक वारदातें होने पर मोबाइल वैन कई बार दूसरे जिलों से मंगाई जाती थी। अपराधियों को सजा दिलाने के लिए साक्ष्यों की अहम भूमिका होती है। इसके लिए घटना के तुरंत बाद साक्ष्य लेना जरूरी हो जाता है। कई बार फोरेंसिक वैन न होने की वजह से ऐसा नहीं हो पाता था। इसलिए ही यह प्रस्ताव तैयार हुआ था। यूपी-112 के लिए 380 नए वाहन गृह विभाग के एक और प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। इस प्रस्ताव में यूपी-112 के खराब हो चुके वाहनों के स्थान पर नए चौपहिया वाहन खरीदने की बात थी। मंगलवार को निष्प्रयोज्य वाहन के स्थान पर 380 नए चौपहिया वाहनों को खरीदने की स्वीकृति दे दी गई है। ये वाहन महिन्द्रा स्कार्पियो क्लासिक के होंगे। यूपी-112 कन्ट्रोल रूम का रिस्पांस टाइम करने के लिए लगातार वाहनों की जरूरत बनी हुई थी। कुछ जिलों में वाहन भेजने की मांग आ रही थी। कई वाहन बेकार हो गए थे। इनके स्थान पर ही नए वाहन खरीदने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया था।

## गांधी के सपने को मोदी कर रहे साकार : शशांक मणि



**देवरिया ।** शहर के बस स्टैंड पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया ।सदर सांसद शशांक मणि ने भाजपा कार्यकताओं के साथ बस स्टेशन परिसर में झाड़ू लगाया तथा वृक्षारोपण भी किया । उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ने स्वच्छता के लिए दुनिया के सबसे बड़े जन-आंदोलन को जन्म दिया है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करना इस मिशन की एक प्रमुख सफलता रही। यह एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है जिसका उद्देश्य गलियों, सड़कों तथा अधोसंरचना को साफ-सुथरा करना और कूड़ा साफ रखना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने देश को दासता से मुक्त कराया, परन्तु स्वच्छ भारत का उनका सपना पूरा नहीं हुआ। महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने सम्बन्धी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट सन्देश दिया था। स्वच्छ भारत अभियान के संदेश ने लोगों के अंदर उत्तरदायित्व की एक अनुभूति जगा दी है। अब जबकि प्रधानमंत्री के आह्वान पर नागरिक पूरे देश में स्वच्छता के कामों में सक्रिय रूप से सम्मिलित हो रहे हैं, महात्मा गांधी द्वारा देखा गया स्वच्छ भारत का सपना अब साकार होने लगा है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री ने अपनी बातों और अपने कामों से स्वच्छ भारत के संदेश को लोगों का प्रयोग करके पूरे भारत और पूरी दुनिया में फैला दिया है। इस दौरान नपा अध्यक्ष अलका सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय उपाध्याय, जिला मंत्री डा हेमंत मिश्रा, संजय तिवारी, अमरनाथ सिंह व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## सुंदरीकरण के बाद और बदसूरत हो गयी नपं मथौली

**कुशीनगर।** नगर पंचायतों में सुंदरीकरण व पथ प्रकाश की व्यवस्था से लैस करने के लिए सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर नगर को सुंदर बनाने का कार्य रही है, लेकिन रख रखाव के अभाव में यहां घास व झखाड़ उग गए है और अतिक्रमण फैल गया है, लेकिन नगर के जिम्मेदार इस पर ध्यान नही दे रहे है, जिससे ये परियोजना अतिक्रमण का शिकार हो गया है। बता दें कि नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 12 सरदार भगत सिंह नगर में हाटाझकप्तानगंज मार्ग पर हनुमान मंदिर चौराहे व्यापारिक क्षेत्र का सुंदरीकरण एवं पथ प्रकाश के लिए मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत 37,57,294 रुपए की लागत से कार्य कराया गया है। सूत्रों के मुताबिक निर्माण कार्य में मानक की अनदेखी कर केवल प्लाजा बालू डालकर इंटरलॉकिंग किया है। इसकी शिकायत मिलने पर चेयरमैन ने जेई के साथ मौके से पहुंचकर इंटरलॉकिंग को उजाड़ कर देखा तो मानक के विपरित मिला, लेकिन कार्यवाई जस की तश बनी रही। इतना ही नही उक्त सुंदरीकरण के देखभाल के अभाव में इंटरलॉकिंग किए गए जग पर बड़े बड़े घांस व झखाड़ उग गए है।

# बंद पड़े या फिर सिंगल स्क्रीन वाले सिनेमाघरों के लिए फिर आयी नीति

**लखनऊ।** राज्य सरकार प्रदेश में बंद पड़े या फिर सिंगल स्क्रीन वाले सिनेमाघरों को तोड़कर सिनेमा घर के साथ व्यावसायिक कांप्लेक्स और मल्टीप्लेक्स बनाने को बढ़ावा देने के लिए पांच साल के लिए फिर से नीति लेकर आई है। इसे बनाने वालों को एसजीएसटी में 100 से लेकर 50 फीसदी तक अनुदान स्वरूप छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ। प्रदेश में वर्ष 2017 में इस तरह की नीति सरकार लेकर आई थी, जो मार्च 2020 में समाप्त हो गई है। इसलिए जरूरतों को ध्यान में रखते हुए फिर से नीति लाई गई है। सिनेमाघर या मल्टीप्लेक्स द्वारा राजकोष में जमा की गई एसजीएसटी से प्रस्तावित अनुदान दिया जाएगा, जिससे राज्य सरकार के ऊपर कोई अतिरिक्त भार नहीं आएगा। योजना जारी होने की तिथि से पांच साल के अंदर बंद या संचालित सिनेमाघर को तोड़कर व्यावसायिक कांप्लेक्स और आधुनिक सिनेमाघर के निर्माण पर तीन साल तक सौ फीसदी एसजीएसटी माफ होगा। इसके अगले दो सालों तक यह 75 फीसदी माफ होगा। इसी तरह चल रहे सिनेमा हाल की आंतरिक संरचना में बदलाव कर पुनः चलाने या स्क्रीन की संख्या में वृद्धि पर तीन साल का 75 और अगले दो सालों तक 50 फीसदी एसजीएसटी माफ होगा। बंद एकल सिनेमाघरों को बिना किसी आंतरिक संरचना में बदलाव करने उसी स्थिति में पुनः चालू करने पर तीन साल तक 50 फीसदी एसजीएसटी माफ होगा। इसके लिए 31 मार्च 2025 तक डीएम से लाइसेंस प्राप्त करना होगा। व्यावसायिक गतिविधियों के साथ न्यूनतम 75 सीट एकल स्क्रीन सिनेमाघर के निर्माण पर तीन साल 100 और आगामी दो साल 50 फीसदी एसजीएसटी माफ होगा।जिन जिलों में एक भी मल्टीप्लेक्स नहीं हैं, वहां इसे खुलवाने पर पांच साल एसजीएसटी माफ होगा। जहां मल्टीप्लेक्स चल रहा है, वहां नए के निर्माण पर तीन साल एसजीएसटी माफ होगा और दो साल 50 फीसदी देना होगा। सिनेमाघर या मल्टीप्लेक्स के उच्चीकरण के लिए निवेश की गई वास्तविक धनराशि का 50 एसजीएसटी माफ होगा।

# 1 से 31 तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान



**देवरिया।** संचारी रोगों से बचाव के लिए आज विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत की गई है। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने विकास भवन के गांधी सभागार में सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाकर व जागरूकता वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सभागार में मौजूद ग्राम प्रधानों को अपने गांव में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम और चर्चा करने के लिए एक पत्र सौंपा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जल-जनित बीमारियों व संचारी रोगों के खिलाफ लोगों को जागरूक करना है। आमजन से अपील की गई कि वह अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में जलभराव न होने दें और मच्छरों के पनपने से रोकथाम के लिए उपाय करें।

डीएम ने कहा 1 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले दस्तक अभियान के तहत गांव-गांव और मोहल्लों में लोगों को जागरूक किया जाएगा। संचारी रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, कालाजार, टीबी और दिमागी बुखार पर प्रहार करने का यही सही समय है। डीएम ने लोगों से अपील की कि वे घरों के आसपास जलभराव को रोकें, पानी भरे हुए स्थानों पर मिट्टी डालें और मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। ग्राम स्तर पर लोगों को जागरूक करें और नालियों में जल प्रवाह को अवरोधित न होने दें। जहां पानी जमा हो, वहां एंटी लार्वा, डीजल व मिट्टी के तेल का छिड़काव सुनिश्चित करें। उन्होंने जोर देकर कहा बीमारियों से बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि गांवों और शहरों में सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुनिश्चित करें कि बीमार बच्चों का तत्काल इलाज हो और उन्हें सरकारी अस्पतालों में ले जाया जाए। इस अभियान के जरिए जनमानस को जल-जनित बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक करने के साथ ही इन बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। इस अभियान से उम्मीद है कि जिले में संचारी रोगों का प्रसार कम होगा और लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। एसीएमओ आरसीएच डॉ सुरेंद्र कुमार, नोडल अधिकारी वेक्टर बार्न डिजिज डॉ हरेंद्र कुमार, अर्बन नोडल अधिकारी डॉ आरपी यादव, और सीफार संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत छात्र/छात्राओं का प्रतियोगिता के लिए किया गया चयन

**देवरिया।** विकासखण्ड भलुअनी के 51 परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 153 छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत बच्चों में जिज्ञासा आधारित विकास एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की समझ को विकसित करने के लिए विकास खण्ड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के प्रारम्भिक चरण के अन्तिम परिणाम के उपरान्त रैण्डम आधार पर 05 समूहों में प्रति समूह 05 छात्र/छात्राओं को अन्तिम प्रतियोगिता हेतु चयन किया गया । अन्तिम प्रतियोगिता के परिणाम स्वरूप जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किये जाने हेतु विकासखण्ड स्तर से अन्तिम रूप से 05 छात्राओं का चयन किया गया। जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के लिए 05 छात्राए कमशः जान्हवी तिवारी, श्रीति सिंह (उच्च प्राथमिक विद्यालय चकरा भार्गव), रिया कुशवाहा, सौम्या पटेल (उच्च प्राथमिक विद्यालय शेरवाब भनौली) व निशा गुप्ता (उच्च प्राथमिक विद्यालय खिरसर) अन्तिम रूप से चयनित हुए। अन्तिम रूप से चयनित 05 छात्राओं को उत्कृष्टता प्रमाण पत्र एवं मोमेण्टों आदि देकर सम्मानित करते हुए अन्तिम चरण हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी भलुअनी द्वारा शुभकामनाए दी गयी। कार्यक्रम में ब्लाक स्तरीय नोडल दिनेश सिंह (एआरपी विज्ञान), आशुतोष कुमार मिश्र (एआरपी) एवं विज्ञान विषय के शिक्षिक शिक्षिकाए कमशः संजय सिंह, अनीता यादव, कविता त्रिपाठी, धनेश कुमार, सीताराम, धीमान्शू सिंह, मनीष कुमार सिंह, संजू यादव, शिवानन्द यादव, जयनाथ यादव, ओमप्रकाश कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। आयोजन के सफल संचालन हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी भलुअनी सूरज कुमार नोडल एआरपी व समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को धन्यवाद ज्ञापित कियें।

## विज्ञान गणित प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**भटनी (देवरिया)।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत भटनी क्षेत्र में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान-गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार यादव रहें। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 150 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान और गणित के प्रति रुचि पैदा करना और उनकी सोच को प्रोत्साहित करना था। इस प्रतियोगिता में विशाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि राज कुशवाहा द्वितीय, आकाश भारती तृतीय, सुनील कुमार चतुर्थ और संजना चौहान को पांचवां स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप 5 बच्चों को टीएलएम (शिक्षण अधिगम सामग्री) के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाने के दृष्टिगत हुई बैठक



**कुशीनगर।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 अक्टूबर, 2024 को गांधी जयंती समारोह सम्मान पूर्वक मनाने के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी (वि/रा) वैभव मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई, जिसके अंतर्गत 2 अक्टूबर को मनाये जाने वाले संपूर्ण कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा से समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा की भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन को नई दिशा और नई गति देने में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी का अतुलनीय योगदान है। सत्याग्रह तथा सविनय अवज्ञा आन्दोलन के माध्यम से उन्होंने सभी वर्गों में आजादी की लौ को प्रज्वलित किया। राजनैतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक समरसता के माध्यम से महात्मा गांधी ने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोकर सशक्त राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म दिवस 02 अक्टूबर हमारे देश के उन अनेक ज्ञात व अज्ञात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं क्रान्तिकारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का बेहतर अवसर है, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की बलिवेदी पर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। यह दिन हम सबको राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के आदर्शों, सि?द्धान्तों व उनके स?द्विचारों को अपनाने के साथ ही उनके पदचिन्हों पर चलने का सुअवसर प्रदान करता है।

उन्होंने कहा की पूर्व की भांति इस वर्ष भी 02 अक्टूबर, 2024 को 155वें गांधी जयन्ती समारोह को सम्मानपूर्वक आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर प्रस्तावित कार्यक्रमों की एक रूपरेखा के अंतर्गत सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेंगे। सभी कार्यालयों, विद्यालयों और दूसरी संस्थाओं के किसी बड़े कक्ष या हाल में किसी वरिष्ठ अधिकारी, प्रधानाचार्य या अध्यक्ष ?द्वारा प्रातः 9:00 बजे महात्मा गांधी जी के चित्र का अनावरण व माल्यार्पण किया जायेगा और उसके बाद गांधी जी के जीवन संघर्ष, उनकी देश-सेवा, उनके जीवन- मूल्यों पर प्रकाश डाला जायेगा। विशेष रूप से निर्बलों एवं कमजोरों के कल्याण सम्बन्धी ₹अन्त्योदय₹ की उनकी अवधारणा, भावनात्मक एकता, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के सम्बन्ध में उनके विचारों का संक्षेप में परिचय दिया जाये। स्कूलों और कालेजों में गांधीवादी जीवन-दृष्टि का प्रचार तथा गांधी जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विद्यार्थियों की वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं गोष्ठी आयोजित की जाएगी, जिसमें जातिगत भेद-भाव से ऊपर उठकर समाज में समता और समरसता लाने पर बल दिया जायेगा। मानवाधिकारों की सुरक्षा तथा निर्बलों के उत्पीड़न को समाप्त करने और सामाजिक न्याय की अवधारणा एवं उसकी आवश्यकता की पूर्ति हेतु शासन की प्रतिबद्धता से जन-साधारण को अवगत कराया जायेगा। महिलाओं की उन्नति के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी द्वारा बताये गये मार्ग का अनुकरण करने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, दहेज प्रथा की समाप्ति तथा महिलाओं को आर्थिक- सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देने और सामाजिक चेतना पैदा करने के लिए महिला सशक्तीकरण के उद्देश्य से जन-सामान्य, विशेषकर छात्र छात्राओं, महिलाओं को जागरूक किया जायेगा। प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, महिला हेल्प लाइन, निराश्रित महिला पेंशन, मिशन शक्ति, आदि से सभी को अवगत कराया जायेगा। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य, डीआईओएस श्री रविंद्र, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्रवण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकार उमेश भट्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, क्रीड़ा अधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, खादी ग्राम उद्योग अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आयुर्वेद चिकित्सकों को अपने बोर्ड में पैथी व रजिस्ट्रेशन नंबर का उल्लेख करना अनिवार्य

देवरिया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा० विशाल चौधरी ने आयुर्वेद कार्यालय जनपद देवरिया द्वारा पंजीकृत सभी चिकित्सको को अवगत कराया है कि वे अपने बोर्ड में पैथी एवं रजिस्ट्रेशन नं० का उल्लेख एवं रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट क्लीनिक में डिस्प्ले करें, साथ ही शासनादेशानुसार चिकित्सकीय कार्य तथा शासनादेश में उल्लिखित एलोपैथिक दवाईयों का उपयोग विषम/प्राथमिक/आपातकालिन परिस्थितियों के अनुसार किया जाये। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय द्वारा पंजीकृत बीएएमएस/बीयूएमएस चिकित्सक द्वारा अपने चिकित्सकीय स्थल पर अपने बोर्ड तथा रोगी पर्चे पर आयुर्वेद/यूनानी चिकित्सक तथा चिकित्सा पद्धति अंकित किया जाएगा। पंजीकृत आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सक के द्वारा बहुधा एलोपैथिक दवाओं एवं इन्जेक्शन्स आदि के प्रयोग एवं साईड इफेक्ट के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होती रहती है। कई बार जनमानस को यह स्पष्ट नहीं हो पाता है कि चिकित्सक किस पद्धति में पंजीकृत है।

# हत्या के अभियोग में वांछित 4 अभियुक्त गिरफ्तार, चार लाठियां बरामद

**अमेठी ।** घटना का संक्षिप्त विवरण वादिनी मुकदमा द्वारा थाना जामो पर लिखित सूचनी दी गयी कि सोमवार को विपक्षी सोनू पुत्र जगन्नाथ, संजय पुत्र जगन्नाथ, . संदीप पुत्र उदय राज, . राज कुमार पुत्र राम सेवक, अन्नू पुत्र उदय राज, विकास पुत्र राज कुमार व 7. उनके घर की महिलाये नि०गण पूरे मंगल बरेहटी थाना जामों जनपद अमेठी द्वारा उनके भाई रामगोपाल को लाठी डन्डों से मारा पीटा गया था जिससे घायल राम गोपाल उपरोक्त को गंभीर चोटे आयी थी ।उक्त के संबन्ध में थाना जामो पर मुअसं- 253/2024 धारा 191(2), 191(3), 115(2), 117(2), 352, 351(2), 109 बीएनएस बनाम 1. सोनू पुत्र जगन्नाथ, संजय पुत्र जगन्नाथ, संदीप पुत्र उदय राज, राज कुमार पुत्र राम सेवक, . अन्नू पुत्र उदय राज, . विकास पुत्र राज कुमार, व उनके घर की महिलाये नि०गण पूरे मंगल बरेहटी थाना जामों जनपद अमेठी पंजीकृत किया गया है ।घायल रामगोपाल उपरोक्त की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी । पुलिस अधीक्षक अमेठी महोदय द्वारा अभियोग उपरोक्त को सुसंगत धाराओं में तरमीम करने व नामजद आरोपीगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा निर्देश दिये गये थे । जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को विनोद कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक जामो मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर 253/2024 धारा 191(2), 191(3), 115(2), 117(2), 352, 351(2), 103(1) बीएनएस थाना जामो जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्तगण 1.सोनू पुत्र जगन्नाथ उम्र करीब 32 वर्ष 2. राजकुमार पुत्र रामसेवक उम्र करीब 46 वर्ष 3.विकास पुत्र राजकुमार उम्र करीब 19 वर्ष निवासीगण पूरे मगंल बरेहटी थाना जामो जनपद अमेठी 4. तन्नुराम पुत्र उदयराज निवासी ग्राम भनौली थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी हाल पता ग्राम पूरे मगंल बरेहटी थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 18 वर्ष को धर्मगतपुर कादूनाला रोड के पास से समय करीब 12:40 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण की निशानदेही पर आलाकत्ल 4 बांस की लाठी बरामद हुआ। बरामदगी के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर अभियुक्तगण ने बताया कि बरामद 4 बांस की लाठी से सोमवार को रामगोपाल की बाग में सुअर बाड़ा के पास रामगोपाल को मारा पीटा था जिनकी बाद में मृत्यु हो गयी । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है ।

# बीएसएनएल दिवस पर बच्चे हुए परस्कृत



**देवरिया ।** पिछले दिनों बीएसएनएल फाईबर द्वारा स्मार्ट लर्निंग को बढ़ावा देने के लिए आयोजित स्केचिंग, पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को आज बीएसएनएल दिवस पर प्रशस्ति पत्र, शील्ड व पाठ्य किट देकर विभागीय अधिकारियों द्वारा परस्कृत किया गया ।सदर विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय बगहां मठिया में गत 28 सितम्बर को विभाग आयोजित प्रतियोगिता में 5 से 10 वर्ष आयुवर्ग के 37 छात्र, छात्राओं ने भाग लिया था । आज बीएसएनएल दिवस पर ओएहेड अनुज श्रीवास्तव, एसडीओ राजीव सिंह, प्रबंधक एमटी प्रणव सिंह के हाथों प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाली खुशी शर्मा द्वितीय-दिशा कुमारी और तृतीय -सोमा शर्मा को प्रशस्ति पत्र ,शील्ड व पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को भी सांत्वना पुरस्कार दिया गया । पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे । मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सूचना क्रांति के इस दौर में बच्चों में प्रारम्भ से ही स्मार्ट लर्निंग के प्रति रुझान पैदा करने के लिये विभाग द्वारा बीएसएनएल दिवस पर विद्यालयों में प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। उन्होंने अध्यापकों से भारत फाईबर स्मार्ट लर्निंग के बारे में बच्चों में अभिरुचि पैदा करने की अपील भी की ।आयोजित समारोह में एसडीओ गणेश ,जेटीओ राजेश चंद्रा के अतिरिक्त प्रधानध्यापक श्यामदेव यादव ,सअ अनिल कुमार राय, स्वाति सिंह ,राहुल सिंह, रजनीकांत तिवारी, विनीत तिवारी, शाहजहां बेगम ,सुमन चौहान मु जाकिर समेत तमाम अभिभावक व ग्रामीण मौजूद थे। बीएसएनएल अधिकारियों ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिये विद्यालय परिवार के प्रति धन्यवाद व बच्चों के उज्वल भविष्य की शुभकामना व्यक्त किया ।

## रैली के माध्यम से स्वच्छता जन-जागरण अभियान का हुआ समापन



**कुशीनगर।** प्रकृति इन्टरनेशनल स्कूल द्वारा विगत एक सप्ताह से चलाये जा रहे स्वच्छता जन-जागरण अभियान का समापन रैली के माध्यम से किया गया। विद्यार्थियों की रैली का शुभारंभ समाजसेविका एवं विद्यालय की प्रबन्धिका श्रीमती सोनल श्रीवास्तव एवं प्राचार्य श्री रविकान्त पटेल द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। रैली स्वच्छ भारत, एक भारत, स्वच्छता ही सेवा है, गंदगी जानलेवा है जैसे प्रेरक स्लोगन को साथ तिनहवा बाजार, खोठ्ठा, लोहझार, मिश्रौली, कोटवा एवं महुली होते हुये विद्यालय आकर समाप्त हुई। रैली के माध्यम से ग्रामीण जन को स्वच्छता के फायदों से अवगत कराते हुये अपने आस पास के परिवेश को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने की अपील की गयी। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया, जिसमें गन्दगी के कारण होने वाली असाध्य बिमारियों को दिखाते हुये सफाई के महत्व को बताया गया। रैली एवं नुक्कड़ नाटक को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षको सर्वश्री राहुल गुप्त, अभिमन्यु सिंह, शरद श्रीवास्तव, बबली सिंह, आयुषि ओरिलाल, सुमित रमन आदि का सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

संक्षेप

## पेशी पर आये आरोपी की गिरकर मौत

सीतापुर। घर से न्यायालय में पेशी पर आये एक आरोपी की संदिग्ध हालात में गिरकर मौत हो गई। आरोपी घर से अपनी पत्नी के साथ पेशी पर आया था। पत्नी ने बताया कि पानी मांगने के दौरान ही अचानक गिरे और मौत हो गई। न्यायालय परिसर से एम्बुलेंस की मदद से आरोपी को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर सिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कार्रवाई से इंकार करते हुए शव को अपने साथ लेकर रवाना हो गए। बताते चले कि मामला कोतवाली नगर इलाके का है। यहां अपनी पत्नी के साथ पेशी पर आए आरोपी की अचानक मौत हो गई। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र का दारानगर निवासी नरेश पुत्र हेमराज अपनी पत्नी मायावती के साथ पेशी पर आया था। पत्नी ने बताया कि चोरी के मामले में पेशी थी। ऐसे में दोनों कचहरी आए थे। अचानक मायावती के 50 वर्षीय पति नरेश की हालत बिगड़ गई। बेहोश होता देख परिसर में हड़कंप मच गया। एंबुलेंस से नरेश को जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई मौत की सूचना मिलने पर पहुंची। पुलिस ने नरेश की पत्नी मायावती से जानकारी ली। परिजनो ने शव की पोस्टमार्टम कार्रवाई से इंकार करते हुए शव को लेकर अपने साथ लहरपुर रवाना हो गए।

## नाबालिग से गैंगरेप में दो को सजा

सीतापुर। वर्ष 2021 में पीड़ित के घर में घुसकर उसकी 15 वर्षीय पुत्री के साथ अभियुक्तगण वीरेन्द्र व हारुन ने बलात्कार किया था। दुष्कर्म करने के साथ हारुन द्वारा फोन में वीडियों बनाया था। इसके सम्बन्ध में थाना नैमिषारण्य में 3.7.2021 को वीरेन्द्र पुत्र लालता प्रसाद व हारुन पुत्र अहमद रसूल निवासीगण ग्राम दहेलरा थाना नैमिषारण्य के खिलाफ नैमिषारण्य थाना में केस दर्ज किया था। इसी मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 14 ने साथियों को देखने गवाही वह दोनों पक्षों के वकीलों की बहस सुनने के बाद वीरेंद्र और हारुन को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने दोनों दोषियों को 20-20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। वही न्यायाधीश ने दोनों पर 15-15 हजार रुपए के अर्थदंड की भी सजा सुनाई है।

## सभासदों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

महोली/सीतापुर। एसडीएम महोली को महोली नगर पंचायत के सभासदों ने तहसील पहुंचकर विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में कहा गया है की पूर्व अध्यक्ष द्वारा नगर पंचायत कार्यों में दखलंदाजी की जाती है। वहीं मनमाने तरीके से कार्य योजना बनाकर काम किया जाता है। आरोप लगाया है कि बोर्ड मीटिंग में सुभाष चारण द्वारा जो प्रस्ताव दिए जाते हैं। कार्य योजना उसके अनुसार नहीं बनाई जाती। वार्ड गौतम बुद्ध नगर में खलिहान की जमीन पर तालाब का प्रस्ताव करवा कर जेसीबी द्वारा खुदवाया गया। उसकी जांच की जाए। वही उनके परिवार के लोगों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कंपनियों के माध्यम से ही खरीद स्वरूप हुआ अन्य काम होते हैं। समित बनवाने के लिए बोर्ड में प्रस्ताव किया गया, लेकिन आज तक नहीं बनी। पार्किंग वसूली स्थगित होने के बावजूद भी करवाई जा रही है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से सभासद रेखा बाजपेई, अनुज दिक्षित, भगवती प्रसाद, सुनील कुमार, अरविंद कुमार, वीरपाल, मोहम्मद राजू, कपिल कुमार व सभासद प्रतिनिधि मनोज सिंह, अरविंद बाजपेई, प्रवीण शुक्ला, जानकी प्रसाद सहित अन्य सभासद मौजूद रहे।

## दुष्कर्म मामले में वांछित युवक गिरफ्तार

पुरवा, उन्नाव। दुष्कर्म के मामले में वांछित युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। मंगलवार को कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली जब दुष्कर्म के प्रकरण में वांछित अभियुक्त को पकड़ा। कोतवाली पुलिस के कस्बा इंचार्ज सियाराम चैरसिया एवं कांस्टेबल हर्ष अहलावत की टीम ने मंगलवार की सुबह मौरावां मार्ग पर स्थित निसार फायर वर्क्स से अभियुक्त इरफान पुत्र निसार उम्र लगभग 21 वर्ष निवासी मोहल्ला तोपखाना कस्बा व थाना पुरवा को गिरफ्तार किया और विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। आपको बता दें कि नवागत पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस लगातार अपराधियों पर लगाम लगाने का प्रयास कर रही है।

# श्री अन्न का उपभोग करना चाहती है पूरी दुनिया: राकेश



सीतापुर। जनपद में श्री अन्नों के आच्छादन तथा उत्पादन को बढ़ाये जाने के लिये कृषकों को श्री अन्न उगाने हेतु प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से उ0प्र0 मिलेटस पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत एक दिवसीय मिलेटस गोष्ठी का आयोजन मंगलवार को कृषि भवन खैराबाद के परिसर में किया गया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में फसलों के अवशेष जलाने से हो रहे नुकसान के सम्बन्ध में जागरूकता के प्रसार हेतु फसल अवशेष प्रबन्धन जागरूकता वाहनों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विकास राज्मंत्री राकेश राठौर गुरू द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता वाहन जनपद के सभी विकास खण्डों में घूम-घूमकर फसल अवशेषों को जलाने से सम्बन्धित होने वाली हानियों के विषय में प्रचार-प्रसार करेंगे। मिलेटस गोष्ठी कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में पधारे कृषि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के विषय में कृषकों को जानकारी प्रदान की गयी। मिलेटस रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम के तहत व्यंजन विकास प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी जिसमें जनपद से कुल 16 प्रतिभागियों द्वारा मिलेटस के विभिन्न जैसे बाजरे की खिचडी, कोदो की खीर, रागी के लडडू, बाजरे की पकौड़ी आदि तैयार कर निर्णायक मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किया गया। व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम पुरूस्कार ओजोन फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी द्वितीय पुरूस्कार कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया तथा तृतीय पुरूस्कार राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं को प्रदान किया गया। अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरूस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा किसानों से श्री अन्नों की खेती के क्षेत्र में आगे आने की अपील की गयी। उन्होने बताया कि श्री अन्न- हमारी ऐतिहासिक धरोहर है, जिसकी खेती हमारे पूर्वज सदियों से करते आये हैं। आज पूरा विश्व श्री अन्नों का उपभोग करना चाहता है किन्तु अल्प उपज एवं कम आच्छादन के कारण इसकी पर्याप्त आपूर्ति नहीं की जा पा रही है। श्री अन्नों के पोषक गुणों तथा औषधिक महत्व के चलते वर्तमान तथा आने वाले समय में श्री अन्नों की मांग निश्चित रूप से बढ़ने वाली है।

## कारागार राज्य मंत्री ने किया प्रतियोगिता का शुभारम्भ



सीतापुर। मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में जनपदीय बेसिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही के द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तदोपरान्त विभाग का ध्वज फहराकर प्रतिभागियों के मार्च पास्ट की सलामी ली। प्रतियोगिता की मशाल जलाकर व गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारम्भ किया गया। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

विगत दिवसों से चल रही कबड्डीए योगए खो.खोए एवं एथलेटिक्स की प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को जिलाधिकारी अभिषेक आन्नद के द्वारा समापन अवसर पर पुरस्कृत किया गया। उनके समक्ष प्रस्तुत व्यायाम एवं योग की उनके द्वारा मुक्तकंठ से प्रशंसा की गयी। सभी प्रतियोगिताओं के अंको के आधार पर विकास खण्ड परसेण्डी ने प्रथम एवं बिसवां ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें जिलाधिकारी द्वारा शील्ड प्रदान की गयी। अन्त में ध्वज अवतरण एवं राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिता का समापन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह प्रतियोगिता के उद्घाटन से समापन तक अपना निर्देशन प्रदान करते रहे। प्रतियोगिता का संयोजन जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा एवं लौंग श्री यादव द्वारा किया गया। निर्णायक के रूप में प्रमोद दीक्षित मो० जुनेद, राजकुमार मौर्य, चन्द्रभूषण शकील अहमद, जुल्फिकार, शैलेन्द्र राठौर, रजनीश, धीरेन्द्र, सन्तोष, देश दीपक, आशीष, पंकज, अजीत आदि ने योगदान दिया। व्यवस्था के रूप में प्रदीप तिवारी, मो० खालिद, प्रदीप वर्मा, अंकिता, पुनीत शुक्ला, शिवम, आदर्श, अभय ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

## भारत में विकास की अपार संभावनाएं



सीतापुर। मंगलवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में सेक्रेड हार्ट इंटर कॉलेज के पुरा छात्रों के संगठन ओशा (ओल्ड सेक्रेड हार्टियंस एसोसिएशन) द्वारा सेक्रेड हार्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल, के सभागार में सत्र 2023-24 के कक्षा 10 एवं 12 के मेधावी छा।

कार्यक्रम के दौरान हाईस्कूल की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं सर्वज्ञ कुमार यादव, अतिशय श्रीवास्तव, नविका श्रीवास्तव, श्रती पाण्डेय, सोहम शुक्ला, अद्या बाजपेयी, मोहन प्रताप सिंह, रिद्धी द्विवेदी, अद्या पाण्डेय एवं उनके अभिभावकों का प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार इण्टरमीडिएट के छात्रध्छात्राओं देव केजरीवाल, एश्वर्य किशोर, श्रेया बाजपेयी, अक्षत सिन्हा, सौम्या गुप्ता, अक्षय श्रीवास्तव, व्यापक महावर, अराध्या भार्गव एवं उनके अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सभी छात्रध्छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को अर्जित की गयी सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुये कहा कि यह सभी के लिये बहुत ही गौरव का पल है। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत एक विकासशील देश है और यहां प्रत्येक क्षेत्र में विकास की बहुत अधिक संभावनाएं हैं। उन्होंने सभी छात्रछात्राओं को लक्ष्य निर्धारित करने एवं उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये अनवरत कठिन परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय द्वारा लम्बे समय से छात्र छात्राओं को दी जा रही बेहतर शिक्षा हेतु प्रशंसा करते हुये कहा कि यह जनपद के सबसे पुराने विद्यालयों में से एक है तथा स्थापना से अब तक निरन्तर अच्छा प्रदर्शन किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है, जहां विकास की अपार सम्भावनाएं हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी छात्र छात्राएं भारत को नई ऊंचाई पर ले जाने हेतु कठिन परिश्रम करते रहेंगे। सरकार एवं प्रशासन द्वारा हर सम्भव मदद का आश्वासन देते हुये जिलाधिकारी ने सभी छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर क्लौडीयस डी अलमेदा ने ओल्ड सेक्रेट हार्टियंस एसोशिएशन की ओर से सभी को शुभकामनाएं देते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने सभी छात्रध्छात्राओं को कड़ी मेहनत के लिये प्रेरित करते हुये शिक्षा में 3 डी डेडीकेशन, डिटरमिनेशन एवं डिवोशन के विषय में विस्तारपूर्वक बताया तथा 3 डी को अपनाकर सफलता के नए आयाम अर्जित करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अपनी रूचि के अनुसार जो भी आप करना चाहते हैं, उसके लिये लक्ष्य निर्धारित कर पूर्ण मनायोग, समर्पण एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ अनवरत उसे प्राप्त करने के लिये कड़ी मेहनत करें।

## जमीनी विवाद में पिता-पुत्र ने लाठी से पीटकर किसान की ली जान

सफीपुर, उन्नाव। जमीन को लेकर उपजे विवाद में पिता पुत्रो ने लाठी डंडों से एक व्यक्ति की जमकर पिटाई कर मरणासन्न कर दिया। बचाने गयी पत्नी और पुत्र को भी पीटकर घायल कर दिया। सभी घायलो को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर घायल किसान को जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी पिता पुत्र को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त लाठी कब्जे में ली।

कोतवाली क्षेत्र कटियामऊ गांव निवासी रामकुमार सविता और पड़ोस में रहने वाले रामस्वरूप रावत के बीच घर के सामने ग्राम समाज की भूमि पर पशु बांधने को लेकर दो गज जमीन के लिए पिछले पांच वर्ष से विवाद चला आ रहा है। ग्राम प्रधान ने पिछले वर्ष इस मामले में हसक्षेप करते हुए दोनो पक्षो की बैठक कर समझौता कराकर सीमांकन कर परिधि तय कर दी थी। लेकिन दोनो के बीच मनमुटाव बना रहा और आए दिन कहासुनी होती रही। रामकुमार पुत्र रामशंकर मंगलवार सुबह जब पशु बांधने गया तो एक बार फिर रामस्वरूप ने विरोध जताया। इसी को लेकर दोनो के बीच कहासुनी होने लगी और स्थित मारपीट में बदल गयी। इसी बीच रामस्वरुप के दोनो पुत्र शिवपाल व शिवम भी आ धमके और लाठी डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। शोर सुनकर रामकुमार की पत्नी अनिता पुत्र साहिल उसे बचाने दौड़े तो उनकी पिटाई कर दी गयी। लहूलुहान रामकुमार को सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसकी नाजुक हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। तीन पुत्र साहिल 18, हंस 9 रियांश 5 साल का रो रो कर बुरा हाल है। साहिल की तहरीर पर पुलिस ने रामस्वरुप उसके पुत्र शिवपाल व शिवम के विरुद्ध केश दर्ज कर रामस्वरुप व शिवपाल को हिरासत में लेकर हत्या में प्रयुक्त लाठी डंडे कब्जे में कर लिया। इंस्पेक्टर शायम नारायण सिंह ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पूर्व मंत्री के जन्मदिन पर बांटे फल



सीतापुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्य सभा सदस्य उत्तर प्रदेश सरकार में कई बार महत्व पूर्ण विभागों में मंत्री थे नरेश अग्रवाल के जन्म दिवस पर जिला अस्पताल सीतापुर में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता मनोज मिश्रा ने मरीजों में फल वितरित किये। उनके स्वस्थ प्रसन्न चित्त रहने तथा लंबी उम्र की कामना ईश्वर से की। इस अवसर पर जागेश शुक्ला, कमलेश सिंह, प्रांशु दीक्षित, शिवा, प्रदीप वर्मा, अनिल राजपूत, राममूर्ति राजपूत, वीरेंद्र शुक्ला, योगेश राजपूत आदि मौजूद रहे।

## नवरात्रि के दूसरे दिन से शुरू होगी रामलीला



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। शारदीय नवरात्र प्रारम्भ होने के साथ ही क्षेत्र में विजय दशहरा पर्व पर होने वाली रामलीलाओं का दौर शुरू हो जायेगा। राम लीलाओं की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। शाम होते ही कलाकारों द्वारा रिहर्सल प्रारम्भ हो जाता है।

कलाकारों को उनके पाठ में होने वाली कमियों को दूर करने में पुराने पात्र मदद कर रहे हैं। फतेहपुर चौरासी में नवरात्र के दूसरे दिन से द्विवेदी बन्धुओं की रामलीला प्रारम्भ हो जायेगी जो विजयदशमी तक चलेगी विजयदशमी से बाजपेई परिवार की रघुवंश रामलीला प्रारम्भ हो जायेगी। जिसका समापन कार्तिक मास की प्रतिपदा तिथि को राजगद्दी के साथ होगा। इसी बीच कस्बा ऊगू में सार्वजनिक रामलीला भी शुरू हो जायेगी। ऊगू की रामलीला कमेटी के अवधेश दीक्षित ने बताया कि रामलीला के सभी पात्र अपनी तैयारी में जुटे हैं। यहां जनक का अभिनय करने वाले सूर्यप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि उन्हें अभिनय करते समय एक पुत्री के पिता होने और उसकी जिम्मेदारी का अहसास होता है। राम का अभिनय करने वाले ऐश तिवारी ने कहा कि वे अपने जीवन में राम की तरह मयार्दा में रहना सीख रहे हैं जिससे वह समाज को अपनी मयार्दा में रहने की एक दिशा दे सकें। लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले शुभ दीक्षित का कहना है कि अभिनय करते समय वह अपने भाई के प्रति कर्तव्यों को जीवन्त रूप से निभाने का अनुभव करते हैं। परशुराम का अभिनय करने वाले आदर्श दीक्षित ने कहा कि वैसे वह सीधे व शान्त स्वभाव के है। लेकिन अभिनय करते समय उन्हें अहसास होता है कि कोई अदृश्य शक्ति उन्हें क्रोधित करती हुई अभिनय में वास्तविकता ले आती है। इसी तरह रावण का अभिनय करने वाले विवेक दीक्षित तथा बाणासुर का किरदार निभाने वाले अनीस दीक्षित ने बताया कि वह लोग अपने अभिनय से उपस्थित दर्शकों को अच्छाई और बुराई में अन्तर दिखाने का प्रयास करते हैं।

# पहला लक्ष्य माता-पिता और गुरुजनों की अज्ञा का पालन करना होना चाहिए: शर्मा

जिला संवाददाता(vol)



- प्रतिभा सम्मान समारोह को राज्यसभा सांसद और पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा ने किया संबोधित

महमूदाबाद/सीतापुर। छात्रों को सदैव अपना लक्ष्य तय करके उसको पूरा करने के लिये उसके पीछे लग जाना चाहिए। बिना लक्ष्य के आप किसी मुकाम पर नहीं पहुंच सकते बल्कि इधर-उधर भटकते रहेंगे। आप लोग अभी नई ऊर्जा से भरे हुए हैं जब आप लक्ष्य बनाकर पूरी ताकत से उसको पूरा करने की कोशिश करेगे तो दुनिया में कोई आपको सफलता प्राप्त करने से रोक नहीं पायेगा।

पहला लक्ष्य हमेशा माता-पिता और गुरूजनों की अज्ञा का पालन करना होना चाहिए। यह बात राज्यसभा सांसद और पूर्व उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने मां संकटा देवी धाम में एबीवीपी की बिसवां जिले की महमूदाबाद नगर इकाई द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जब छोटे थे तब उन्होने वैज्ञानिक बनकर देश सेवा करने का सपना देखा, जिसे उन्होंने पूरा किया। उन्होने कहा कि लक्ष्य से भटकने वाला व्यक्ति कभी जीवन में सफल नहीं हो सकता। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही ऐसे महत्वपूर्ण आयोजनों के माध्यम से छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन करने और अन्य विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा निरंतर राष्ट्र के पुनर्निर्माण हेतु युवा तरुड़ाई के जागरण का कार्य करता रहा है।

प्रतिभा सम्मान समारोह में हाईस्कूल की यूपी टापर सीता इंटर कालेज की प्राची निगम, इंटरमीडिएट के यूपी टापर शुभम वर्मा सहित 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले जिले भर के विभिन्न विद्यालयों से आए करीब चार सैकड़ा से अधिक विद्यार्थियों को एबीवीपी के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा, विशिष्ट अतिथि पवन सिंह चौहान, विधायक आशा मौर्या, कार्यक्रमाध्यक्ष आरके वाजपेयी, प्रांत अध्यक्ष नीतू सिंह ने माँ सरस्वती, स्वामी विवेकानन्द, अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत एबीवीपी के कृतार्थ मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने ने अंगवस्त्र व माल्यार्पण करके किया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री अजय शुक्ल, प्रांत प्रमुख रुपेश अवस्थी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रांशु शुक्ल, विभाग संयोजक अमन अवस्थी, जिला संगठन मंत्री कुलदीप गुप्त, जिला संयोजक वैष्णवी परमार, नीरज यादव, रूपेश अवस्थी, कुलदीप गुप्त, अजय शुक्ल, अंशुल विद्यार्थी, प्रांशू शक्ल, हर्षित अवस्थी, राहुल सिंह, आयुष चौधरी, घनश्याम शाही हर्षित अवस्थी, आदर्श अवस्थी, अभिनेद्र वर्मा सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मंदिर के विकास में पूर्ण सहयोग करने का दिया आश्वासन

महमूदाबाद। एबवीपी के कार्यक्रम में महमूदाबाद स्थित मां संकटा देवी धाम पहुंचे मुख्य अतिथि दिनेश शर्मा, विशिष्ट अतिथि पवन सिंह, विधायक आशा मौर्या ने मां संकटा देवी धाम पहुँचकर मां के गर्भगृह में माथा टेकते हुए परिसर में स्थित सभी देव मंदिरों के दर्शन कर मंदिर के विकास में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। मंदिर समिति के अध्यक्ष आर के वाजपेयी माता की चुनरी भेंटकर सभी अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया।

# बिना परमिट काटे 6 प्रतिबंधित पेड़

थानगांव/सीतापुर। बिसवां वन क्षेत्र के अन्तर्गत इन दिनों आम नीम शीशम पाकड़ जामुन गूलर जैसे हरे भरे प्रतिबंधित वृक्षों का अवैध कटान वन एवं पुलिस की संयुक्त सहमति से अक्सर कहीं न कहीं होता रहता है। जानकारी के अनुसार ग्राम सभा मानपुर के अलग-अलग मंजरों के निवासी भौला राजाराम प्रेम व बालकराम के खेतों में लगे 1 पाकड़ 4 गूलर 1 नीम सहित 6 हरे भरे प्रतिबंधित वृक्षों को बेखौफ लकड़कट्टों ने कटवा लिया। जबकि कुछ ही दिनों पूर्व में क्षेत्र के सुजातपुर ग्राम सभा के मजरे दृगपालपुर निवासी विरेन्द्र पुत्र पुत्ती लाल ने कुछ पारिवारिक जरूरतें पूरी करने के लिए खेत में लगे गूलर शीशम जामुन नीम अज्ञात लकड़कट्टों से बेंच दिया था। जिन्होंने सभी पेड़ो को बिना परमिट व टी पी के रातों रात कटान कर मौके से लकड़ी भी उठा ले गए। समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार की विभागीय कार्यवाही की बात सामने नहीं आई है। वहीं कुछ लकड़कट्टों की मानें तो वन अधिकारीयों के द्वारा वसूल किए जाने वाले 5 हजार रुपए प्रति पेड़ की दर से जुमार्ने की रसीद तक नहीं दी जाती है।



## जमीयत उलमा तंबौर यूनिट का गठन

तम्बौर/सीतापुर। जमीयत उलेमा हिन्द तम्बौर यूनिट का गठन तंबौर स्थिति मदरसा इशातुल उलूम में सम्पन्न हुई बैठक में जिला जनरल सेक्रेटरी मौलाना वकील कासमी, और सीतापुर नगर अध्यक्ष कारी सलाहुद्दीन सहित जिले के जिम्मेदारान की मौजूदगी में सम्पन्न हुवा। मौलाना कारी अबरार साहब को सरपरस्त बनाया गया और कस्बे युवा मुफ्ती हस्सान को नगर अध्यक्ष चुना गया, तथा कारी शहाबुद्दीन को नगर जनरल सेक्रेटरी के पद पर मनोनीत किया गया, आजम बेग को खजांची के पद पर सभी मौजूद लोगों की सहमति से मनोनीत किया गया। मौलाना अदनान को शोबा नस्त्र व इशाअत, कारी परवेज को नायब सदर, मास्टर साबिर नायब सदर, हाफिज अब्दुल्ला को नायब सेक्रेटरी, मोहम्मद गुफरान को नायब सेक्रेटरी बनाया गया। ।अंत मे कारी अबरार की दुआ पर खत्म हुआ। इस मौके पर कारी बिलाल, मौलाना अबरार, मास्टर मुशीर, मौलाना नूरुल इस्लाम, कारी अब्दुल हलीम, कारी इस्हाक, हाफिज रईस, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## यूपी एचीवमेंट अवार्ड से सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र और शिक्षक प्रदीप सम्मानित



उन्नाव। मैम ग्रुप फॉउंडेशन की तरफ से लखनऊ के गोमतीनगर के प्रतिष्ठित होटल में आयोजित मैम फेस्ट में सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र अपूर्व और शिक्षक डा. प्रदीप कुमार वर्मा को बॉलीवुड अभिनेता डॉ अनिल रस्तोगी ने यू पी एचीवमेंट अवार्ड 2024 से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मशहूर फिल्म अभिनेता ने पर्यावरण, शिक्षा और कला के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका वाले समाज सेवियों सहित विभिन्न प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में सम्मानित की गई मिस यूपी फलक नाज और मिस लखनऊ हिमांशी द्विवेदी भी ग्रीन एंड क्लीन मुहिम से जुड़ी। अनूप मिश्र अपूर्व और प्रदीप वर्मा ने सभी उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते हुए, प्रत्येक व्यक्ति का हो अपना एक पौधा का संदेश दिया। कार्यक्रम में फिल्मी कलाकारों, मॉडल्स सहित तमाम हस्तियां मौजूद रहीं।

## दो भाइयों ने किया क्षेत्र का नाम रौशन

कोन (सोनभद्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पीपरखाड़ के टोला केवाल निवासी अलखनारायण शुक्ला भाजपा नेता के दो बेटों का चयन क्रमशरूमेडिकल व इंजीयरिंग में हुआ। इनके चयन से क्षेत्रों में खुशी की लहर है। इसी क्रम में बतातें चलें कि अलख नारायण शुक्ला के दो बेटे धीरज शुक्ला व शिवगंगा शुक्ला का चयन क्रमशः आईआईटी कानपुर में मैकेनिकल इंजीनियरिंग व दूसरे बेटे शिवगंगा शुक्ला का चयन नीट के तहत एमबीबीएस चंदौली में हुआ। इनके चयन की खबर से परिजनों समेत पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर जगदीश प्रसाद शर्मा व संतोष जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र में योग्य डॉक्टर की बहुत कमी है जिससे इन छात्रों के चयन से क्षेत्र में खुशी की लहर के साथ साथ ऐसे लड़कों पर गर्व है और आज समूचा क्षेत्र खुशी से झूम उठा। वहीं दूसरी ओर इन छात्रों के कामयाबी पर लोगों का बधाई देने का तांता लगा रहा।

# नहीं थम रहीं चोरी की घटनाएं, घर को निशाना बनाकर लाखों की चोरी



पाटन, उन्नाव। थाना बारासगवर क्षेत्र के धानीखेड़ा बाजार में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा एक घर में लाखो की चोरी कर ली गयी। पीडित द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस की डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुँचकर जांच में जुट गई है।

थाना क्षेत्र के धानीखेडा बाजार निवासिनी नेहा पत्नी गौरव कुमार गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात वह अपनी 7 वर्षीय बेटी लाडो के साथ छत के कमरे में सोने चली गयी थी। जबकि मेरी सास दूसरे कमरे व जेठ लालू नीचे बरामदे में सो रहे थे। पीड़ित की बहन तान्या भी करीब 2 वर्ष से यही रहकर पढ़ाई कर रही है। तान्या उसी बेड के नीचे बेहोश मिली जहा बेड के दीवान में घर के गहने रखे हुए थे।

पीड़ित के अनुसार शुबह तड़के करीब 4 बजे जब आँख खुली तो मैंने देखा कि कमरे में रखी अलमारी खुली पड़ी है। उसका सारा सामान अलमारी से बाहर अस्त ब्यस्त अवस्था मे पड़ा था। अलमारी के लाकर व बेड के दीवान में रखे गहने व नगद रुपये गायब थे। पीड़ित के अनुसार करीब 4 लाख के गहने व ढाई हजार रुपये नगद गायब थे। घर के सभी दरवाजे अंदर से बंद थे। पीड़ित का पति गौरव कानपुर के अपोलो मेडिकल स्टोर में काम करता है। फिलहाल पूरे मामले में पुलिस को किसी करीबी के हाथ होने की आशंका है। मौके पर डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम पहुँचकर जांच-पड़ताल में जुट गई है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्र ने बताया मामला संदिध लग रहा फिर भी सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

संक्षेप

## डिप्लोमा इंजीनियर संघ का अधिवेशन

बांदा। उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ मंडलीय अधिवेशन में क्षेत्रीय अध्यक्ष इंजीनियर राजेंद्र सिंह सिसौदिया चित्रकूट धाम मंडल बांदा द्वारा मंडलीय अधिवेशन की अध्यक्षता की गई एवं एवं प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा महासंघ की आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। कहा कि आए हुए समस्त 24 घटक के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाया उसके लिए आप सभी का आभार व्यक्त किया गया। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता राजेश कुमार द्विवेदी क्षेत्रीय महामंत्री चित्रकूट धाम मंडल बांदा द्वारा सभी को धन्यवाद और साधुवाद अर्पित किया। मंच का संचालन इंजीनियर नंदकिशोर स्वर्णकार द्वारा किया गया।

## परिषदीय विद्यालय में सफाई के लिए बच्चों को किया जागरूक

बांदा। परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई के साथ सफाई के महत्व को बताने के लिए कुछ निजी कंपनियों ने बीड़ा उठा लिया है। उन्होंने विद्यालय पहुंचकर बच्चों को जागरूक किया। उन्हें स्टेशनरी देकर स्वच्छता के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। घड़ी डिटर्जेंट कंपनी के कर्मचारी क्षेत्र के जूनियर हाई स्कूल बहुंडरी पहुंचकर बच्चों को सफाई के प्रति जागरूक किया। कंपनी के सत्यम सविता, अंकित शुक्ला ने बच्चों को स्वच्छता के विषय में कहानी सुनाकर, छोटे-छोटे प्रश्न पूंछकर उन्हें जागरूक किया। सवालों का सही जवाब देने पर छात्र-छात्राओं को पेंसिल, रबर, कटर, टाफी व घड़ी साबुन देकर स्वच्छ रहने को कहा। हरि मोहन यादव ने बच्चों को गंदगी से दूर रहने के तरीके बताएं। इंचार्ज प्रधानाध्यापक संभू प्रसाद, सहायक अध्यापक राजवीर सिंह ने बताया कि बच्चों को स्वच्छ व स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन विद्यालय में प्रार्थना के बाद प्रेरित किया जाता है। उन्हें अपने शरीर के साथ आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ रखने के तरीके बताए जाते हैं। उनसे श्रमदान करवा कर विद्यालय परिसर को पर्यावरण के प्रति अनुकूल बनाया गया है।

## स्वास्थ्य विभाग ने अभियान चलाकर जिले में खोजे 68 कुष्ठ रोगी

बिजनौर। सरकार कुष्ठ रोग के उन्मूलन पर जोर दे रही है। इसके चलते लोगों की जांच कर कुष्ठ रोग के बारे में बताया जा रहा है। जिले में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अभियान चलाकर कुष्ठ रोगी खोजे। जांच में 68 लोगों में कुष्ठ रोग की पुष्टि हुई। नोडल अधिकारी डॉ0 अनिल कुमार के अनुसार जिले में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सितंबर माह में कुष्ठ रोगी खोजो अभियान चलाया गया। अभियान में 3657 टीमों ने काम किया। इन टीमों ने जिलेभर में 8,14,600 घरों का भ्रमण कर 44,01,373 जनसंख्या का सर्वे किया। इस दौरान 1530 संदिग्ध रोगियों की सैंपल लेकर जांच कराई गई। इसमें से 68 कुष्ठ रोगी मिले। इनमें 48 पीबी और 20 एमबी पाए गए। नोडल अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि सभी कुष्ठ रोगियों का इलाज शुरू कर दिया गया है। कुष्ठ रोग लाइलाज बीमारी नहीं है। इसका इलाज संभव है। कुष्ठ रोग के लक्षणों को पहचानें और आसपास के लोगों को भी जागरूक करें।

## उधार लिये 50 हजार रुपये अब दबंग मांग रहा डेढ़ लाख

ललितपुर। शहर में सूदखोंरों का काला कारोबार व्यापक पैमाने पर संचालित हो रहा है। इस काले धंधे में नवयुवाओं को फंसा कर मोटी रकम वसूली जा रही है। वहीं दूसरी ओर रकम चुकाने में असमर्थ रहने वाले युवाओं का जीवन नरक के समान कर दिया जा रहा है। ऐसा ही एक प्रकरण शहर क्षेत्र से प्रकाश में आया है। शहर के मोहल्ला पिसनारी बाग निवासी देवी पुत्र बब्लू ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में पीड़ित युवक ने बताया कि उसने जेल चैराहा पर रहने वाले एक युवक से 50 हजार रुपये आवश्यक कार्य के लिए लिये थे। आरोप है कि अब जब वह उसके रुपये लौटाने का प्रयास कर रहा है तो उक्त युवक उससे दिये हुये 50 हजार रुपये के एवज में डेढ़ लाख रुपये की अवैध मांग कर रहा है। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त युवक उसके साथ गालियां देते हुये आये दिन मारने-पीटने की धमकी दे रहा है और रुपये न देने पर किडनी निकाल लेने की तक की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने बताया कि उक्त युवक के मय ब्याज के 75 हजार रुपये हो रहे हैं, जिसमें पीड़ित ने पांच हजार रुपये दे दिये हैं।

# संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान का शुभारंभ



ललितपुर। जनपद में संचारी रोगों के खिलाफ विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान सोमवार से 31 अक्टूबर 2024 तक चलेगा। वहीं दस्तक अभियान 11 से 31 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान का शुभारम्भ राजकीय इण्टर कॉलेज से श्रम एवं राज्य मंत्री उ0प्र0 सरकार मनोहर लाल पंथ, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन एवं सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा संयुक्त रूप से संचारी रोगों से बचाव हेतु रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने इस अभियान में सभी सहभागी विभागों से अपनी-अपनी गतिविधियां माइक्रोप्लान के अनुसार गुणवत्ता युक्त एवं शतप्रतिशत पूर्ण करने की अपील की, कि इस दौरान अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए शासन के निदेर्शानुसार अभियान को संचालित किया जाये तथा नोडल अधिकारी डा0 आर0एन0 सोनी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग इस अभियान में नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा एवं सभी सम्बन्धित विभागों की साप्ताहिक रिपोर्ट का संकलन, मूल्यांकन तथा रिपोर्ट शासन को भेजने का उत्तरदायित्व निभाएगा। डिस्ट्रिक पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा0 सौरभ सक्सेना ने बताया कि इस अभियान में संचारी रोग नियंत्रण हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जनपद वासियों को वेक्टर जनित रोगों, जलजनित रोगों के बचाव व रोकथाम के बारे में जागरूक किया जायेगा एवं दस्तक अभियान में आशाए एवं आंगनबाड़ी घर-घर भ्रमण कर बुखार, खांसी जुकाम (आई0एल0आई0), क्षय रोगी, कुष्ठ रोगी एवं कुपोषित बच्चों की सूची बनायेगीं तथा इसके साथ साथ आभा आईडी बनाने का कार्य भी करेगीं, संचारी रोगों से बचाव के सम्बन्ध में परिवारों जानकारी प्रदान कर जागरूकता फैलायेगीं। प्रभारी जिला मलेरिया अधिकारी बताया कि मलेरिया, डेंगू आदि वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु शहरी क्षेत्र में नगर विकास विभाग द्वारा नालियों की साफ-सफाई एवं फागिंग की जायेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायती राज विभाग द्वारा नालियों की साफ-सफाई एवं गड्ढों को मिट्टी से भरा जायेगा। सहायक मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मच्छर जनित रोगों से बचने के लिए हर सप्ताह कूलर का पानी बदलते रहे, टायर व गमलों में पानी एकत्रित न होने दें।

# शांति सुरक्षा एवं अपराधियों, संदिग्धों पर कड़ी नजर रखे पुलिस : एसपी

ललितपुर। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति सुरक्षा एवं अपराधियों, हुडदंगियों पर कड़ी नजर रखने के लिए पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने जूम मीटिंग के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थानाध्यक्षों, शाखा, चैकी प्रभारियों आदि के साथ अपराध एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में बैठक की। इस दौरान उन्होंने त्यौहारों व आयोजित होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने तथा जनशिकायतों के उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण आदि के सम्बन्ध में समीक्षा कर सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। 3 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि से प्रारंभ होने के दृष्टिगत जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी, थाना, चैकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने सर्किल, थाना, चैकी क्षेत्र में स्थापित होने वाली दुर्गा प्रतिमाओं की जानकारी कर लें और उनके स्थान, निर्धारित पण्डाल आदि के बारे में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत विशेष ध्यान रखा जाये एवं आयोजकों से वार्ता कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर लें, जिससे किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो पाये। कप्तान ने आईजीआरएस के सम्बन्ध में जानकारी कर, थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि भूमि - विवाद प्रकरण पाये जाने पर, थाना के भूमि- विवाद हेतु निर्धारित रजिस्टर में प्रारूपानुसार अंकित करायें और जमीन पर अवैध कब्जा, खेत की सीमा विवाद, नाली व पानी निकास आदि मामलों को समाधान दिवस-सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रस्तुत करके राजस्व, पुलिस की संयुक्त टीम के माध्यम से जॉच कराकर उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर आवेदक की समस्या को निराकरण कराना सुनिश्चित करें। आई०जी०आर०एस० की जाँच के दौरान घटना की सत्यता पाये जाने पर घटना के सम्बंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जन शिकायत के सम्बन्ध में जॉच कर्ता आवेदक से अवश्य सम्पर्क करें और स्थलीय निरीक्षण करके पीडित, आवेदक को जॉच के परिणाम कार्यवाही से अवगत कराये समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष अपनी अधीनस्थ जॉचकर्ता उ०नि० की जाँच आख्या को पढकर संतुष्ट होने पर अपलोड करायें और आवेदक से वात करके फीड बैंक लेना सुनिश्चित करें।

# जेल में निरुद्ध निर्वाचित पार्षद पर एक और एफआईआर दर्ज

- करीब एक माह पहले कनपटी पर तमंचा लगाकर 10 हजार रुपये लेने का आरोप

ललितपुर। शहर के वार्ड संख्या आठ से निर्वाचित पार्षद उदयप्रताप यादव उर्फ कल्लू पटेल की मुश्किलें अब थमने का नाम नहीं ले रही है। विगत दिनों रंगदारी मांगने और मारपीट करने जैसे गंभीर आरोपों में पुलिस ने पार्षद को उनके भाई व साथियों के साथ हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। पार्षद के जेल जाते ही अब पूर्व में किये गये प्रकरण सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला नेहरू नगर से प्रकाश में आया है, जिसमें युवक ने पार्षद के खिलाफ तमंचा कनपटी पर लगाकर दस हजार रुपये लेने और धमकाते हुये जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने प्रकरण को दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

नेहरू नगर निवासी चंचल अहिरवार पुत्र रमेश शंकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसे जानकारी लगी कि उदय प्रताप यादव उर्फ कल्लू पटेल को पुलिस ने जेल भेज दिया है। तब जाकर उसे अपने साथ करीब एक महीने पहले घटित हुयी घटना को दर्ज कराने का साहस हुआ है। पीड़ित ने बताया कि बीते माह अगस्त की 18 तारीख को शाम करीब 5.30 बजे वह घर से घूमते हुये सिद्धंनपुरा जा रहा था। तभी बाल सम्प्रेक्षण गृह के पास कल्लू पटेल उर्फ उदय प्रताप यादव पुत्र हरीराम यादव व उसका साथी सोन सिंह यादव उर्फ सोनू यादव ने उसकी गाड़ी रोक ली। आरोप है कि उक्त लोगों ने गन्दी-गन्दी गालियां देते हुये कहा कि यहां से निकलने की तेरी औकात कैसे हुयी। गम्भीर आरोप है कि कल्लू पटेल ने तमंचा निकालकर उसकी कनपटी पर लगाते हुये उससे 10 हजार रुपये ले लिये और धमकाते हुये कहा कि किसी को बताया तो उसे जान से मार डालेगा। घटना के दौरान पीड़ित के साथ मौजूद उसके दोस्त इन्द्रपाल यादव ने बीच-बचाव करने लगा तो उसके साथ भी धक्का-मुक्की करते हुये जान से मारने की धमकी दी और दोनों चले गये। पीड़ित ने बताया कि कल्लू पटेल दबंग किस्म का व्यक्ति है और रसूखदार होने के साथ-साथ क्षेत्र में उसका काफी आतंक है।

# पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य कुलदीप विश्वकर्मा का स्वागत



**ललितपुर।** पीडब्लूडी सर्किट हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नव मनोनित पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य कुलदीप विश्वकर्मा का स्वागत किया गया। अभिनन्दन समारोह की अध्यक्षता नवलकिशोर सोनी व संचालन अमर विश्वकर्मा ने किया। झांसी से ललितपुर आते समय रास्ते में झरार घाट, सबरी माता आश्रम, विजय सोनी के कार्यालय, बांसी प्रधान कार्यालय, भाजपा कार्यालय, अमन सोनी के कार्यालय और अन्य जगह स्वागत किया गया।

इस मौके पर आयोग के सदस्य कुलदीप विश्वकर्मा ने कहा कि भाजपा सदैव से पिछड़ा वर्ग हितैषी रही है, बाकी पार्टियां सिर्फ पिछड़ों के हितेशी होने का ढिंढोरा पीटने का काम करतीं हैं। इस अवसर पर समाज के विभिन्न पिछड़े वर्ग और सामाज के लोगो ने उनका फूल-मालाएं पहनाकर उन्हें स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, बुविबो सदस्य प्रदीप चैबे, जिला संघ चालक रमेश सोनी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मुक्ता सोनी, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा, इंजी. हकीम सिंह, डा.बीआर. विश्वकर्मा, एड जगदीश लोधी, हरिराम निरंजन, डा.हरिकिशन झां, रज्जनलाल झां, मज्जू सोनी, कृष्णकांत सोनी, शरद सोनी, विकास सोनी, कैलाश झां, लखनलाल, अमर विश्वकर्मा, विकाश झां, सुशील विश्वकर्मा, सत्येंद्र विश्वकर्मा, विकास, आकाश, राज झां, शैलेंद्र झां, सन्तोष सोनी, नन्दराम, चन्दन, अभिषेक, देवेन्द्र, सुनील विश्वकर्मा, बालचन्द, रामचरण झां, आदि मौजूद रहे।

# संचारी रोग अभियान रैली को डीएम ने दिखाई हरी झंडी



बांदा। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में छात्रों, समस्त स्टॉफ एवं आशाओं को रोगों से बचाव की शपथ दिलाकर व रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया। यह अभियान 1 से 31 अक्टूबर तक चलाया जायेगा। जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने बताया कि संचारी रोग मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, टी0बी0, कुष्ठ, डायरिया आदि वायरस या बैक्टीरिया के कारण होने वाली बीमारियां हैं। यह रोग मच्छर, मक्खी, पशुओ एवं गंदगी के कारण फैलते है। जिन स्थानों पर जल जमाव, गंदगी, एवं कूड़ा जमा रहता है एवं साफ पानी पीने की लिये उपलब्ध नहीं होता ऐसे स्थानों पर संचारी रोग फैलने की सम्भावना अधिक होती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संचारी रोगों से बचाव के लिए 13 सहयोगी विभागों द्वारा अभियान के अन्तर्गत समस्त जनमानस को रोगों से बचाव के लिए जागरूक करना, कूडा निस्तारण, नालियों की सफाई, स्वच्छ जल की उपलब्धता, खुले में शौच न करना, शौच के बाद व खाना खाने से पहले साबुन से हाथ धोना, जल जमाव की परिस्थिति को समाप्त करना, घरेलू पात्रों में एक सप्ताह से अधिक पानी एकत्रित न होने देना, नियमित साफ सफाई करना, घर व घर के आस-पास तथा नालियों से गंदगी एवं झाड़ी को हटाना, इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प का पानी पीने के लियें प्रयोग करना, शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग करवाना, क्लोरिनेशन डेमों, पेयजल उबालना के विषय में जागरूक करना, कृंतक (चूहा, छछूदर) नियंत्रण के प्रभावी एवं सुरक्षित उपाय बताना, पॉच साल से कम उम्र के बच्चो वाले घरों में आशा द्वारा ओ0आर0एस0 एवं जिंक का वितरण करना आदि निरोधात्म्क कार्यवाही की जायेंगी। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अनिल कुमार श्रीवास्तव, समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी पूजा समस्त स्टॉफ, राजकीय इण्टर कालेज के छात्र, अर्बन आशाओं एवं मलेरिया विभाग के समस्त कर्मचारियों द्वारा रैली में प्रतिभाग किया गया।

# कार में मिला प्रॉपर्टी डीलर का शव, परिवार में मचा हड़कंप

**जिला संवाददाता (vol)**

बरेली। संदिग्ध परिस्थितियों में एक कार में (45) वर्षीय प्रापर्टी डीलर मयंक पांडे का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर, पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मयंक मूल रूप से शाहजहांपुर के पुवाया थाना क्षेत्र के जलसहा गांव के निवासी थे और बरेली के एयरपोर्ट गेट के पास अपने ससुराल के निकट मकान बनवा रहे थे। जानकारी के अनुसार मयंक पांडे की पत्नी संध्या एक शिक्षिका हैं और उनके दो बच्चे हैं। मंगलवार सुबह उनकी कार डेलापीर के पास सड़क पर खड़ी मिली। जब वहां से गुजर रहे लोगों ने देखा कि मयंक ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने कार का दरवाजा खोलकर देखा तो मयंक की मौत हो चुकी थी। शव का पंचनामा भरकर तुरंत पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मयंक की मौत की सूचना जब उनके परिवार को मिली, तो वहां कोहराम मच गया। उनकी पत्नी संध्या इस दुखद खबर को सुनकर बदहवास हो गईं। प्रथमदृष्टया यह संभावना जताई जा रही है कि मयंक ने शराब का सेवन किया था और कार में घुटन महसूस होने पर बाहर निकलने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा नहीं खुल पाया। पुलिस ने मुताबिक मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगी।

## गांधी जयंती पर करेंगे रक्तदान

बरेली। महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शहर में विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में रोटरी क्लब बरेली सेंट्रल के द्वारा 200 से अधिक सदस्य रक्तदान कर दूसरों का जीवन बचाने का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने वाले हैं। यह जानकारी क्लब के अध्यक्ष दिलीप श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि समाज सेवा में क्लब अग्रणी भूमिका निभाता है। इसी को ध्यान में रखकर रक्तदान महादान के रूप में हम समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। रक्तदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें किशोर कटरु, प्रवीण अग्रवाल, अनूप अग्रवाल सहित कहीं सदस्य मौजूद रहे।

# फूटा गुस्सा, कलेक्ट्रेट गेट पर धरने पर बैठे किसान

## गेट बंद होने से अफसर-फरियादियों की फंसी गाड़ियां



बरेली। बरेली में एक बार फिर किसानों का गुस्सा फूट गया। किसानों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार दोपहर कलेक्ट्रेट गेट पर धरना दिया। जिसके चलते कलेक्ट्रेट गेट को बंद करना पड़ा। इससे अफसरों से लेकर फरियादियों तक की गाड़ियां कलेक्ट्रेट के अंदर फंस गई। किसानों को गेट से हटाने की काफी कोशिश की। मगर, वह नहीं माने। किसान परसाखेड़ा क्षेत्र में गोकुल नगर गांव की सड़क न बनने से खफा थे। वह पिछले 15 दिन से परसाखेड़ा में धरना दे रहे थे, लेकिन मंगलवार को किसानों और ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर धरना प्रदर्शन शुरू किया। यह काफी देर तक चलता रहा है।

कलेक्ट्रेट गेट पर किसानों के धरने के दौरान बड़ी संख्या में लोगों के वाहन फंस गए। डीएम, एडीएम फाइनेंस और एडीएम सिटी आदि अफसरों की गाड़ियां भी बाहर नहीं जा पा रहीं थीं। किसानों का कहना था कि कई दशकों से गोकुल नगर क्षेत्र के लोग सड़क न होने से तमाम दिक्कत झेल रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ की बैठक में भी मामला जोर-शोर से उठा था। इसके बाद भी नगर निगम के अफसरों ने ध्यान नहीं दिया। उनका कहना था कि जब तक सड़क बनाने के लिए भूमि का चयन नहीं हो जाता, तब तक यहीं पर धरना देंगे, चाहे हमें जेल भेज दो। किसानों का कहना था कि वह कलेक्ट्रेट के गेट से नहीं उठेंगे। काफी देर तक एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने मनाने की कोशिश की लेकिन खबर लिखने तक किसानों ने मना कर दिया।

धरने पर बैठे किसान जिलाधिकारी को धरना स्थल पर बुलाने और अपनी बात रखने की मांग करने लगे। उनको अफसर काफी देर तक समझाने की कोशिश में लगे रहे। पुलिस भी पहुंच गई। उनको समझाने की कोशिश में थे। किसानों के धरने को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल को लगाया गया था।

## विद्यालय के निरीक्षण में कमियों पर डीएम ने दिए निर्देश



बांदा। जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने विकास खण्ड महुआ के पीएमश्री कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बरईमानपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में पेयजल व्यवस्था, बालक-बालिका शौंचालय, फर्नीचर की उपलब्धता, विद्युतीकरण आदि का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय में पेयजल की समुचित व्यवस्था कराये जाने के साथ बाउण्ड्रीवाल कराये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने विद्यालय में निमार्णाधीन कक्षा-कक्ष के निर्माण कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराये जाने तथा दिव्यांग शौंचालय भी बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता के सम्बन्ध में बच्चों से इतिहास व गणित के प्रश्न पूंछते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में और अधिक सुधार करने के निर्देश उपस्थित अध्यापकों को दिये। जिलाधिकारी ने विद्यालय में संचालित स्मार्ट क्लास रूम व लाइब्रेरी की पुस्तकों का निरीक्षण करते हुए लाइब्रेरी में पुस्तकों का रख-रखाव ठीक प्रकार से किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र के विद्यालयों में सप्ताहिक निरीक्षण अवश्य करें तथा विद्यालय में आवश्यक व्यवस्थायें एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित करायें। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, बेसिक शिक्षाधिकारी अव्यक्त राम तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं विद्यालय के अध्यापक उपस्थित रहे।

## नगर पालिका सभागार में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



बांदा। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में मंगलवार को स्वच्छ सर्वेक्षण एवं गार्बेज फ्री सिटी स्टार रेटिंग हेतु नगर पालिका सभागार में सुपरवाइजर एवं सफाई मित्रों सहित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अधिशाषी अधिकारी नीलम चैधरी ने की। प्रशिक्षण कार्यशाला में अभिषेक खरे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, मास्टर ट्रेनर स्वच्छ भारत मिशन, दीप कुमार, प्रोजेक्ट एनालिस्ट व रोहित कुमार आई आई सी कॉर्डिनेटर द्वारा उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों को स्वच्छ सर्वेक्षण एवं गार्बेज फ्री सिटी के घटकों को प्रोजेक्टर के माध्यम से समझाते हुए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान देवेन्द्र कुमार सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, हेमंत प्रसाद खाद्य एवं सफाई निरीक्षक सहित सफाई विभाग व स्वच्छ भारत मिशन के कर्मचारी मौजूद रहे। सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

## वृद्ध हमारे परिवार की आधारशिला: सीएमओ



बांदा। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला एन सी डी सेल, जिला चिकित्सालय में संचालित जिरियाट्रिक वार्ड, जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा वृद्धाश्रम में उपचार एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा वृद्धों के हाथों दीप प्रज्वलन कर कराया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि वृद्ध हमारे समाज की आधारशिला है उनसे ही हमारा व्यक्तित्व बनता है साथ ही उन्होंने कहा कि बचाव के लिए व्यायाम से याददाश्त से जुड़े मस्तिष्क के हिस्सों में रक्त प्रवाह बढ़ता है.व्यायाम से अवसाद और चिंता कम होती है और मूड बेहतर होता है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला नोडल ऑफिसर एन सी डी डॉ आर एन प्रसाद ने बताया कि मधुमेह, रक्तचाप से बचाव के लिए संतुलित आहार लेना चाहिए, योग व्यायाम करना चाहिए, रुटीन चेकअप कराना चाहिए। डॉ अर्चना भारती ने वृद्धो की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि वृद्ध हमारे परिवार की नीव है उनकी देखभाल करना हमारा कर्तव्य है।

## महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए उन्हें रोजगार उपलब्ध कराएं : सीडीओ



बिजनौर। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में मंगलवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय कन्वर्जेस/कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि लखपति महिला/दीदी योजना एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसे प्रधानमंत्री ने लॉच किया था। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित विभागीय अधिकारी पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने निर्देश दिए कि डिजिटल आजीविका रजिस्टर के कार्य को पूरी गम्भरीता के साथ पूरा कराना सुनिश्चित करें तथा डाटा फीडिंग का कार्य सही प्रकार से हो इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण के कार्य पर संतोष व्यक्त किया और संबंधित को और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन ब्लॉक-वन उत्पाद योजना की समीक्षा करते हुए पाया कि उक्त योजना में अच्छा कार्य किया गया है तथा विद्युत बिलों का कार्य भी सही तौर पर सम्पादित किया जा रहा है। उक्त सम्बन्ध में उन्होंने निर्देश दिए कि इस प्रगति को बनाएं रखें और लगन और मेहनत से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने निर्देश दिए की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराएं और महिलाओं को उक्त योजना से आच्छादित करने के लिए उनसे अधिक से अधिक आवेदन कराएं। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाए और जो समूह गठित हैं, उन्हें ऋण उपलब्ध कराते हुए उनका उचित मार्गदर्शन भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि लखपति महिला कार्यक्रम को शासन की मंशा के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ संचालित करते हुए धरातल पर उतारें और उक्त योजना को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्यालयों में जहां जनसमूहों का आवागमन अधिक होता है, वहां पर एनआरएलएम विदुर ब्रांड आउटलेट बनवायें। इस अवसर पर उन्होंने समूह की दो दीदी द्वारा विदुर ब्रांड के अन्तर्गत बेचे जा रहे उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उपस्थित सभी को निर्देश दिए कि अपने स्तर से भी विदुर ब्रांड की प्रगति में सहायता करें। इस अवसर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार सहित सभी संबंधित अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी मौजूद थे।

# आतंकवाद पर स्पष्ट नीति

यह नया भारत है। आतंकवाद के मुद्दे पर न तो घरेलू राजनीति की परवाह करता है और न ही अंतर्राष्ट्रीय दबाव का। अपनी बात साफ-साफ और दो-दूक दुनिया के सामने रखता है।

अभी संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति से मुलाकात किया और उनको हर तरह से मानवीय सहायता का वायदा किया। इजराइल भारत का घनिष्ठ और विश्वसनीय मित्र है, इसके बावजूद फिलिस्तीनियों के अधिकारों को लेकर भारत की स्पष्ट नीति है और भारत स्वतंत्र फिलिस्तीन का समर्थन करता है। लेकिन जब बात आतंकवाद की आती है, तो इजराइल पर हमास के हमले की निंदा करता है और हमास व हिजबुल्लाह के खिलाफ इजराइल के अभियान का भी समर्थन करता है। ईरान के साथ भी भारत के मधुर रिश्ते हैं। ईरान के साथ भारत का व्यापार करता है और हमारी ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी ईरान महत्वपूर्ण है। अभी कुछ समय पहले ही भारत और ईरान के बीच चाबहार पोर्ट को लेकर महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। ईरान के राष्ट्रपति की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई मौत पर भारत में एक दिन का राजकीय शोक भी घोषित किया गया था।



भारत ने आतंकवाद के मुद्दे पर इजराइल का साथ देकर दुनिया के सामने कूटनीतिक साहस का प्रदर्शन किया है।

लेकिन जब ईरानी नेता खामनेई ने भारत में मुसलमानों को लेकर सवाल उठाया, तो उनकी निंदा करने में भी भारत ने देर नहीं की। इजराइल ने जब हिजबुल्लाह प्रमुख नसरुल्लाह को मार गिराया, तो इस घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान या भारत की आंतरिक राजनीति की परवाह न करते हुए सीधे नेतन्याहू को फोन किया और आतंकवाद को लेकर भारत का समर्थन जताया और इस बात को सोशल मीडिया पर साझा भी किया। मोदी का यह कदम भले ही भारत में कुछ लोगों को अच्छा न लगे लेकिन आतंकवाद को लेकर भारत की नीति एक बार फिर पूरी दुनिया के सामने स्पष्ट हुई। भारत आतंकवाद के हमेशा खिलाफ है और पूरी दुनिया में जहां भी आतंकवाद है, उसके खात्मे का समर्थन करता है। भारत की इस स्पष्ट नीति से भले ही कुछ देना नाखुश हों, लेकिन आतंकवाद के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता से भारत कभी पीछे नहीं हटेगा। आतंकवाद से निपटने और अपनी सुरक्षा के लिए इजराइल किस तरह सतर्क और साहसिक फैसले करता है, इसे सीखने की भी जरूरत है। क्योंकि भारत आतंकवाद से सर्वाधिक पीड़ित देश है। जम्मू-कश्मीर, पंजाब और पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भारत आतंकी गतिविधियों से पीड़ित रहा है। हमे वह दिन नहीं भूलना चाहिए जब पाकिस्तान के पाले आतंकी देश की वित्तीय राजधानी मुंबई पर चढ़ आये और सैकड़ों बेगुनाहों को मौत के घाट उतारने के साथ ही भारत को दहला दिया था। इसी भारत में कश्मीर से लाखों कश्मीरी पंडितों को आतंकियों ने खदेड़ दिया, हजारों को मार दिया और आज भी हमारे जांबाज सैनिक कश्मीर की रक्षा के लिए आये दिन अपनी शहादत देते हैं। इसलिए आतंकवाद से कैसे निपटना है इसे इजराइल से सीखना भी चाहिए और उसकी मदद भी लेनी चाहिए। इजरायली सेना ने सटीक खुफिया सूचना के आधार पर लेबनान की राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह मुख्यालय और उसके 140 से अधिक ठिकानों पर ऐसी बमवर्षा की कि नसरुल्लाह किसी बंकर में भी सुरक्षित नहीं रह पाया। बंकर बस्टर बमों से इजराइल ने हिजबुल्लाह के मुख्यालय को उड़ा दिया। गौरतलब है कि भारत ने भी जब बालाकोट एयरस्ट्राइक की थी, तो उसमें जिन स्पाइस बमों का इस्तेमाल किया था वह इजराइल में ही बने थे। इन बमों की विशेषता यह है कि यह किसी बिल्डिंग में छेद कर नीचे जाकर फटते हैं और पूरी इमारत ध्वस्त कर देते हैं। इसी बम से भारतीय वायुसेना ने 2019 में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी कैम्प को उड़ाया था। नसरुल्लाह अलकायदा के ओसामा बिन लादेन, अल जवाहिरी, हमास सरगना इस्माइल हनियेह और हिजबुल्लाह के शीर्ष कमांडरों की जमात का ही आतंकवादी था, जिसने अमरीका और इजरायल में हजारों इंसानी जिंदगियों को 'लाश' बना दिया था। उसका एकमात्र मकसद इजरायल और यहूदियों का वजूद ही खत्म करना था। ऐसे खूंखार आतंकी के मारे जाने से पूरी दुनिया में आतंकवादियों का मनोबल कमजोर होगा।

## विचार

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे संबंध विच्छेद कर देती है।

-फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

-भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

-चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

-रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भावे.

# दुनिया में लोकतंत्र की आवाज हैं गांधी



लोकमित्र

भारत बिना विकसित देश हुए, बिना यूएन सिक्योरिटी काउंसिल का परमानेंट मेंबर हुए भी दुनिया में इतनी महत्वपूर्ण आवाज रखता है तो भारत के इस आत्म विश्वास में गांधी का होना भी शामिल है। पूरी दुनिया के अवचेतन में गांधीजी 20वीं सदी के लोकतंत्र की आत्मा की तरह हैं। गांधी का देश होने के कारण लोग हमें आशाओं और उम्मीदों के रूप में देखते है।

यह तो कोई भी नहीं सोच सकता कि अगर गांधीजी न हुए होते तो हमें आजादी नहीं मिलती। बीसवीं सदी में, खासकर दो-दो विश्वयुद्धों के बाद साम्राज्यवाद का भविष्य नहीं बचा था। इसलिए आजादी तो हमें मिलनी ही थी, जैसे उस समय दुनिया के दर्जनों दूसरे गुलाम देशों को मिली, जबकि उनमें से किसी के पास गांधीजी जैसी कोई शख्सियत नहीं थी। वैसे भी हिन्दुस्तान में गांधीजी ने आजादी की लड़ाई शुरू नहीं की थी। गांधीजी जब इस लड़ाई का हिस्सा बने थे, तब तक हमने अपनी इस लड़ाई का आधे से ज्यादा सफर पूरा कर लिया था। गांधीजी इस लड़ाई में सही मायनों में 1915 में शामिल और सक्रिय हुए थे, तब तक भारतीयों को आजादी की लड़ाई लड़ते हुए आधी सदी से ज्यादा बीत चुका था और अब तक यह उस मोड़ तक पहुंच चुकी थी कि बिना स्वतंत्रता हासिल किये तो खत्म नहीं हो सकती थी, कीमत भले कुछ भी चुकानी पड़ती। इसलिए यह सच है कि गांधीजी न होते तो भी हम आजाद होते, लेकिन हम दुनिया के परिदृश्य में वैसे नहीं उभरते जैसे गांधीजी के कारण उभरे।



**अहिंसा सिर्फ किताबी दर्शन होता**

मोहनदास करमचंद गांधी नामक शख्स अगर दुनिया में नहीं अवतरित नहीं हुआ होता, तो आज भी अहिंसा एक किताबी दर्शन होता। क्योंकि अहिंसा की धारणा या अहिंसा का दर्शन गांधीजी का दर्शन नहीं था। दुनिया में इस धारणा या दर्शन की मौजूदगी गांधीजी से बहुत पहले से थी। अहिंसा परमो धर्मः अर्थात अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है, जैन धर्म का मूलमंत्र है और जाहिर है वह गांधीजी जी से हजारों साल पहले से है।

अंहिसा सर्वथा-सर्वदा सर्वभूतानामनभिद्रोहरू अर्थात हिंदू शास्त्रों की दृष्टि से अहिंसा सर्वथा तथा सर्वदा (मनसा, वाचा और कर्मणा) सब प्राणियों के साथ द्रोह का अभाव है। कहने का मतलब किसी भी प्राणी के साथ, कभी भी द्रोह न हो। लेकिन गांधीजी से पहले अहिंसा की ये सभी धारणाएं या तो किताबी थीं या संतों और बाबाओं के प्रवचनों तक सीमित थीं। गांधीजी ने अहिंसा को एक व्यवहारिक दर्शन में ही नहीं बल्कि नतीजा देने वाले राजनीतिक दर्शन में तब्दील किया। राजनीति जैसी धूर्त दुनिया में भी अहिंसा जैसा व्यवहारिक सिद्धांत हो सकता है, गांधीजी ने यह कहकर ही नहीं करके दिखाया। यही वजह है कि आज अहिंसा का विचार कौंधते ही सामने गांधीजी की तस्वीर घूमने लगती है, अहिंसा के नाम पर न तो स्वामी महावीर याद आते हैं न हिंदू धर्मशास्त्र। जब भी अहिंसा का जिक्र होता है सिर्फ गांधीजी याद आते हैं। यह है गांधी होने का मतलब।

जयंती पर विशेष

**हम नैतिक महाशक्ति न बनते**

दुनिया के इतिहास में पहले ऐसा कभी नहीं हुआ था कि किसी गुलाम देश ने दुनिया के 'राजमत' को प्रभावित किया हो। लेकिन महात्मा गांधी जैसी शख्सियत होने के कारण भारत आजादी के पहले परतंत्र रहते हुए भी दुनिया का एक महत्वपूर्ण देश था। यह महात्मा गांधी की अपनी निजी नैतिक ताकत ही थी कि साम्राज्यवादी ब्रिटेन के एक से बढ़कर एक प्रभुओं को गांधीजी के सामने झुकना पड़ता था। दुनिया को चाहे दिखाने के लिए ही वे ऐसा करते हो, मगर उन्हें गांधीजी का सम्मान करना पड़ता था, क्योंकि पूरी दुनिया के विद्वान राजनेता, लेखक, धर्मशास्त्री, यहां तक कि वैज्ञानिक भी गांधीजी की बहुत इज्जत करते थे। वे सब गांधीजी की चमत्कारिक शख्सियत से बेहद प्रभावित थे और उनकी यह चमत्कारिक शख्सियत नैतिकता के मूल्यों से बनी थी। यह हैरान करने वाली बात लग सकती है कि गांधीजी ने ऐसा कोई चमत्कारिक दर्शन, ऐसा कोई चमत्कारिक विचार नहीं दिया कि आप अचंभित होकर उसे देखते और सुनते रह जाएं। गांधीजी दुनिया में सैकड़ों साल पहले से मौजूद बहुत सरल किस्म की सच्चाईयों के साथ जीवन जीते थे और यही दुनिया के लिए चमत्कारिक था। मसलन गांधीजी का आदर्श नैतिक वाक्य था- 'सादा जीवन, उच्च विचार' यह कोई ऐसा महान, विस्फोटक शब्दवाक्य नहीं था, जो इसके पहले दुनिया में न रहा हो। लेकिन गांधीजी ने इस साधारण से वाक्य को दुनिया का सबसे बड़ा और नैतिक वाक्य बना दिया। क्योंकि वह सिर्फ इसका उच्चारणभर नहीं करते थे बल्कि इस वाक्य को जिंदगी की तरह जीते थे। उनका जीवन सचमुच सादा था और विचार सचमुच बहुत ऊंचे थे। गोलमेज सम्मेलन के लिए गांधीजी लंदन गये तो उन्हें अपनी आधी धोती वाली पोशाक से जरा भी झिझक नहीं हुई। वह लंगोटी पहने और वही आधी धोती ओढ़े ब्रितानी राजसत्ता के सबसे ताकतवर राजप्रासादों में घुस गये। किसी की हिम्मत नहीं पड़ी यह कहने की कि मीटिंग का अपना प्रोटोकॉल है, आप इस तरह की ड्रेस नहीं पहन सकते। गांधीजी गुलाम भारत के होते हुए भी दुनिया के लिए 20वीं सदी के प्रकाश स्तंभ थे। दुनिया की बड़ी बड़ी हस्तियां उस दौर में उनसे मिलने के लिए महीनों पहले समय लेती थीं। बड़े बड़े पत्रकार, बड़े बड़े फिल्मकार यहां तक कि बडे बड़े राजनेताओं को भी उनसे मिलने के लिए समय लेना पड़ता था। गांधीजी किसी भी मामले में जो भी टिप्पणी करते थे, उसे दुनिया में बहुत गंभीरता से सुना जाता था। गांधीजी जी इस आभामंडल का भारत देश को भी बहुत फायदा हुआ। हमारी दुनिया में आज भी इसलिए एक लोकतांत्रिक देश के रूप में बहुत इज्जत है, क्योंकि हम गांधी के देश हैं।

अगर गांधीजी नहीं हुए होते तो भारत को विश्व परिदृश्य में वह राजनीतिक, कूटनीतिक हैसियत न मिलती, जो आज हमें हासिल है। निःसंदेह आजादी के बाद अनेक सरकारों की उपलब्धियों का भी इसमें योगदान है। लेकिन भारत दुनिया के समूचे राजनीतिक परिदृश्य में इसलिए भी एक विशिष्ट देश है, क्योंकि यह गांधी का देश है। 20वीं सदी के ज्यादातर राजनीतिक आंदोलन बिना गांधी को आदर्श माने नहीं हुए या आगे नहीं बढ़े। यहां तक कि कई देशों में समाजवादी क्राांतियों में भी गांधी से सीख लेते रहे हैं। दुनिया के वामपंथी क्रांतिकारियों में भी अवचेतन में ही सही या दबी जुबान में ही सही गांधीजी को आदर्श माना गया। आज दुनिया के 80 से ज्यादा देशों में गांधीजी के नाम पर सड़कें हैं, उनके स्टेच्यू हैं और शायद ही दुनिया का कोई ऐसा शिक्षण संस्थान हो जहां राजनीति, समाज, संस्कृत, धर्म, नैतिकता जैसे विषयों को पढ़ाने के दौरान गांधीजी को न पढ़ाया जाता हो।

**वैश्विक नेतृत्व का हौसला न होता**

आज भारत बार बार विश्वगुरु बनने की अपनी मंशा दोहराता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जाने अंजाने वैश्विक नेतृत्व की कोशिश करते रहते हैं। दरअसल भारत बिना विकसित देश हुए, बिना यूएन सिक्योरिटी काउंसिल का परमानेंट मेंबर हुए भी दुनिया में इतनी महत्वपूर्ण आवाज रखता है तो भारत के इस आत्म विश्वास में गांधी का होना भी शामिल है। पूरी दुनिया के अवचेतन में गांधीजी 20वीं सदी के लोकतंत्र की आत्मा की तरह हैं। गांधी का देश होने के कारण लोग हमें आशाओं और उम्मीदों के रूप में देखते है। दुनिया में कहीं पर भी चुनावों का प्रयोग शुरू होता है, दुनिया में कहीं भी पहली बार प्रजातांत्रिक सत्ता आ रही होती हो तो राष्ट्र संघ इन देशों के लोकतांत्रिक भविष्य की मजबूती के लिए यहां की शुरूआती लोकतांत्रिक गतिविधियों में हमें उन्हें शिक्षित, प्रशिक्षित करने की गंभीर जिम्मेदारी सौंपता है। दुनिया के हर देश में लोकतंत्र की आवाज बुलंद करने वाले राजनेता गांधी का जिक्र जरूर करते हैं। गांधीजी की यह जो लोकतांत्रिक आभा है, जिसका हमें दुनिया की सबसे बड़ी और सम्मानित लोकतांत्रिक शक्ति के तौरपर इज्जत मिलती है, वह न मिलती अगर देश में गांधी न पैदा हुए होते।

## सोशल मीडिया

भाजपा का महंगाई काल, महीने की पहली तारीख को ही भाजपा सरकार ने जेब पर महा महंगाई का डाका डाला कॉमर्शियल सिलेंडर अब 48 रुपये महंगा हुआ। रणदीप सुरजेवाला.



हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी के द्वारा दलितों की लगातार की जा रही उपेक्षा व तिरस्कार से यह साबित है कि पार्टी में अब भी सब कुछ ठीक नहीं है। मायावती.



हमारे नेता, अमित भाई शाह की अध्यक्षता में मुंबई में आज भाजपा कार्यकर्ता संवाद बैठक आयोजित हुई, इसमें कार्यकर्ताओं, सांसदों व विधायकों का किया गया सम्मान। देवेन्द्र फणड़वीस



# शक्तियों का भंडार

अंतर्दृष्टि

जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

# प्रभु से बस यही प्रार्थना है!

व्यंग्यलोक

इधर पिछले कुछ दिनों से मैं ही नहीं, मेरी अगल बगल के हर विभाग के हर क्लास के चूहे मेंटली परेशान थे। सबके मन खिन्न! दिमाग छिन्न भिन्न! बात थी ही छिन्नता खिन्नता वाली। तो परेशानी का कारण बना यों कि ज्यों ही मेरी बगल के लोक निर्माण विभाग के दूसरी श्रेणी के चूहे को टीवी से यह दुखद खबर मिली कि सिस्टमी जाति की उम्दा प्रजाति के हमारे बिरादर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है या किसी ने उसकी लोकतंत्र के चौक पर दिन दहाड़े हत्या कर दी है, तो हम सबकी भूख प्यास सब खत्म हो गई। खबर थी ही भूख प्यास खत्म कर देने वाली। यह खबर सुनकर कई दिनों तक ऑफिस में किसी का कुछ कुतरने को कतई मन नहीं करता। रात को हम पूर चूहा कॉलोनी वाले सोने की कोशिश करते तो नींद आने का नाम न लेती। तब जब देखो बस, चौबीसों घंटे हम सबकी आंखों के सामने हमारा मरा, मारा बिरादर कभी इस बोरी तो कभी उस बोरी उदकता फुदकता दिखता। आखिर जब तनाव हद से अधिक बढ़ गया तो तय हुआ कि हम अपने बिरादर की मौत की निष्पक्ष जांच के लिए जुलूस निकालें, धरने दें। आमरण अनशन पर तब तक बैठे रहें जब तक हमारे बिरादर की मौत पर से रहस्य का कफन नहीं उठ जाता। और हमने सर्वसम्मति से अपने आंदोलन के पहले फेज में हमने अपनी बिरादर की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग सरकार से की ताकि हमारे बिरादर की मौत का सच देश के सामने आ सके। और मजे की बात! हमारी मांग तुरंत सरकार ने अपने रजिस्टर में रजिस्टर्ड कर ली। तब सरकार ने हमें विश्वास दिलाया कि डरो मत! हम पर विश्वास करो। वह तुम्हारा ही नहीं, हमारा भी बिरादर था। कल ही अपने पेटी भाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई है। अपने पेटी भाई की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बिरादर की मौत उसके किसी दुश्मन ने नहीं की है, यह मात्र शांत समाज में सज्जनों द्वारा दंगे भड़काने को फैलाई अफवाह भर थी। असल में उस पवित्र आत्मा की मृत्यु उसके अपने ही हाथों अपना दम घुटने से हुई थी। बिरादर का पोस्टमार्टम इंटरनेशनल चूहा चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में किया गया था। असल में समाज को कुतर कुतर कर बिरादर के लंग्स, किडनियों में दिक्कत आ गई थी। पेटी भाई का रस्म उठाला करने के बाद अब मेरे मन सहित हम सबका मन प्रसन्न है। पानी में से दूध निकल गया है। मेरे घर सहित पूरी कॉलोनी में फिर से पुरानी रौनक लौट आई है। अब गुजरे पेटी भाई की तरह फिर से कूद कूद कर हम सबका मन ऑफिस जाने को पहले की तरह फुदकने लगा है। हमारी बस अब अपने पेटी भाई के लिए उस सर्वशक्तिमान प्रभु से यही दुआ प्रार्थना! सिस्टम हमारे पेटी भाई को अपने श्री चरणों के किसी अलौकिक बोरे में परमानेंट स्थान दें!



अशोक गौतम

# छोटे कद के बड़े राजनेता थे लाल बहादुर शास्त्री



जन्मदिवस पर विशेष

यह महज संयोग ही नहीं है कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन एक ही दिन आता है। हकीकत तो यह है कि इस देश में अगर नैतिकता, साहस और स्वाभिमान की कसौटी पर गांधी के बाद कोई सबसे ज्यादा प्रभावशाली और उन्हीं के जितना ताकतवर राजनेता है, तो वह लालबहादुर शास्त्री हैं। हालांकि शास्त्री जी और गांधी जी में एक बुनियादी फर्क था, जहां गांधी जी अपने राजनीतिक जीवन के उभार के दिनों में ही विश्वविख्यात हो गये थे और अंतिम दिनों तक आते आते तो वह दुनिया की गिनी चुनी जीवित महान हस्तियों में शुमार थे, जबकि दूसरी तरफ लालबहादुर शास्त्री एक ऐसे राजनेता थे कि मूल्यों, राजनीतिक समझ और राजनीतिक कर्मठता के मामले में वो भले गांधी जी के बाद सबसे बड़े व्यक्तित्व थे, लेकिन लोकप्रियता के मामले में वह इतने मामूली थे कि दुनिया तो छोड़िये, जब तक वह भारत सरकार में कोई मंत्री या बाद में प्रधानमंत्री नहीं बने, तब तक उन्हें अपनी कांग्रेस पार्टी के ही सारे देश के लोग नहीं जानते थे।

शास्त्री जी शायद खुद भी इतने लो प्रोफाइल और अपने काम में डूबे रहने वाले शख्स थे कि उन्होंने कभी कोशिश ही नहीं करते थे कि उन्हें कोई जाने। लेकिन एक बार वही लालबहादुर शास्त्री जब प्रधानमंत्री बन गये और पाकिस्तान ने अपना छुद्र रवैय्या नहीं छोड़ा बल्कि यह सोचकर भारत से जबर्दस्ती पंगा लेने की कोशिश की, कि छोटे कद के लालबहादुर शास्त्री पर वह हावी हो जायेगा, तब शास्त्री जी ने अपना एक ऐसा मजबूत और ताकतवर रूप दिखाया कि पाकिस्तान के होश उड़ गये। न सिर्फ पाकिस्तान को धूल चटाने के मामले में देश और दुनिया के लोगों ने एक अलग ही शास्त्री देखा बल्कि उसके पहले ही अमेरिका के साथ जिस तरह से लालबहादुर शास्त्री ने पीएल480 गेहूं कार्यक्रम के मामले में अपना रूख स्पष्ट किया था, वह भी काबिले तारीफ था। ये दोनों ही ऐसे मामले थे, जब भारत सहित पूरी दुनिया में शास्त्री जी के छोटे से कद में समाये बहुत बड़े, साहसी और प्रभावशाली राजनेता देखा। दरअसल 1954 में अमेरिका ने अपने अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत भारत के खाद्यान्न संकट को देखते हुए एक रुपये प्रतिकिलो के हिसाब से पीएल480 गेहूं देने का निर्णय लिया था, लेकिन जल्द ही न सिर्फ अमेरिका ने इस गेहूं के एवज में कई नई नई तरह की शर्तें थोपने की बल्कि अमेरिका से आया पीएल 480 गेहूं खैरात में मिलने वाले किसी खाद्यान्न से भी ज्यादा गया गुजरा था। जबकि भारत अमेरिका से गेहूं मुफ्त में नहीं ले रहा था, प्रतिकिलो एक रुपये की कीमत दे रहा था, जो उस समय काफी महंगा था। क्योंकि उन दिनों भारत का एक रुपया अमेरिका के एक डॉलर के लगभग बराबर ही था। लेकिन इस पर भी अमेरिका चाहता था कि भारत उससे झुककर रहे और गेहूं देने के लिए उसका एहसानमंद रहे। शास्त्री जी ने उनकी इस मंशा को खारिज कर दिया और उन्होंने भारतवासियों से आह्वान किया कि वे अगर सप्ताह में एक समय का भोजन त्याग देंगे, तो हम किसी हद तक इस खाद्यान्न संकट से निपट सकेंगे। शास्त्री जी का यह कहना था कि लोगों ने सप्ताह में सिर्फ एक बार ही नहीं बल्कि सप्ताह में तीन तीन दिन एक बार उपवास रखने लगे, साथ ही शास्त्री जी की प्रेरणा से किसानों ने अनाजों की पैदावार के लिए जी जान लगा दिया। नतीजा ये निकला कि अमेरिका द्वारा हमें गेहूं भेजने से पीछे चले जाने के बाद दो सालों के भीतर ही हमने करीब करीब अपने खानेभर का अनाज उत्पादन करने में सक्षम हो गये और अगले पांच साल के भीतर तो न सिर्फ जरूरत भर का बल्कि उससे भी ज्यादा पैदा करने लगे। लेकिन यह कभी संभव नहीं होता अगर शास्त्री जी को अपनी नैतिक आवाज पर भरोसा नहीं होता और खुद उन्होंने आगे बढ़कर देशवासियों को इस अभूतपूर्व खाद्यान्न संकट के समय देशभक्ति दिखाने के लिए आह्वान नहीं किया होता। शास्त्रीजी न सिर्फ आजादी की लड़ाई के दौरान बल्कि पीएम बनने के बाद भी उनके जीवन से न तो सादगी गई और न ही कठोर अनुशासन। उनके प्रधानमंत्रित्व काल में पाकिस्तान ने भारत पर इस गलतफहमी से युद्ध छेड़ने का दुस्साहस किया, क्योंकि उसे लगता था कि शास्त्री जी इतने मजबूत नेता और आत्मविश्वास के शख्स नहीं है कि वे युद्ध के बारे में सोच भी सकते हैं। लेकिन जब 5 सितंबर 1965 को पाकिस्तान ने 'आ बैल मुझे मार' के अंदाज में भारत पर जंग की पहल करते हुए हमला बोल दिया, तो शास्त्री ने दृढ़ता और आत्मविश्वास के साथ सेनाओं को लाहौर पर हमला करने का आदेश दे दिया और महज दो दिनों में भारतीय सेना ने लड़ाई का सारा नक्शा बदल कर रख दिया।

## आप की बात

### पड़ोसी देशों में अस्थिरता

पड़ोसी देशों में सियासी अस्थिरता भारत के लिए हमेशा सिरदर्द बनी रहती है। श्रीलंका, मालद्वीप, नेपाल जैसे देशों में बदलती सरकार के साथ रिश्तों में होने वाले उतार-चढ़ाव भारत के लिए पहले ही चुनौती पेश करते रहे हैं, अब बांग्लादेश भी इसमें शामिल हो गया है। जिहादी पाकिस्तान, सैन्य शिकंजे में जकड़ा म्यांमार, अस्थिर श्रीलंका और कृतघ्न कम्युनिस्टों के कारण पल-पल बदलता नेपाल, भारत की सुरक्षा और विदेश नीति के लिए पहले से ही बड़ी चुनौती बने हुए थे। शेख हसीना के नेतृत्व वाला बांग्लादेश पूर्वोत्तर में लंबी सीमा साझा करने के बावजूद भारत के लिए कोई बड़ी परेशानी नहीं खड़ा करता था। लेकिन हसीना के तख्तापलट के साथ बांग्लादेश के कट्टरपंथी फुफकारने लगे हैं। भारत के लिए चुनौती पेश करने लगे हैं और हिन्दुओं पर हमले करके परेशान भी कर रहे हैं। बांग्लादेश से अब साफ संकेत हैं कि वहां कट्टरपंथियों और भारत-विरोधी ताकतों का वर्चस्व होगा। आतंकवाद का खतरा बढ़ेगा। बांग्लादेश में भी तालिबान सक्रिय होंगे। वहां के प्रधानमंत्री आवास को आम जनता के लिए इस कदर खोल रखा गया है मानो कोई मेला लगा हो। कुछ युवा चेहरों की अश्लील, असभ्य, विद्रूप मानसिकता सार्वजनिक हुई है, जब उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की ब्रा और अन्य वस्त्रों को सरेआम लहराये हैं। ऐसे युवा कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन आंदोलनकारी छात्र नहीं हो सकते। वे बेशर्म जमात भी हो सकते हैं, लेकिन अपने ही मुल्क का अपमान कर रहे हैं। बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी दोनों ही कट्टरवादी दल हैं और पाकपरस्त भी हैं। अंतरिम सरकार बनने से पहले ही दोनों दलों के करीब 9000 कार्यकर्ताओं को जेलों से रिहा कर दिया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और उनके पुत्र तारिक रहमान की सरपरस्ती में इन दलों ने आम जनसभा को संबोधित भी किया है। तारिक हत्या के तीन मामलों में उम्रकैद के सजायाफ्ता हैं, लेकिन वह लंदन में स्वनिर्वासन में थे। अभी ढाका लौट कर आए हैं, तो अदालतें फिलहाल खामोश और निष्क्रिय हैं। शेख हसीना की सरकार में मंत्री रहे 10 और अन्य बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। दरअसल बीएनपी और जमात के साथ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने सौदेबाजी की है कि शेख मुजीब की सियासी विरासत की प्रतीक अवामी लीग पार्टी का नामोनिशां ही मिटा दिया जाये, ताकि 1971 की बगावत की मुकम्मल सजा दी जा सके। हसीना के बांग्लादेश छोड़ कर चले जाने के साथ ही शेख मुजीब की सियासी विरासत तो समाप्त हो गई। पाकिस्तानी गदगद है। ऐसी सूचनाएं भी हैं कि आईएसआई लंदन में तारिक रहमान और जमात के नेतृत्व के साथ 2018 से ही तख्तापलट की साजिश रच रही थी, लेकिन अभी तक नाकाम रही थी। मौजूदा आंदोलन का आवरण छात्रों का था, लेकिन उनकी आड़ में जमात और बीएनपी के साथ आईएसआई और सीआईए ने ही आंदोलन को तख्तापलट तक पहुंचाया।

**धमेन्द्र कुमार पाण्डेय, लखनऊ.**

### चीन के साथ द्विपक्षीय व्यापार

द्विपक्षीय व्यापार हमेशा समृद्धि का कारण होता है लेकिन चीन के साथ बढ़ता व्यापार गंभीर चिंता का विषय है इसलिए देशवासियों को सस्ते के चक्कर में पड़ने के बजाय चीन से सतर्क रहना चाहिए और अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना चाहिए चाहे भले ही अधिक कीमत चुकानी पड़े। चीन भारत का परम्परागत दुश्मन देश है और उसे दुश्मन मानकर हमेशा सतर्क रहना चाहिए। चीन बार-बार भारत को धोखा देता है इसलिए उससे व्यापार बढ़ाने के बजाय देश को अपनी सैन्य शक्ति मजबूत करनी चाहिए। चीन बलपूर्वक एलएसी को बदलने की मंशा पाले है लेकिन भारत हमेशा सीमा विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाना चाहता है। चीन इसे भारत की कमजोरी समझता है और वह सीमा विवाद को निपटाने के बजाय लटकाता रहता है। बार-बार सीमा पर सैनिकों का जमावड़ा कर एलएसी को बदला चाहता है।

**दिनेश कुमार मिश्र, लखनऊ.**

संक्षेप

## बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म में तीन गिरफ्तार, एक की तलाश

मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र में एक गांव की बुजुर्ग महिला ने चार लोगों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने चारों के विरुद्ध दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज कर महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा दिया है। दुष्कर्म के मामले में दो किशोर और एक अधेड़ को गिरफ्तार कर लिया है, पुलिस का कहना है कि चैथे आरोपी की तलाश जारी है जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक कुमारगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की 69 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने आरोप लगाया है कि बीते 23 सितंबर की रात गांव के चार लोगों ने जबरन दुष्कर्म किया और वीडियो भी बना लिया गया। वीडियो वायरल होने के बाद जब इसकी जानकारी दुष्कर्म पीड़िता बुजुर्ग महिला के बेटे को हुई तो वह प्रदेश से गांव पहुंचा और अपनी मां को लेकर थाना कुमारगंज पहुंचकर दुष्कर्म आरोपियों के खिलाफ तहरीर दिलाया तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गांव का एक अधेड़ व्यक्ति ने गांव की एक बुजुर्ग महिला के साथ ट्यूबवेल के अन्दर बैठकर शराब पी रहा था। तभी गांव का दूसरा अधेड़ भी वहां पहुंच गया। तभी पहले से जो अंधेड शराब पी रहा था वह ट्यूबवेल से निकलकर मंदिर की ओर चला गया। तब अधेड़ ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। गांव के दो किशोरों ने दुष्कर्म का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो की जानकारी जब दुष्कर्म पीड़िता महिला के बेट को हुई तो उसने अपनी मां की ओर से तहरीर दिलाया। जिसके बाद 14 वर्षीय और 16 वर्षीय दोनों किशोरों के साथ दो अधेडो के खिलाफ केस दर्ज किया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## सोहावल तहसील के न्यायालय में लंबित मुकदमों की भरमार

सोहावल-अयोध्या। तहसील की पांचों आदलतो में लंबित मुकदमों की संख्या काफी बढ़ गयी है। सर्वाधिक मामले तहसीलदार कोर्ट पर 990 मुकदमे सामने आए है। जिनकी संख्या हजार में पूरी होने वाली है। इसे लेकर अब चिंता न्यायालय के मजिस्ट्रेट भी जता रहे हैं। जल्द से जल्द बार और बेंच के बीच ताल मेल बैठाकर पुकार और सुनवाई शुरू कराने के लिए अधिवक्ताओं के साथ तहसीलदार की एक तरह से समन्वय बैठक सोमवार को हो चुकी है। मंगलवार को तहसील प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक अगस्त 24 तक के आंकड़े बताते हैं कि एस डी एम कोर्ट पर 275, एस डी एम न्यायिक कोर्ट पर 531, तहसीलदार कोर्ट पर 990, नायब तहसीलदार रौनाही कोर्ट पर 750, नायब तहसीलदार मसौधा कोर्ट पर 669 वाद सुनवाई के लिए पेंडिंग चल रहे हैं। इसके पीछे लगातार कई महीनों से बार और बेंच के बीच चल रहा तालमेल का अभाव और तहसील के कुछ पटलों पर चल रहा भ्रष्टाचार और निजी कर्मियों की मनमानी बताया जा रहा है। जिसे लेकर अधिवक्ताओं का विरोध चल रहा है। इसे पटरी पर लाने के प्रयास में लगे नवागत तहसीलदार सुमित सिंह ने बताया कि अधिवक्ताओं के साथ हुई परिचय बैठक में इनकी सभी मांगों और समस्याओं के समाधान का रास्ता निकाल लिया गया है।

# रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव पर राममय हुई अयोध्या



- नामचीन कवियों ने भगवान श्री राम को समर्पित कर किया काव्य पाठ
- इंटरनेशनल मेन राइट्स एन्ड क्राइम कंट्रोल काउन्सिल की ओर से आयोजन

अयोध्या। इंटरनेशनल ह्यूमेन राइट्स एन्ड क्राइम कंट्रोल काउन्सिल की ओर से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ बड़े ही शानदार और भव्य तरीके से अयोध्या नगरी के एक होटल में शुरू हुआ। संस्था के चीफ डॉक्टर वीपी सिंह ने सबसे पहले आए हुए कवियों का सम्मान किया। जिसके बाद कवियों ने श्रीरामलला को एक से बढ़ कर एक रचनाएं समर्पित की। अपने सुन्दर काव्य पाठ से अंतर्राष्ट्रीय रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव में गजेंद्र प्रियांशु, अमन अक्षर, शशि श्रेया, इंस्पेक्टर धर्मराज उपाध्याय, दमदार बनारसी, जित्तू भईया, ऋचा सिंह जैसे प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी भावभीनी और मंगल कविता पाठ से वातावरण को भक्तिमय तो किया ही साथ ही राममय भी कर दिया। महोत्सव में उस समय और चार चाँद लग गए जब दिल्ली से आये राम दरबार के कलाकरो ने भव्य और दिव्य झांकी प्रस्तुत की।

हरिद्वार से आये जूना अखाड़े के गुरु मां कंचन जी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती, दूधेश्वर पीठाधीश्वर महंत नारायण गिरी, महामडलेश्वर स्वामी विद्या चैतन्य गिरी, आचार्य राकेश गिरी महाराज, श्री श्री 1008 मोरारी दास महाराज, अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना के राष्ट्रीय के उपाध्यक्ष योगगुरु स्वामी संतोषानंद जी महाराज, महंत कृष्णदास जी महाराज ने भगवान श्री राम के जीवन के बारे में अपने विस्तृत विचार और ज्ञान प्रस्तुत किया। जिसके बाद रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव में आपसी सद्भाव और उन्नति को बढ़ने के लिए गहन चिंतन किया गया। साथ ही देश को किस तरह से और मजबूत किया जाए, हमारा मानसिक और बौद्धिक विकास किस तरह किया जाये इस पर भी विचार विमर्श किया गया।

## हमें शस्त्र उठाने में भी कुशलता हासिल करनी होगी: तीरथ सिंह रावत

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता तीरथ सिंह रावत ने अपने सम्बोधन में कहा कि डॉ वीपी सिंह की जितनी तारीफ की जाए वह कम है। उन्होंने विदेशों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया है। कुछ लोग तो अपने देश में भी तिरंगा हाथ में उठाने से डरते हैं। कहा कि आज देश में जरुरत है कि हम लोग भी अस्त्र शस्त्र उठाने में भी कुशलता हासिल करें। कहा कि कार्यक्रम में आकर बहुत खुशी हुई। बड़े बड़े संत आये हुए हैं उनका आशीर्वाद मुझे पहले भी मिलता रहा है आज भी मिल रहा है। आने वाला समय हमारे देश का होगा। आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारा देश आगे बढ़ रहा है और हम विकसित बनने की और कदम बढ़ा चुके है। आयोजक डॉ वीपी सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव को आयोजित करने का हमारा सिर्फ एक ही मकसद है कि हम रामायण की जानकारियां, रामायण का ज्ञान, रामायण की बातें जन जन तक कैसे पहुंचाएं। और भगवान श्री राम के आदर्शों को किस तरह से हम आज के नौजवान युवा पीढ़ी के सामने प्रस्तुत करें। कहा कि अंतर्राष्ट्रीय रामायण प्रतिष्ठा महोत्सव न सिर्फ एक कार्यक्रम है बल्कि यह देश के जन-जन की आवाज बनकर आने वाले समय में अब आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

## फाइलों में बंद जिलाधिकारी का आदेश, नहीं हो पा रहा कोटेदार का चयन

सोहावल-अयोध्या। ग्राम सभा देवराकोट में कोटेदार का चुनाव आपूर्ति विभाग और विकास खण्ड के जिम्मेदार अधिकारियों के गले की फांस बनती नजर आ रही है। इसके लिए पंचायत में बैठक कराने का तीन बार जिलाधिकारी ने निर्देश किया। लेकिन हर बार पंचायत के लोगों को निराशा हाथ लगी। जिम्मेदारों ने तारीख पर तारीख देकर चयन का काम टाल दिया। मंगलवार को उप- जिलाधिकारी के यहां शिकायत लेकर पहुंचे गांव के शैलेंद्र सिंह, रवि तिवारी ने आरोप लगाया पहले बैठक के लिए 10 सितंबर तय थी। इसे बैठक के दिन 19 सितंबर तक बढ़ा दिया गया। इस दिन यह कह कर पंचायत के अधिकारियों ने टाल दिया कि मुख्य मंत्री जी के कार्यक्रम में व्यस्तता है। गत 26 सितंबर को इसकी शिकायत जिला अधिकारी से ग्रामीणों ने की तो चयन पूरा कराने का निर्देश खंड विकास अधिकारी को देते हुए पत्र जारी कर दिया गया जो पांच दिन बाद भी अभी ब्लाक मुख्यालय तक नहीं पहुंचा।

## शराब के सेल्समैन पर जानलेवा हमला करने के मुख्य आरोपित को मिली जमानत

अयोध्या। महाराजगंज क्षेत्र में शराब लेने एवं पैसा मांगने पर सेल्समैन संदीप पाल पर लाठी डंडा से जानलेवा हमला करने के मामले में जेल में निरूद्ध मुख्य आरोपित भूपेन्द्र सिंह उर्फ कालिया की जमानत प्रार्थना पत्र सुनवाई के पश्चात स्वीकार हो गयी है। यह आदेश तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दूबे ने के सम्पूर्ण तथ्य एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए दिया है। यह मामला थाना महाराजगंज स्थित एक शराब के ठेके का है।

आरोपित पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता रजनीश कुमार सिंह व दिनेश कमार सिंह ने पैरवी किया। तर्क दिया कि वह निर्दोष है। वादी ने उसे रंजिशन फर्जी फसाया है। प्रथम सूचना रिर्पोट 18 घंटे विलम्ब से दर्ज करायी गयी है घटना का कोई स्वतंत्र गवाह नही है। प्रस्तुत प्रकरण में सात वर्ष से कम की सजा का प्राविधान है। उसे जमानत पर रिहा करने की याचिका किया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 21 अगस्त 2024 की रात्रि 9 बजे संदीप पाल पुत्र राम सजीवन निवासी मलखानपुर थाना महाराजगंज एक शराब का सेल्समैन है। उस दिन वह शराब के ठेके पर मौजूद था तभी भूपेन्द्र सिंह उर्फ कालिया के साथ चार-पांच लोग शराब लेने आये। शराब लेने के बाद जब वह जाने लगे तो सेल्समैन ने पैसा मांगा इतने में वह सब भड़क गये और दूकान में घुसकर उसे अपशब्द कहते हुए लाठी, डंडा से हमला कर दिया। इससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया उसके सिर पर शरीर के अन्य हिस्सों में काफी चोटें आयी। घटना की रिपोर्ट थाना महाराजगंज में मु.अ.स. 228/2024 के तहत कई गम्भीर अपराधों में दर्ज की गयी।

## जाम से मुक्ति के लिए एसपी ने की पैदल गश्त



बहराइच। पुलिस अधीक्षका वृंदा शुक्ला नेतृत्व में शहरी क्षेत्रों के आम जनमानस को जाम से निजात दिलाने हेतु सड़कों पर चल रहे वाहनों का रूट डायवर्जन नियम आज से लागू आदेश का पालन कराया गया। डायवर्जन का पालन कराने के लिए एसपी ने सड़कों पर उतरकर वाहनों के ड्राइवरों को जागरूक किया। जिससे वाहन डायवर्जन रुट पर नियमानुसार चल सके। और लोगों को जाम से निजात मिल सके। पुलिस विभाग ने एक अक्टूबर से डायवर्जन नियम लागू कर दिया है। इस अभिनव प्रयोग से लोगों को पहले ही दिन जाम से निजात मिली। अब इस नियम को हमेशा लागू होने पर ही लोगों को लाभ हो सकता है। शहर के घंटाघर, पीपल तिराहा, छावनी बाजार मार्ग, चांदपुरा मार्ग समेत अन्य स्थानों पर काफी मात्रा में ई रिक्शा और टेम्पो का संचालन होता है। जिससे शहर के विभिन्न मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम की समस्या से निजात के लिए पुलिस विभाग ने सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय से मिलकर नया नियम बनाया। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि एसपी सिटी रामानंद कुशवाहा ने शहर के विभिन्न मार्गों पर सभी ई रिक्शा और टेम्पो न चलने का नियम बनाया। साथ इन वाहनों को निर्धारित रूट से आते हुए दूसरे रूट से जाने का नियम बनाया। इस नियम को एक अक्टूबर से लागू कर दिया गया है। इसका जायजा लेने के लिए पुलिस अधीक्षक ने शहर के घंटाघर और पीपल तिराहा मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पहले दिन ही एसपी सिटी का नियम कारगर साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि अब इसी तरह वाहनों का संचालन होगा। साथ ही ई रिक्शा और टेम्पो अपने मार्ग पर ही चलेंगे। उन्होंने कहा कि यदि नाबालिक रिक्शा चलाते मिले तो अभिभावक पर केस दर्ज किया जायेगा। इस दौरान एसपी सिटी रामानंद कुशवाहा, सीओ सिटी रमेश कुमार पांडेय, कोतवाल नगर मनोज कुमार पांडेय समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

## संचारी रोगों से बचाव के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : सांसद



बहराइच। जनपद के सीएमओ सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद आनंद गौड़ ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने संचारी रोगों से बचाव के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। सांसद आनंद गौड़ ने बताया कि संचारी रोग, जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और जापानी इंसेफलाइटिस, से बचने के लिए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि घरों के आसपास पानी जमा न होने दें, कूलरों और पानी के बर्तन हर सप्ताह साफ करें और मच्छरदानी का उपयोग करें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी और कर्मचारी समन्वय बनाकर जनजागरूकता को बढ़ावा दें, जिससे लोग इन बीमारियों से बचाव के उपायों को अपनाएं।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि सरकार के इस अभियान का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने सामाजिक सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया ताकि संचारी रोगों से प्रभावी रूप से निपटा जा सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय शर्मा ने अभियान के दौरान किए जाने वाले प्रमुख कार्यों की जानकारी दी। इनमें नियमित फॉगिंग, लार्वा सर्वेक्षण, जागरूकता रैलियां, स्कूलों में बच्चों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करना, और साफ-सफाई अभियान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जनसहभागिता को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता रैलियों और प्रचार कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। आईसीडीएस और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाने का संकल्प लिया।

यूनिसेफ के मंडलीय प्रतिनिधि ने संचारी रोगों से निपटने के लिए अपने तकनीकी सहयोग और जागरूकता सामग्री के वितरण की योजना की जानकारी दी। इसके अलावा, नगरपालिका की ओर से शहर के प्रमुख स्थानों पर फॉगिंग और कचरे के उचित निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे संचारी रोगों से बचाव के लिए सरकार द्वारा दिए गए दिशा-निदेर्शों का पालन करें। उन्होंने कहा, ष्साफ-सफाई के प्रति जागरूक होना और अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। अपने घरों के आस-पास पानी जमा न होने दें और मच्छरों से बचने के उपायों को अपनाएं।

## बच्चों की प्रभात फेरी से होगा गांधी जयंती के कार्यक्रमों का श्रीगणेश

बहराइच। 2 अक्टूबर को गॉधी जयन्ती समारोह का शुभारम्भ प्रातः 06:30 बजे बच्चों की प्रभातफेरी से होगा और इन्दिरा स्टेडियम बहराइच से क्रास कंट्री दौड़ आयोजित की जायेगी। प्रातः 09:00 बजे सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तत्पश्चात सभी कार्यालयों, विद्यालयों और दूसरी संस्थाओं के किसी बड़े कक्ष/हाल में महात्मा गॉधी जी के चित्र का अनावरण व माल्यार्पण किया जायेगा तथा गोष्ठी आयोजित कर गांधी जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला जायेगा। प्रातः 09:00 बजे ध्वजारोहण के पश्चात गांधीवादी जीवन दृष्टि का प्रचार तथा गांधी जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए जातिगत भेद-भाव से ऊपर उठकर समाज में समता और समरसता लाने पर बल दिया जाये। प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, महिला हेल्प लाइन, निराश्रित महिला पेंशन, मिशन शक्ति, महिला समूहों, बीसी सखी व मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आदि योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को लाभान्वित कर आत्मनिर्भर बनाये जाने हेतु प्रचार-प्रसार किया जाय। गॉधी जयन्ती के अवसर पर प्रातः 10:00 बजे जनपद के शहरी क्षेत्रों, नगर पंचायतों एवं गॉवों में अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा मलिन बस्ती में सफाई एवं स्वच्छता के कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे। प्रातः 10:00 बजे कुष्ठ आश्रम/जिला चिकित्सालय में कुष्ठ रोगियों की पहचान, चिकित्सा एवं कल्याण सम्बन्धी कार्यक्रम, शिक्षण संस्थाओं में महात्मा गॉधी जी के जीवन से सम्बन्धित चित्रकला एवं उनके विचारों की प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा सत्य एवं अहिंसा का महत्व विषयक निबन्ध तथा गॉधी जी के विचारों की प्रासंगिकता विषयक वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। प्रातः 10:00 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी विश्राम कक्ष में महात्मा गॉधी जी के विचारों एवं आदर्शों के सम्बन्ध में विचार गोष्ठी तथा पीपल चैराहा स्थित श्री गॉधी आश्रम में चरखा द्वारा सूत कातने की प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण तथा खादी एवं अन्य स्वदेशी वस्तुओं के उत्पादन एवं उनके प्रयोग तथा बिक्री को प्रोत्साहित करेगा।

## देर रात बिजली आपूर्ति को लेकर नागरिकों का प्रदर्शन



बहराइच। नगर में बिजली आपूर्ति को लेकर देर रात नागरिकों ने जमकर प्रदर्शन कर विजली विभाग के विरुद्ध प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया।

बताते चलें कि नाजिरपुरा और बशीरगंज इलाके में सुबह से ही बिजली न आने और जिम्मेदारों द्वारा उचित जवाब न देने से परेशान नागरिकों ने कारण स्थानीय लोगों ने रोड जाम किया और फिर वही पास स्थित बशीर गंज विद्युत उपकेंद्र पहुँच कर प्रदर्शन किया। इस दौरान भीड़ में से ही कुछ युवकों ने वहां रखे कुर्सी मेज तोड़ दिए और साथ ही रजिस्टर भी फाड़ दिया। इसके बाद पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। हालांकि देर रात पूरे मामले में कुछ समाजसेवियों के हस्तक्षेप के बाद प्रदर्शन खत्म हुआ।

## शिकायत अनुभाग का डीएम ने किया निरीक्षण



बहराइच। मुख्यमंत्री, शासन, आयुक्त, अनुसूचित जाति एवं मानवाधिकार आयोग, राज्य महिला आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग, अल्पसंख्यक कल्याण आयोग, राजस्व परिषद, डीएम की जनसुनवाई तथा अन्य स्तरों से प्राप्त होने वाले संदर्भो के निस्तारण की स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट स्थित शिकायत अनुभाग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विभिन्न पंजीकाओं का अवलोकन करते हुए सन्दर्भों के प्रेषण, प्राप्त आख्या इत्यादि के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए पटल सहायकों को निर्देशित किया कि समय से आख्या प्राप्त न होने पर अनुस्मारक पत्र प्रेषित कराया जाय तथा सम्बन्धित अधिकारियों से मोबाइल पर वार्ता भी की जाय। निरीक्षण के समय मौजूद मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह को डीएम ने निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से शिकायत प्रकोष्ठ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

## भदरसा गैंगरेप आरोपी सपा नेता मोईद खान की डीएनए रिपोर्ट नहीं हुई मैच, सपा सांसद ने भाजपा को घेरा




अयोध्या। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोला है। मंगलवार को सपा कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर कहा कि डीएनए रिपोर्ट से साबित हो गया कि भाजपा सरकार मुस्लिम विरोधी है। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि अयोध्या के भदरसा गैंग रेप को लेकर सपा नेता मोईद खान को चर्चा में लाया गया। सरकार की तरफ से मोईद खान, मोइद खान बोला गया। सारी बातें अब साफ हो गई हैं। डीएनए रिपोर्ट में मोईद खान पॉजिटिव नहीं हैं। उन्होंने रेप नहीं किया था। उसे मुस्लिम होने के कारण फर्जी फंसाया गया। प्रेसकांफ्रेन्स में सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि हमारे नेता अखिलेश यादव को पहले से ही शंका थी कि वह इतनी ज्यादा उम्र का है। वह कैसे ये काम कर सकता है। मुस्लिम के नाम पर भाजपा बदनाम करना चाहती है। सांसद ने कहा कि अगर उच्च न्यायालय रिपोर्ट न मांगती तो यह रिपोर्ट प्रकाशित न होती। पूरे उत्तर प्रदेश में ही नहीं पूरे देश में यह संदेश गया है कि भाजपा सरकार पूरी तरह से मुस्लिम विरोधी सरकार है। दलित, ओबीसी विरोधी सरकार है। संविधान विरोधी सरकार है। आरक्षण विरोधी सरकार है। यह मैसेज पूरे प्रदेश में गया है और इस मैसेज से 2027 में जब चुनाव होगा तो भाजपा का सफाया हो जाएगा। पत्रकार वार्ता में सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि वे एक जन चेतना यात्रा निकालेगें। जिसका नारा होगा ह्रखेती बचाओ सांड भगाओह्र। ये जन चेतना यात्रा समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव सपा नेता अनूप सिंह, प्रवक्ता बलराम यादव आदि मौजूद रहे।

## महज आरोप से मोईद खान को मीडिया ने दोषी साबित किया: फिरोज खान गब्बर

-बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से सपा के पूर्व प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि महज आरोप के आधार पर मीडिया ने मोईद खान को बलात्कार जैसे गंभीर आरोप में दोषी बना दिया जो दुर्भाग्यपूर्ण है। हम सब का शुरू से ही मानना था कि इस प्रकरण से मोईद खान का कोई लेना देना नहीं है। सरकार के पास डीएनए रिपोर्ट पहले ही आ गई थी। मोईद खान का डीएनए मैच न होने के कारण रिपोर्ट दबा दी गई थी। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद जब डीएनए रिपोर्ट कोर्ट में पेश की गई तो दूध का दूध पानी का पानी हो गया। सपा का शुरू से ही मानना था कि मोईद खान 71 वर्षीय बुजुर्ग हैं उनका इस प्रकरण से कोई लेना देना नहीं है। राजनीतिक कारणों से उनको आरोपी बनाया गया था। फिरोज खान गब्बर ने कहा कि जब उन्हें आरोपी बनाया गया तब देश के सभी चैनल पर प्रमुखता से यह समाचार दिखाया गया लेकिन आज डीएनए मैच न होने की खबर किसी चैनल पर नहीं चल रही है। फिरोज खान गब्बर ने मोईद खान पर पुलिस द्वारा गैंगस्टर की कार्रवाई किए जाने पर भी प्रश्न खड़ा किया है।

## गैर इरादतन हत्या के तीन दोषियों को 10 वर्ष का कठोर करावास व 63 हजार रूपये जुर्माना

अयोध्या। गैर इरादतन हत्या के एक मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोष सिद्ध तीन अभियुक्तों राम बहादुर, राम कैलाश व अंकित को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया गया है साथ ही प्रत्येक अभियुक्त पर 21 हजार रूपया जुमार्ना भी किया गया है। इसके अलावां धारा 506 में दो-दो साल की सजा भी सुनाई गयी है। मंगलवार को यह फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय रवि कुमार गुप्ता ने सुनाया है। इसके पश्चात तीनों अभियुक्तों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बींच पुनः जेल भेज दिया गया है।

फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता सईद खान एडीजीसी कौशल कुमार चतुवेर्दी, श्रीधर मिश्रा ने बताया कि यह घटना 14 नवंबर 2021 की समय 7:30 बजे शाम की है। मवई थाना क्षेत्र के सैदपुर मजरे खरिका का रहने वाला भोलानाथ खेत की सिंचाई कर रहा था। लाठी डंडा से लैस होकर उसके गांव के अमर बहादुर ,विशाल, कैलाश और अंकित वहां पहुंचे और रास्ते में बिछी पाइप को हटाने के लिए कहने लगे। पाइप न हटने से नाराज होकर सभी ने भोलानाथ के पिता गया बख्श को लाठी डंडा से मारे पीटे। भोलानाथ बचाने गया तो उसे भी मारे पीटे। शोर पर काफी लोग इकट्ठा हो गए तब सभी लोग गाली देते हुए भाग गए। परिजन गया बक्स को जिला चिकित्सालय ले गए वहां से उनकी हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पहुंचने पर डॉक्टर ने उन्हें अमृत घोषित कर दिया। इसकी रिपोर्ट सभी चार लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में लिखाई गई थी दौरान मुकदमा कैलाश की मौत हो गई इसकी इसलिए उसके खिलाफ मुकदमा समाप्त कर दिया गया अन्य को सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाया।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



बहराइच। अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धा आश्रम अमीनपुर नगरौर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान निवासरत वृद्धजनों को मुख्य अतिथि सांसद बहराइच आनन्द गोड द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मा. सांसद जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस समय पित्र-पक्ष चल रहा है। लेकिन जीते-जी माता पिता का कद्र कोई नहीं करता है यह वृद्धाश्रम उन लोगों के लिए प्रतिबिम्ब का कार्य कर रहा है। यह वृद्धाश्रम बहुत अच्छे तरीके से संचालित हो रहा है। विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल ने कहा कि पुत्र जीते-जी अपने मां बाप की सेवा नहीं करते है उन पुत्र को मरणोपरान्त अपने माता-पिता का श्राद्ध करने का कोई अधिकार नही है। उल्लेखनीय है कि अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव/अपर जिला जज विराट शिरोमणि की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री शिरोमणि ने भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## हर वृद्ध के चेहरे पर खुशी लाना लक्ष्य : अनिल




बहराइच। आदर्श कल्याण सेवा समिति द्वारा संचालित ओल्ड एज होम राजापुर माफी पर आज देश के यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा चलाए गए कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत वरिष्ठ समाज सेवक प्रबंधक अनिल कुमार प्रधान व वार्डन अनुराधा प्रधान ने आश्रम में कार्यरत पार्ट टाइम डॉक्टर प्रदीप पांडे पार्ट टाइम योगा टीचर श्रीमती अंजुला पांडे व समस्त स्टाफ सभी लोगों ने मिलकर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का कार्यक्रम संपन्न कराया।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस का उद्घाटन जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्ता ने किया। इस अवसर पर पूर्व मजिस्ट्रेट अशोक कुमार प्रधान वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम बहादुर श्रीवास्तव व शिवांशु सुशील महाविद्यालय संचालक महाराज सिंह इंटर कॉलेज प्रवक्ता आनंद मोहन प्रधान व मुख्य विकास अधिकारी पूर्व स्टेनो संजय श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया गया। यहाँ संस्था प्रबंधक व वरिष्ठ समाज सेवक अनिल कुमार प्रधान द्वारा सभी उपस्थित गणमान्य का बुके देकर स्वागत किया गया। यहाँ मौजूद सभी वृद्ध माता-पिता को माला पहनाकर सम्मानित कर अंग वस्त्र फल मिष्ठान वितरित करा। कार्यक्रम को बृहद स्वरूप प्रदान करते हुए प्रबंधक अनिल कुमार प्रधान ने सभी वृद्ध माता को साड़ियां व पिता आश्रम स्टाफ को गरम कंबल प्रदान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यहाँ वरिष्ठ नागरिक विक्रम बहादुर श्रीवास्तव एडवोकेट एवं पूर्व मजिस्ट्रेट अशोक प्रधान, आनन्द मोहन को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। सभा संचालन श्रीमती सुमन प्रधान ने वृद्ध जनों की सेवा करने का संकल्प दिलाया। संस्था प्रबंधक व चर्चित समाज सेवी अनिल कुमार प्रधान ने आश्रम वार्डन श्रीमती अनुराधा को शानदार ढंग से कार्यक्रम आयोजित करने एवं बुजुर्गों की अच्छी तरह से देखरेख करने के लिए सभी उपस्थित गण ने उनकी भूरि भूरि प्रशंसा किया। इस अवसर पर सभी वृद्ध माता-पिता को डॉ0 मनीष कुमार श्रीवास्तव व उनकी धर्मपत्नी पारुल प्रधान बेटी सम्मंगिक श्रीवास्तव द्वारा सभी वृद्ध माता-पिता को हवाई चप्पल व फल वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम वासी व आसपास के लोग अधिक संख्या में देखे गए उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित कर जलपान एवं भोजन व्यवस्था वार्डन द्वारा की गई थी।

संक्षेप

## टोयोटा ने की 14 फीसद की वृद्धि दर्ज

बैंगलोर। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने सितंबर 2024 में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में थोक बिक्री में 14 फीसद की वृद्धि दर्ज की है। इस तरह इसने सकारात्मक बिक्री गति दर्ज करना जारी रखा है। इस दौरान कंपनी ने कुल 26,847 गाड़ियां बेचीं। इनमें घरेलू बिक्री 23,802 गाड़ियों की हुई और कुल 3045 गाड़ियां निर्यात हुईं। सितंबर 2023 में कंपनी ने 23,590 गाड़ियां बेची थीं। वित्तीय वर्ष 2024-2025 के पहले 6 महीनों में, टीकेएम ने वाहनों की डिलीवरी में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की, जो कुल 1,62,623 गाड़ियों तक पहुँच गई।

## टीटीके प्रेस्टीज ने की शुभ उत्सव की घोषणा

नई दिल्ली। त्यौहारों के सीजन को और भी खास बनाने के लिए टीटीके प्रेस्टीज ने शुभ उत्सव फेस्टिव ऑफर 2024 लॉन्च किया है। यह ऑफर 15 नवंबर, 2024 तक चलेगा, जिसमें ग्राहकों को प्रेस्टीज के उत्पादों पर बंपर डिस्काउंट और मुफ्त उपहार मिलेंगे। इस कैंपेन के तहत कई बेहतरीन ऑफर्स और छूट प्रदान की जा रही हैं। इसके साथ ही, अतिरिक्त मुफ्त उपहार भी ग्राहकों को लुभाने के लिए शामिल हैं। त्यौहारों के इस मौके पर ग्राहक प्रेस्टीज के बेहतरीन उत्पादों का आनंद लेते हुए पैसे की बचत भी कर सकते हैं।

## आईएमडीबी ने 250 भारतीय फिल्मों का जश्न मनाया

नई दिल्ली। आईएमडीबी, फिल्मों, टीवी शो और मशहूर हस्तियों के बारे में जानकारी के लिए दुनिया का सबसे लोकप्रिय और आधिकारिक स्रोत, अक्टूबर 2022 में लॉन्च किए गए अपने भारतीय इंस्टाग्राम हैंडल पर 250,000 फॉलोअर्स तक पहुंच गया है। मनोरंजन प्रशंसक देश भर में कौन और क्या ट्रेंड कर रहा है, यह जानने, नई सामग्री खोजने और क्या और कहां देखना है, यह तय करने के लिए आईएमडीबी इंडिया सोशल मीडिया हैंडल पर भरोसा करते हैं। इस मील के पत्थर का जश्न मनाने के लिए, आईएमडीबी ने सभी समय की शीर्ष 250 उच्चतम रेटेड भारतीय फिल्मों का एक सीमित संस्करण संग्रहणीय पोस्टर डिजाइन किया है।

## एसबीआई कार्ड की सिंगापुर एयरलाइंस के साथ साझेदारी

नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े प्योर - प्ले क्रेडिट कार्ड एसबीआई कार्ड ने सिंगापुर की राष्ट्रीय एयरलाइंस सिंगापुर एयरलाइंस लिमिटेड (एसआईए) के साथ आज क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड लॉन्च किया। इस अनूठे यात्रा केंद्रित सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को सुपर-प्रीमियम कार्डधारकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है जिसका लाभ ग्राहकों को हवाईयात्रा और जमीन दोनों प्राप्त होगा। एसआईए के इस समूह में सिंगापुर एयरलाइंस, स्कूट एयरलाइन, क्रिसशॉप डॉट कॉम, क्रिस+ लाइफस्टाइल ऐप और पेलेगो शामिल हैं। नए लॉन्च किए गए क्रेडिट कार्ड दो रूपों में उपलब्ध है - क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड और क्रिसफ्लायर कार्ड एपेक्स।

## सिंपोलो ने पेश किया नया कलेक्शंस

नई दिल्ली। सिंपोलो टाइल्स और बाथवेयर- सिरेमिक और सतह डिजाइन उद्योग में एक अग्रणी कंपनी है। कंपनी ने कोचीन में अपने बहुप्रतीक्षित उत्पाद के लाचिंग इवेंट मे पर्सपेक्टिव-2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस इवेंट में भारत भर के 400 से अधिक प्रीमियम डीलर्स और केरल के 100 अधिक प्रमुख आर्किटेक्ट्स ने भाग लिया। जिन्होंने सिंपोलो की नवीनतम अत्याधुनिक कलेक्शंस और सतहों का अनावरण देखा। जो आधुनिक आर्किटेक्चर और डिजाइन की विकसित होती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार की गई हैं।

## टैफे के पास है 500 उत्पाद पोर्टफोलियो

बरेली। टैफे ने मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड का उत्पादन, निर्माण और पोषण किया है और अपनी मजबूत स्वदेशी आर एंड डी तथा गुणवत्ता नियंत्रण के बल पर भारत में 500 से अधिक मॉडलों का एक विस्तृत उत्पाद पोर्टफोलियो प्रस्तुत करता है। टैफे भारत में प्रति वर्ष 180,000 से अधिक ट्रैक्टरों के साथ 100,000 से अधिक मैसी फर्ग्यूसन का उत्पादन करता है एवं इस सेवा के माध्यम से लगभग 3 मिलियन संतुष्ट ग्राहकों का आधार बनाया है। टैफे और मैसी फर्ग्यूसन भारत में पर्यायनामी हैं।

# सेंसेक्स 33 अंक और फिसला



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। तेल एवं गैस और दैनिक उपयोग का उपभोक्ता सामान बनाने वाली कुछ प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 33.49 अंक के मामूली नुकसान में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 33.49 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,266.29 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 84,648.40 अंक तक गया जबकि नीचे में 84,098.94 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 13.95 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 25,796.90 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में नरम रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। यह शेयर बाजारों में गिरावट का लगातार तीसरा सत्र रहा। इन तीन सत्रों में सेंसेक्स ने कुल।,570 अंक यानी करीब दो प्रतिशत और निफ्टी ने 419 अंक यानी 1.6 प्रतिशत का नुकसान उठाया है। चीन में अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देने के लिए पैकेज घोषित होने के बाद से भारतीय बाजारों में गिरावट है। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इंडसइंड बैंक में सर्वाधिक 2.68 प्रतिशत की गिरावट रही। इसके अलावा एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एनटीपीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 9,791.93 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे जबकि घरेलू स्थागत निवेशकों ने 6,645.80 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.56 प्रतिशत की बढ़त पर रहा। वहीं मिडकैप में 0.27 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की लाभ में रहा। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का बाजार मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश के कारण बंद रहे। चीन के बाजार अवकाश के कारण पूरे सप्ताह बंद रहेंगे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में कारोबार मिला-जुला रहा। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त में रहे थे। देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां कारखाना उत्पादन, बिक्री तथा नए निर्यात ऑर्डर में धीमी वृद्धि से सितंबर में आठ महीने के निचले स्तर पर आ गईं। मंगलवार को एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

# कमजोर मांग से सोने में 200 रुपये की गिरावट, चांदी स्थिर



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने में 10 दिन से चली आ रही तेजी थम गई और यह 200 रुपये की गिरावट के साथ 78,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

सोमवार को सोना 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, स्थानीय बाजारों में मंगलवार को चांदी 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित बनी रही। इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये गिरकर 77,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। सोमवार को पिछले बंद भाव में यह 77,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में दिसंबर डिलिवरी वाले सोने के अनुबंध का भाव 347 रुपये यानी 0.46 प्रतिशत बढ़कर 75,958 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। चांदी भी 441 रुपये यानी 0.49 प्रतिशत चढ़कर 91,160 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। एशियाई कारोबारी घंटों में कॉमेक्स सोना 0.34 प्रतिशत बढ़कर 2,668.50 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के एवीपी-जिंस एवं मुद्रा मनीष शर्मा ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल द्वारा फेडरल रिजर्व द्वारा कम आक्रामक नीतिगत ढील के पक्ष में झुकाव के कारण कल सोने की कीमतें चार दिन के निचले स्तर पर आ गईं, जिससे अमेरिकी डॉलर में उल्लेखनीय उछाल आया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में चांदी भी 0.48 प्रतिशत बढ़कर 31.61 डॉलर प्रति औंस पर बोली गई।

## जीएसटी मुनाफा रोधी व्यवस्था एक अप्रैल, 2025 से नहीं रहेगी प्रभावी

नयी दिल्ली। जीएसटी मुनाफा-रोधी व्यवस्था एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी नहीं रहेगी। सरकार ने जीएसटी कानून में मुनाफाखोरी पर लगाम लगाने से जुड़े उपबंध को समाप्त करने की तिथि एक अप्रैल, 2025 अधिसूचित की है।

सरकार के जीएसटी नीति प्रकोष्ठ ने एक और अधिसूचना में कहा कि साथ ही एक अक्टूबर से मुनाफाखोरी-रोधी प्रावधानों के तहत सभी लंबित शिकायतों का भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के बजाय जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की प्रधान पीठ निपटान करेगी। ये अधिसूचनाएं जीएसटी परिषद की सिफारिशों के अनुरूप हैं। परिषद ने 22 जून को अपनी 53वीं बैठक में जीएसटी के तहत मुनाफाखोरी-रोधी उपबंध समाप्त करने तथा मुनाफाखोरी-रोधी मामले जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की प्रधान पीठ द्वारा देखे जाने के लिए केंद्रीय जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 171 और धारा 109 में संशोधन करने की सिफारिश की थी। परिषद ने मुनाफाखोरी-रोधी किसी भी नए आवेदन की प्राप्ति के लिए एक अप्रैल, 2025 की अंतिम तिथि की भी सिफारिश की थी। जीएसटी नीति प्रकोष्ठ की अधिसूचना का मतलब यह है कि उपभोक्ता एक अप्रैल, 2025 से जीएसटी दर में कटौती का लाभ नहीं देने वाली कंपनियों के खिलाफ मुनाफाखोरी के बारे में शिकायत दर्ज नहीं कर पाएंगे।

## रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ बंद



मुंबई। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया मंगलवार को तीन पैसे की गिरावट के साथ 83.82 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कमजोर शेयर बाजार, विदेशी कोषों की निकासी तथा अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से रुपये में गिरावट आई।

हालांकि, विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचने से स्थानीय मुद्रा को भारी गिरावट से बचने में मदद मिली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.81 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान रुपया 83.83 रुपये प्रति डॉलर के दिन के निचले स्तर और 83.80 प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में तीन पैसे की गिरावट के साथ 83.82 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 10 पैसे की गिरावट के साथ 83.79 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि कमजोर घरेलू बाजारों और निराशाजनक वृहद आर्थिक आंकड़ों के कारण रुपये में गिरावट आई। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर में सुधार ने भी रुपये पर दबाव डाला। हालांकि, कमजोर कच्चे तेल की कीमतों ने गिरावट को कुछ कम किया। उन्होंने कहा कि एफआईआई की निकासी भी रुपये पर दबाव डाल सकती है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 100.79 हो गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70.48 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर, सेंसेक्स 33.49 अंक गिरकर 84,266.29 अंक पर बंद हुआ।

## वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 48.5 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ी

नयी दिल्ली। विमान ईंधन या एटीएफ की कीमत 6.3 प्रतिशत की कटौती के बाद मंगलवार को इस साल के निचले स्तर पर आ गई।

वहीं, होटलों तथा रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी (19 किलोग्राम) की कीमत में 48.5 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है। अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों के रुझान के अनुरूप मासिक आधार पर इसकी कीमत में यह वृद्धि की गई है। सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत 5,883 रुपये प्रति किलोलीटर या 6.29 प्रतिशत घटकर 87,597.22 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। यह विमान ईंधन की इस साल सबसे कम कीमत है। इसमें लगातार दूसरी बार कटौती से विमानन कंपनियों का बोझ कम करने में मदद मिलेगी, जिनकी परिचालन लागत में ईंधन का हिस्सा करीब 40 प्रतिशत होता है। इससे पहले एक सितंबर को कीमतों में 4,495.5 रुपये प्रति किलोलीटर या 4.58 प्रतिशत की कटौती की गई थी। एटीएफ की कीमत मुंबई में मंगलवार को 87,432.78 रुपये प्रति किलोलीटर से घटाकर 81,866.13 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। स्थानीय करों के आधार पर कीमतें हर राज्य में अलग-अलग होती हैं। इसके साथ ही तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 48.5 रुपये बढ़ाकर 1,740 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर कर दी है।

# सकल जीएसटी संग्रह सितंबर में 6.5 प्रतिशत बढ़कर 1.73 लाख करोड़ हुआ

नयी दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का सितंबर महीने में सकल संग्रह सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.73 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछले साल की समान अवधि में सकल जीएसटी संग्रह 1.63 लाख करोड़ रुपये रहा था। वहीं अगस्त, 2024 में जीएसटी संग्रह 1.75 लाख करोड़ रुपये रहा था।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर में घरेलू कर राजस्व 5.9 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.27 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं माल के आयात से प्राप्त राजस्व आठ प्रतिशत बढ़कर 45,390 करोड़ रुपये हो गया। आलोच्य अवधि में जीएसटी विभाग की तरफ से 20,458 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 31 प्रतिशत अधिक है। रिफंड राशि को समायोजित करने के बाद सितंबर में शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.53 लाख करोड़ रुपये रहा। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 3.9 प्रतिशत अधिक है।

## सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी एस24 एफई किया लॉन्च

नई दिल्ली। सैमसंग ने आजगैलेक्सी एस24 एफई लॉन्च किया है। यह गैलेक्सीएआई इकोसिस्टमका नया प्रोडक्ट है, जो ज्यादा से ज्यादा यूजर्स को शानदार मोबाइल अनुभव देता है। गैलेक्सी एस24 एफई में एआई-बेस्ड प्रोविजुअल इंजनऔरफोटो असिस्टफीचर के साथएडवांस्ड कैमरा सेटअपदिया गया है, जिससे यूजर्स अधिक क्रिएटिव बन सकते हैं। इसमें 6.7-इंच काडायनैमिक एमोलेड 2एक्स डिस्प्ले, 4,700एमएएच बैटरीऔर पावरफुलएक्सिनॉस 2400 सीरीज चिपसेटहै, जो चलते-फिरतेगेमिंगका बेहतरीन अनुभव देता है। यह डिवाइसकम्युनिकेशन, उत्पादकताऔरक्रिएटिविटीबढ़ाने के लिए प्रीमियमगैलेक्सी एआई टूल्सऔरइकोसिस्टम कनेक्टिविटीके साथ आता है। साथ ही, इसकाआइकॉनिक डिजाइनऔर मजबूतसैमसंग नॉक्स सिक्योरिटीइसे पूरी तरह से सुरक्षित बनाते हैं।

## कोटक ने पेश किया फाल्कन फॉरेक्स कार्ड

मुंबई। कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने आज कोटक फाल्कन कार्ड लॉन्च किया। यह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा करने वाले भारतीयों के लिए एक सिंगल करेंसी प्रीपेड फॉरेक्स कार्ड है। कोटक फाल्कन कार्ड की खासियत इसकी सुरक्षा और सुविधा तथा 20,000* रुपये तक की कुल बचत है, जो इसे महत्वाकांक्षी भारतीयों के लिए आकर्षक बनाती है। यूएई में भुगतान के लिए कोटक फाल्कन कार्ड का उपयोग करने वाले यात्रियों को 100 से अधिक पर्यटक स्थलों, एडवेंचर स्?पोर्ट्स, खरीदारी, भोजन और अनूठे अनुभवों पर तत्काल छूट मिलेगी। अतिरिक्त लाभों में कॉम्प्लीमेंटरी बीमा कवर, 24*7 रीलोड सेवा, तत्काल रिफंड और परेशानी मुक्त कार्ड रिप्लेसमेंट शामिल हैं।

# बिजली की खपत 141.36 अरब यूनिट पर



नयी दिल्ली। सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होने से देश में बिजली की खपत 141.36 अरब यूनिट के साथ सालाना आधार पर लगभग स्थिर रही। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि देशभर में सितंबर में 10.6 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई। इससे एयर कंडीशनर और कूलर जैसे उपकरणों की जरूरत कम पड़ी।

सितंबर, 2023 में देश में 141.29 अरब यूनिट बिजली की खपत हुई थी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर, 2024 में एक दिन की सर्वाधिक बिजली मांग 230.60 गीगावाट तक आ गई जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह मांग 239.93 गीगावाट थी। इस साल मई में बिजली की अधिकतम मांग लगभग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चस्तर को छू गई थी। पिछली सर्वकालिक उच्च बिजली मांग 243.27 गीगावाट पिछले साल सितंबर में दर्ज की गई थी। विशेषज्ञों ने कहा कि देश में व्यापक स्तर पर सामान्य से अधिक बारिश होने से एयर कंडीशनर और कूलर जैसे बिजली उपकरणों का इस्तेमाल कम हो गया। इससे सितंबर में बिजली की खपत में गिरावट आई है। विश्लेषकों के मुताबिक, मानसून खत्म होने और त्योहारों के मौसम में देश में औद्योगिक और वाणिज्यिक गतिविधियां बढ़ने से आने वाले दिनों में बिजली की मांग और खपत स्थिर रहेगी।

## पेज एक का शेष

### सम्पत्तियों के

निर्माण को संरक्षण नहीं देगा। न्यायालय ने कहा हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि हमारे आदेश से किसी भी सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण करने वालों को मदद न मिले। पीठ ने मामले पर सुनवाई के बाद कहा आदेश सुरक्षित रखा जाता है। पीठ के आदेश सुरक्षित रखने के बाद याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश एक वकील ने उच्चतम न्यायालय के 17 सितंबर के आदेश का उल्लेख किया जिसमें कहा गया था कि उसकी अनुमति के बगैर एक अक्टूबर तक आरोपियों समेत अन्य लोगों की संपत्तियों को नहीं गिराया जाएगा।

वकील ने पीठ से अपने अंतरिम आदेश की अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया। इस पर पीठ ने कहा, इस मामले में निर्णय लेने तक यह बना रहेगा। इससे पहले, न्यायालय ने कहा था कि अगर अवैध रूप से ध्वस्तीकरण का एक भी मामला है तो यह हमारे संविधान के मूल्यों के विरुद्ध है। न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि उसका आदेश सड़कों, फुटपाथ, रेलवे लाइन या जलाशयों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर बने अनधिकृत ढांचों पर लागू नहीं होगा और साथ ही उन मामलों पर भी लागू नहीं होगा जिनमें अदालत ने ध्वस्तीकरण का आदेश दिया है।

### कांग्रेस की

हरियाणा में वापस लाना चाहते हैं और आप पर थोपना चाहते हैं। उन्होंने कहा उनकी सरकार बनने के दूर-दूर तक आसार नजर नहीं आ रहे हैं। लेकिन लूट-खसोट का बंटवारा अभी से हो गया है। ये है कांग्रेस की सच्चाई। कांग्रेस की नस-नस में भ्रष्टाचार दौड़ता है। ये दलालों और दामादों की पार्टी बन गई है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कांग्रेस के राज में यहां जमीन की दलाली करने वाले मालामाल हो गए जबकि किसान को सिर्फ 2 रुपये का मुआवजा मिला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हरियाणा के किसानों के सामने तारे तोड़कर लाने की बातें कर रही है लेकिन जहां इनकी सरकार है, वहां ये अपना एक भी वादा लागू नहीं कर पाए। उन्होंने कहा यानी कांग्रेस की नीयत में ही खोट है। मोदी ने कहा कि आज कांग्रेस यहां न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रही है लेकिन कांग्रेस की सरकार यहां सिर्फ तीन-चार फसलों पर एमएसपी देती थी जबकि भाजपा सरकार 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर कर रही है। उन्होंने कहा पिछले आठ सत्र में एमएसपी के रूप में यहां के लाखों किसानों को। लाख 10 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा परिणाम पर ध्यान केंद्रित करती है जबकि कांग्रेस कभी भी खुद मेहनत नहीं करती। उन्होंने कहा कांग्रेस को लगता था कि 10 साल हो गए, हरियाणा वाले उन्हें थाली में परोसकर सत्ता दे देंगे। यही गलतफहमी कांग्रेस को मध्यप्रदेश में भी थी, वहां भी कांग्रेस के लोग पहले ही जीत का जश्न मनाने लगे थे। लेकिन मध्यप्रदेश की जनता ने वोटिंग के दिन कांग्रेस को दिन में तारे दिखा दिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सिर्फ और सिर्फ एक ही एजेंडा है और वह है वोट के लिए ज्यादा से ज्यादा तुष्टीकरण। उन्होंने दावा किया, कांग्रेस आज कह रही है कि वह दलितों और पिछड़ों का आरक्षण खत्म कर देगी। कर्नाटक में इन्होंने यही तो किया है। वहां कांग्रेस की सरकार बनते ही इन्होंने दलितों और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर उसे अपने वोटबैंक में बांट दिया। कांग्रेस का देश की सबसे बड़ी दलित विरोधी पार्टी करार देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उसने दो-दो बार बाबा साहेब आंबेडकर को चुनाव हरवाया और संसद के केंद्रीय कक्ष में उनकी तस्वीर तक नहीं लगने दी।

### तकनीक सीखने

खर्च होने पर कुछ अंश भी योगी कैबिनेट द्वारा देने की सहमति जताई गई। प्राइवेट यूनिवर्सिटी योजना में निवेशकों को स्टाम्प ड्यूटी में 20 से 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी। इससे पांच श्रेष्ठ विदेशी विश्व विद्यालयों को स्टाम्प ड्यूटी में 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। वहीं, उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति पर सहमति जता दी गई है। बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2024 में मूल्य समर्थन योजना के तहत मक्का, बाजरा और ज्वार की खरीद को मंजूरी दी गई है। मक्का 2225 क्विंटल, बाजरा 2625 क्विंटल, ज्वार हाइब्रिड 3571 क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा। मक्का खरीद 21 जिलो में, बाजरा खरीद 32 जिलो में, ज्वार खरीद 11 जिलो में की जाएगी। 1 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक खरीद की जाएगी। कैबिनेट मीटिंग में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को भी मंजूरी मिल गई है। इस अभियान के तहत हर साल पांच लाख का लोन दिया जाएगा। इसमें हर साल एक लाख का लोन मिलेगा, जो लोन समय पर वापस करेंगे उन्हें 10 लाख का लोन देंगे। इस लोन में 50 प्रतिशत ब्याज की रिबेट भी दी जाएगी। यह लोन पांच साल में करना करना होगा। साथ ही मार्जिन मनी में भी छूट मिलेगी।

प्रदेश के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को पीपीपी बोर्ड पर संचालित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ बिल्ड ऑन एन ऑपरेट फेस पर सोलर पार्क विकसित किए जाने को मंजूरी दी गई। इसके अलावा, औद्योगिक निवेश नीति के संशोधन को मंजूरी मिल गई है। इसके अलावा बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ बिल्ड ऑन एन ऑपरेट फेस पर सोलर पार्क विकसित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी। उत्तर प्रदेश बायो प्लास्टिक उद्योग नीति 2024 बनाए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। बायोप्लास्टिक (बायोडिग्रेडेबल और कम्पोस्टेबल) बनाने वाली कंपनियों को कुल पूंजी निवेश पर पचास प्रतिशत सब्सिडी सात सालों में दी जाएगी।

### खिलाड़ियों का

रहा। सामान्य खिलाड़ियों में ललित ने एक बार फिर अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया, जबकि गाजीपुर जैसे छोटे जिले से निकलकर राजकुमार पाल ने भारतीय हॉकी टीम से ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर अपना लोहा मनवाया। इन सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को राज्य सरकार की ओर से राजपत्रित अधिकारी बनाया जाएगा। इसके अलावा हमने खिलाड़ियों के साथ उनके प्रशिक्षकों को भी प्रोत्साहन राशि दी है। योगी ने कहा कि पीएम मोदी के निर्देशन में उत्तर प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। यहां जनपद स्तर पर कम से कम एक स्टेडियम और ब्लॉक स्तर पर कम से कम एक ओपन जिम प्रावधान किया गया है, ताकि प्रत्येक क्षेत्र की प्रतिभाएं निखकर सामने आएं। इसके अलावा खिलाड़ियों के बेहतर प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की गई। इन सुविधाओं के बाद प्रदेश में खिलाड़ियों की संख्या में इजाफा भी हुआ, जो प्रदेश के सुखद खेल भविष्य का परिचायक है। समारोह के दौरान प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र शाही और खेलमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने पेरिस पैरालंपिक में पदक विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी अवनीश सिंह, प्रमुख सचिव खेल अलोक कुमार, खेल सचिव सुहास एलवाई, खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### जम्मू-कश्मीर

मुजफ्फर बेग भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि सभी क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि शाम पांच बजे तक 65.48 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान शाम छह बजे समाप्त होगा। उधमपुर जिले में सबसे अधिक 72.91 प्रतिशत मतदान हुआ, इसके बाद सांबा (72.41 प्रतिशत), कठुआ (70.53 प्रतिशत), जम्मू (66.79 प्रतिशत) बांदीपुरा (63.33 प्रतिशत) कुपवाड़ा (62.76 प्रतिशत) और बारामूला (55.73 प्रतिशत) का स्थान रहा। सभी निर्वाचन क्षेत्रों में जम्मू जिले का छंब शुरुआती 10 घंटों में 77.35 प्रतिशत मतदान के साथ सबसे आगे है। कभी आतंकवादियों और अलगाववादियों का गढ़ रहे सोपोर खंड में सबसे कम 41.44 प्रतिशत मतदान हुआ। पश्चिमी पाकिस्तानी शरणार्थी, वाल्मीकि समाज और गोरखा समुदाय के सदस्य अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए सुबह-सुबह मतदान केंद्रों पर पहुंचे। इससे पहले वे क्रमशः 2019 और 2020 में ब्लॉक विकास परिषद और जिला विकास परिषद चुनावों में मतदान कर चुके हैं। मतदान के दौरान सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के लिए अर्द्धसैनिक और सशस्त्र पुलिस बल सहित सुरक्षा बलों की 400 से अधिक कंपनी को तैनात किया गया है। चुनाव के पहले चरण में 18 सितंबर को 61.38 प्रतिशत और 25 सितंबर को दूसरे चरण में 57.31 प्रतिशत मतदान हुआ था। मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। चुनाव के इस चरण में प्रमुख उम्मीदवारों में रमन भल्ला (आरएस पुरा), उस्मान माजिद (बांदीपुरा), नजीर अहमद खान (गुरेज), ताज मोहिउद्दीन (उरी), बशारत बुखारी (वागूरा-क्रीरी), इमरान अंसारी (पट्टन), गुलाम हसन मीर (गुलमर्ग), चौधरी लाल सिंह (बसोहली), राजीव जसरोटिया (जसरोटा), मनोहर लाल शर्मा (बिलावर), श्याम लाल शर्मा और अजय कुमार सधोत्रा (जम्मू उत्तर) शामिल हैं।

### जलनिगम के

अर्जित करने का मामला पाया गया। इसके बाद से अब तक 11 मामलों में मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं, जिनकी जांच विजिलेंस के अलग-अलग सेक्टरों में चल रही है। शासन ने भ्रष्टाचार की शिकायतों पर 12 जून 2020 को विजिलेंस की टीम को जांच का आदेश दिया था। जल निगम की निर्माण इकाई सीएंडडीएस के तत्कालीन परियोजना प्रबंधक कमलेश कुमार केसरी आय से अधिक संपत्ति के दोषी पाए गए थे। जांच के लिए निर्धारित अवधि के दौरान आय और खर्च की पड़ताल भी की गई थी। तब सामने आया था कि निर्धारित अवधि में 58.60 लाख रुपए की आय के मुकाबले कमलेश कुमार ने भरण-पोषण और संपत्ति जुटाने में 1.78 करोड़ रुपए से अधिक रकम खर्च की। कुल आय से 1.19 करोड़ रुपए अधिक खर्च किए जाने को लेकर वह जांच एजेंसी को संतोषजनक उत्तर भी नहीं दे सके थे। तत्कालीन सहायक अभियंता (परियोजना प्रबंधक) सीएंडडीएस कृष्ण कुमार पटेल आय से अधिक संपत्ति के दोषी हैं। इनके खिलाफ हुई विजिलेंस की खुली जांच में निर्धारित अवधि में कुल आय 29.56 लाख रुपए की तुलना में भरण-पोषण और संपत्तियों में 39.56 लाख रुपए खर्च किए गए। उन्होंने आय से लगभग 10 लाख रुपए से अधिक खर्च किए और उसका कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। जल निगम के मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ के तत्कालीन अधीक्षण अभियंता अजय रस्तोगी (अब सेवानिवृत्त) के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज है। प्रयागराज के किदवई नगर निवासी पूर्व अधीक्षण अभियंता की निर्धारित अवधि में कुल आय 65.90 लाख रुपए थी। जबकि उन्होंने भरण-पोषण और संपत्तियां जुटाने में 1.14 करोड़ रुपए खर्च किए। कुल आय की तुलना में उन्होंने 48.27 लाख रुपए अधिक खर्च किए, जिसका कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके।

### गुरुसंडी हत्याकांड

मंदिर के दान पात्र को लेकर श्रवण पाण्डेय पुत्र कृपा शंकर पाण्डेय उम्र करीब 30 वर्ष व श्रीनरायन दूबे पुत्र रामदयाल दूबे उम्र करीब 50 वर्ष के मध्य वादविवाद हुआ, जिसमें श्रीनरायन दुबे उपरोक्त द्वारा श्रवण पाण्डेय को गोली मार हत्या कर दी गयी। थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर चार लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम हेतु भेजवाया गया तथा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।




# बीसीसीआई प्रदेश संघों को आधुनिक एथलीट मॉनिटरिंग सिस्टम देगा



नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड प्रदेश संघों को आधुनिक एथलीट मॉनिटरिंग सिस्टम (एएमएस) देगा जिससे खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। प्रदेश संघों को भेजे पत्र में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बताया कि बेंगलुरू के सेंटर आफ एक्सीलैंस की एक टीम एएमएस के प्रभावी इस्तेमाल की जानकारी देने के लिये जल्दी ही उन तक पहुंचेगी।

शाह ने पत्र में लिखा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बीसीसीआई सभी प्रदेश संघों को एएमएस देगा जिसका खर्च बीसीसीआई वहन करेगा। दिसंबर में आईसीसी चेयरमैन बनने जा रहे शाह ने कहा कि प्रदेश संघ इससे खिलाड़ियों का बेहतर प्रबंधन कर सकेंगे और खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ दे पायेंगे। एएमएस खिलाड़ियों को जोखिम और तैयारियों पर सूचना देने के साथ कोचों और प्रशासकों को प्रदर्शन अलर्ट, चोटों और फिटनेस पर विश्लेषण और कार्यभार मॉनिटरिंग भी करेगा। ये सभी सूचनायें मोबाइल ऐप के जरिये साझा की जा सकती हैं।

# कोहली ने शाकिब को अपना बल्ला तोहफे में दिया



कानपुर। भारत के सुपर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार को यहां दो टेस्ट की श्रृंखला में घरेलू टीम के क्लीन स्वीप के बाद मेहमान टीम के जल्द ही संन्यास लेने वाले ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को अपने हस्ताक्षर वाला बल्ला तोहफे में दिया।

यहां विदेशी सरजमीं पर अपना अंतिम टेस्ट खेलने वाले शाकिब पहले की स्पष्ट कर चुके हैं कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में तब तक नहीं खेलेंगे जब तक कि बांग्लादेश की मौजूदा कार्यवाहक सरकार उनके देश से बाहर जाने में किसी तरह की रुकावट नहीं आने का आश्वासन नहीं देती। दूसरे टेस्ट मैच में भारत के सात विकेट से जीत दर्ज करने के बाद कोहली बांग्लादेश की टीम की ओर बढ़े और बांग्लादेश के महानतम क्रिकेटर को अपना बल्ला सौंपा। दोनों को एक-दूसरे का अभिवादन करते और हंसते हुए देखा गया जबकि शाकिब ने बल्ले से शैडो ड्राइविंग की। शाकिब भारत में एक लोकप्रिय क्रिकेटर हैं जिन्होंने 71 आईपीएल मैच खेले हैं। वह मुख्य रूप से कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए और कुछ मैच सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेले। शाकिब पर बांग्लादेश में हत्या का आरोप है जो उस समय लगाया गया था जब देश में नागरिक अशांति फैली थी जिसके कारण पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद छोड़ना पड़ा। शाकिब हसीना की पार्टी आवामी लीग से संसद सदस्य थे।

# जर्मनी के खिलाफ घरेलू हॉकी श्रृंखला की तैयारी के लिए शिविर में 40 संभावित

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने विश्व चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ इस महीने के आखिर में यहां होने वाली दो मैचों की श्रृंखला की तैयारी के लिये बेंगलुरू में सीनियर पुरूष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में 40 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया है। जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर दो मैच खेले जायेंगे। शिविर एक से 19 अक्टूबर तक चलेगा। भारतीय टीम ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता और चीन में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में खिताब बरकरार रखा। शिविर में फोकस खिलाड़ियों के कौशल को निखारने और मैचों के दौरान की रणनीति पर होगा। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि विश्व चैम्पियन के खिलाफ खेलना बेहतरीन मौका है जिसमें हम अपनी क्षमता दिखा सकते हैं। संभावित खिलाड़ियों में शामिल हर एक के पास विभिन्न स्तर पर अनुभव है और हम एक टीम के रूप में अच्छे प्रदर्शन की कोशिश करेंगे।

गोलकीपर: कृशन बहादुर पाठक, पवन, सूरज करकेरा, मोहित

डिफेंडर: जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, अमनदीप लाकड़ा, नीलम संजीप सेस, वरूण कुमार, यशदीप सिवाच, दिप्सन टिर्की, मनदीप मोर

## संक्षेप

### सबालेंका का विजय अभियान जारी

बीजिंग, । अक्टूबर (एपी) तीन बार की ग्रैंड स्लैम विजेता एरिना सबालेंका ने सोमवार को यहां चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एश्लिन क्रूगर को 6-2, 6-2 से हराकर लगातार 14वीं जीत दर्ज करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सबालेंका का सामना अब अमेरिका की मेडिसन कीज से होगा जिन्होंने ब्राजील की बीट्रिस हदाद माइया को 6-3, 6-3 से हराया। प्री क्वार्टर फाइनल में सबालेंका की नजरें अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ लगातार 15 जीत की बराबरी करने पर होंगी। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने भी केटी वोलिनेट्स के खिलाफ 6-3, 6-2 की आसान जीत के साथ अंतिम 16 में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत छठे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ से होगी। दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी अन्ना कालिन्स्काया 3-6, 6-3, 3- । से आगे चल रही थी जब पीटन स्टर्न्स ने मैच से हटने का फैसला किया। वह अब यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा से भिड़ेंगी। केरोलिना मुचोवा ने जैकलीन क्रिस्टियन को 6- l, 6-3 से हराया और वह चौथे दौर में क्रिस्टीना बुक्सा और 24वीं वरीय एलिस मर्टेन्स के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। दूसरी और पुरुष वर्ग में आंद्रे रुबलेव ने बारिश से प्रभावित मैच में एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-4, 7-5 से हराया। पांचवीं वरीयता प्राप्त रूस के रुबलेव क्वार्टर फाइनल में स्थानीय दावेदार बू युंचाओकेटे के खिलाफ उतरेंगे।

### बोर्नेमाउथ ने हराया साउथम्पटन को

बोर्नेमाउथ (इंग्लैंड)। बोर्नेमाउथ ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सोमवार को यहां साउथम्पटन को 3- । से हरा दिया। सत्र के छह मैच के बाद भी साउथम्पटन को पहली जीत की तलाश है और टीम एक अंक जुटाकर वोल्वरहैम्पटन के साथ संयुक्त रूप से आखिरी पायदान पर है। निचली लीग से ईपीएल में आने वाली साउथम्पटन की 1998 के बाद लीग में यह सबसे खराब शुरुआत है। बोर्नेमाउथ की ओर से एवनिलसन (17वें मिनट), डेंगो ओउआटारा (32वें मिनट) और एंटोनी सेमेन्यो (39वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा ।साउथम्पटन की ओर से एकमात्र गोल टेलर हारवुड बेलिस ने 51वें मिनट में किया।

### पाकिस्तान के हॉकी खिलाड़ी सोहेल अब्बास मलेशिया के ड्रैग फ्लिक कोच बने

कराची। पाकिस्तान के महान पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ सोहेल अब्बास ने मलेशिया हॉकी परिसंघ के साथ ड्रैग फ्लिक कोच के तौर पर एक साल का करार किया है। सोहेल ने पाकिस्तान हॉकी महासंघ के साथ कोई कोचिंग करार कभी नहीं किया और दो बार पेशकश मिलने पर ठुकरा चुके हैं। वह देश के पूर्व ओलंपियनों और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से भी दूर रहते हैं।

पाकिस्तान के लिये उन्होंने 311 मैचों में 348 गोल किये हैं। वह मलेशिया के मुख्य कोच सुरजीत सिंह के साथ काम करेंगे।

# भारत ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

## रविंद्र जडेजा की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से श्रृंखला में 2-0 से क्लीन स्वीप किया



कानपुर। रविंद्र जडेजा की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से बांग्लादेश की पारी को ध्वस्त करने के बाद भारत ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन सात विकेट से जीत दर्ज करके दो मैच की श्रृंखला में मेहमान टीम का 2-0 से सूपड़ा साफ किया और आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली।

भारत ने स्वदेश में लगातार 18वीं टेस्ट श्रृंखला जीतकर अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। इस जीत से डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर मौजूद भारत के 11 मैच में आठ जीत, दो हार और एक ड्रॉ से 98 अंक हैं जो 74.24 प्रतिशत अंक होते हैं। ऑस्ट्रेलिया 12 मैच में आठ जीत, तीन हार और एक ड्रॉ से 90 अंक से 62.50 प्रतिशत अंक जुटाकर दूसरे स्थान पर है। बांग्लादेश के 95 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने यशस्वी जायसवाल (51 रन, 45 गेंद, आठ चौके, एक छक्का) और विराट कोहली (नाबाद 29, 37 गेंद, चार चौके) के बीच तीसरे विकेट की 58 रन की साझेदारी की बदौलत 17.2 ओवर में तीन विकेट पर 98 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। भारत ने कप्तान रोहित शर्मा (08) और शुभमन गिल (06) के विकेट जल्दी गंवा दिए थे। इससे पहले भारत के लिए जडेजा (34 रन पर तीन विकेट), जसप्रीत बुमराह (17 रन पर तीन विकेट) और रविचंद्रन अश्विन (50 रन पर तीन विकेट) ने तीन-तीन विकेट चटकाए जबकि आकाश दीप (20 रन पर एक विकेट) ने एक विकेट हासिल किया जिससे बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 47 ओवर में सिर्फ 146 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश की ओर से दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम ने सर्वाधिक 50 रन बनाए। उनके अलावा मशफिकुर रहीम (37) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। अश्विन को 11 विकेट चटकाने और 114 रन बनाने के लिए श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने 11वीं बार यह पुरस्कार हासिल करके श्रीलंका के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। भारत ने बांग्लादेश के पहली पारी के 233 रन के जवाब में नौ विकेट पर 285 रन बनाकर पारी घोषित की थी और पहली पारी के आधार पर 52 रन की बढ़त हासिल की थी। भारत ने दो दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ने के बाद नतीजा हासिल करने के लिए आक्रामक रवैया अपनाया जिससे बल्लेबाजी के लिए अच्छी पिच होने के बावजूद मैच का नतीजा सिर्फ 173.2 ओवर में निकल गया जो दो दिन से भी कम का खेल होता है। बारिश और मैदान गीला होने के कारण दूसरे और तीसरे दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी जबकि पहले दिन भी सिर्फ 35 ओवर का खेल हो पाया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। बांग्लादेश ने भारत की दूसरी पारी में तेज गेंदबाजों का इस्तेमाल नहीं किया। मेहदी हसन मिराज (44 रन पर दो विकेट) और शाकिब अल हसन की स्पिन जोड़ी ने गेंदबाजी का आगाज किया। रोहित ने मिराज के पहले ओवर में चौका मारा लेकिन इस ऑफ स्पिनर के अगले ओवर में स्वीप शॉट खेलने की कोशिश में बाउंड्री पर हसन महमूद को कैच दे बैठे। जायसवाल ने शाकिब पर दो चौके मारे लेकिन मिराज की तेजी से स्पिन होती गेंद पर गिल पगबाधा हो गए। जायसवाल ने मिराज पर लगातार दो चौके मारे जबकि कोहली ने शाकिब की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। कोहली ने मिराज पर चौके के साथ सातवें ओवर में भारत के रनों का अर्धशतक पूरा किया। कोहली को 14 रन निजी स्कोर पर मिराज की गेंद पर मैदानी अंपायर रिचर्ड कैटलब्रो ने पगबाधा आउट दिया लेकिन डीआरएस लेने पर अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा। पारी के 14वें ओवर में कोहली ने ताइजुल इस्लाम (36 रन पर एक विकेट) पर दो चौके मारे जबकि जायसवाल ने लॉन्ग ऑन पर छक्का जड़ा। जायसवाल ने बाएं हाथ के स्पिनर ताइजुल की गेंद पर एक रन के साथ 43 गेंद में मैच का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। भारत को जब जीत के लिए तीन रन की दरकार थी तब जायसवाल ने ताइजुल पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में शाकिब को आसान कैच थमाया। ऋषभ पंत (नाबाद 04) ने ताइजुल पर चौके के साथ भारत की जीत सुनिश्चित की। इससे पहले बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 26 रन से की। पहली पारी में शतक जड़ने वाले मोमिनुल हक (02) को अश्विन ने लेग स्लिप में लोकेश राहुल के हाथों कैच कराके भारत को दिन की पहली सफलता दिलाई। सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम (101 गेंद पर 50 रन, 10 चौके) ने कप्तान नजमुल हुसैन शंटो (19) के साथ चौथे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला।

# भारत की बल्लेबाजी की तुरंत प्रतिक्रिया नहीं दे पाये: हथुरुसिंघे



कानपुर। बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे ने मंगलवार को स्वीकार किया कि उनकी टीम भारत की पहले नहीं देखी गई आक्रामक बल्लेबाजी के तूफानी में उड़ गई जिसके कारण मौसम से प्रभावित दूसरे टेस्ट में अंततः नतीजा निकला।

शुरुआती तीन दिन में लगातार बारिश के कारण आठ सत्र का खेल नहीं हो पाया और ऐसा लग रहा था कि मुकाबला नीरस ड्रॉ की ओर बढ़ रहा है। भारत ने हालांकि बांग्लादेश को पहली पारी में 233 रन पर आउट करने के बाद सिर्फ 34.4 ओवर में नौ विकेट पर 285 रन बनाकर पारी घोषित की और 52 रन की बढ़त हासिल की। भारत के इस रवैये ने नतीजे की उम्मीद जगाई और फिर दूसरी पारी में बांग्लादेश को 146 रन पर ढेर करने के बाद मेजबान टीम ने 17.2 ओवर में 95 रन के लक्ष्य को हासिल कर लिया। हथुरुसिंघे ने कहा कि यह रवैया पहले नहीं देखा गया था और हम तेजी से प्रतिक्रिया नहीं दे पाए। इस तरह के रवैये और मुकाबले में नतीजे के लिए रोहित (शर्मा) और उनकी टीम को श्रेय जाता है। हथुरुसिंघे ने कहा कि यह हार पीड़ादायक है विशेषकर पाकिस्तान के खिलाफ 2-0 से श्रृंखला जीतकर यहां आने के कारण। उन्होंने कहा कि यह हार हमारे लिए बेहद पीड़ादायक है। बल्लेबाजी निराशाजनक रही। पिछली कुछ श्रृंखला में हम अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए। यह पूछने पर कि क्या गेंदबाजों ने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन किया तो हथुरुसिंघे ने कहा कि वह अपने खिलाड़ियों की तुलना नहीं करते। उन्होंने कहा कि दोनों मेरे खिलाड़ी हैं। एक अन्य कारण विरोधी टीम का स्तर भी है और इस श्रृंखला में शीर्ष स्तर का कौशल देखने को मिला। हम यहां से सीख रहे हैं। हथुरुसिंघे ने कहा कि इस श्रृंखला ने उन्हें सिखाया कि किन विभागों में सुधार करने की जरूरत है। श्रीलंका के इस कोच ने कहा कि वह सुनिश्चित नहीं हैं कि अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने अपना अंतिम टेस्ट खेल लिया है या नहीं।

# अल्कारेज चीन ओपन के फाइनल में पहुंचे



बीजिंग। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने मंगलवार को यहां रूस के दानिल मेदवेदेव पर सीधे सेट में 7-5, 6-3 से जीत के साथ चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्कारेज ने 88 मिनट में सेमीफाइनल जीतकर मेदवेदेव के खिलाफ अपने जीत-हार के रिकॉर्ड को 6-2 तक पहुंचाया। फाइनल में अब अल्कारेज का मुकाबला गत चैंपियन और शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी यानिक सिनर और चीन के वाइल्ड कार्ड धारक बु युनचाओकेट के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मैच के विजेता से होगा।

इससे पहले महिला वर्ग में पाउला बेडोसा ने अमेरिकी ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाली जेसिका पेगुला को 6-4, 6-0 से हराकर डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शुरुआती सेट में ।-3 से पिछड़ने के बाद दुनिया की पूर्व नंबर दो खिलाड़ी बेडोसा ने वापसी करते हुए तीसरे नंबर की खिलाड़ी पेगुला को हराया। बेडोसा क्वार्टर फाइनल में चीन की 35 वर्षीय झांग शुआई से भिड़ेंगी जिन्होंने पोलैंड की मैग्डेलेना फ्रेच को 6-4, 6-2 से हराया। रैंकिंग में 595वें स्थान की खिलाड़ी झांग ने लगातार 24 मैच हारने के बाद चीन ओपन में प्रवेश किया था लेकिन उन्होंने इस हफ्ते खेले चार मैचों में एक भी सेट नहीं गंवाया है। वहीं 115वें नंबर की यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा ने भी 14वीं रैंकिंग वाली अन्ना कालिन्स्काया को 7-5, 6-0 से हराकर उलटफेर किया। यूलिया क्वार्टर फाइनल में चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता नाओमी ओसाका और छठी रैंकिंग वाली कोको गॉफ के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी।

# स्पिनरों ने भारत को बड़ी बढ़त लेने से रोका



चेन्नई। सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के तेजतर्रार अर्धशतक के बावजूद भारत की अंडर-19 टीम मंगलवार को यहां पहले चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के स्पिनरों थॉमस ब्राउन और विश्वा रामकुमार की फिरकी के सामने बड़ी बढ़त बनाने में नाकाम रही।

कल के 81 रन से आगे खेलते हुए सूर्यवंशी ने 62 गेंद में 14 चौकों और चार छक्कों से 104 रन की पारी खेली। उन्होंने विहान मल्होत्रा (76 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 133 रन जोड़े। अन्य बल्लेबाज हालांकि बड़ी पारियां खेलने में नाकाम रहे जिससे कल के बिना विकेट खोए 103 रन से आगे खेलते हुए भारतीय टीम पहली पारी में 296 रन पर सिमट गई और उसे पहली पारी के आधार पर सिर्फ तीन रन की बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलिया के लिए ऑफ स्पिनर ब्राउन ने 79 रन देकर तीन जबकि भारतीय मूल के लेग स्पिनर रामकुमार ने 79 रन देकर चार विकेट चटकाए। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 110 रन बना लिए है। टीम को 107 रन की बढ़त हासिल है और यहां चौथी पारी में 200 रन के आसपास के लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं होगा। क्रिस्टियन होव के सटीक थ्रो पर सूर्यवंशी के रन आउट होने के बाद ब्राउन और रामकुमार ने भारतीय बल्लेबाजों को लय हासिल नहीं करने दी और टीम ने बाकी नौ विकेट 163 रन पर गंवाए। भारत के लिए दूसरी प्रभावशाली साझेदारी पांचवें विकेट के लिए 57 रन की रही जो अभिज्ञान कुंडु (32) और कप्तान सोहम पटवर्धन (33) के बीच हुई लेकिन भारतीय टीम 300 रन के आंकड़े को पार नहीं कर पाई। दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज रिली किंगसेल (48) और ओलिवर पीके (32) ने दूसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़े लेकिन लेग स्पिनर मोहम्मद इनान ने दो विकेट चटकाकर भारत को वापसी दिलाई।

# रणजी ट्रॉफी में कर्नाटक के कप्तान होंगे मयंक, फोकस प्रसिद्ध पर

बेंगलुरू। खराब दौर से गुजर रहे भारत के सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल आगामी रणजी सत्र में पहले दो दौर में मध्यप्रदेश और केरल के खिलाफ कर्नाटक की कप्तानी करेंगे जबकि फोकस तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा पर भी रहेगा।

कर्नाटक और मध्यप्रदेश का सामना 11 अक्टूबर से इंदौर में होगा जबकि केरल और कर्नाटक के बीच मैच 18 अक्टूबर से बेंगलुरू में खेला जायेगा। दिलीप ट्रॉफी में औसत प्रदर्शन के बाद अग्रवाल अच्छी पारियां खेलकर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचना चाहेंगे। वहीं प्रसिद्ध भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे जिन्होंने दलीप ट्रॉफी में दो मैचों में सिर्फ चार विकेट लिये थे। वह ईरानी कप में मुंबई के खिलाफ पहले दिन एक भी विकेट नहीं ले सके।



**कर्नाटक टीम :**

मयंक अग्रवाल (कप्तान), निकिन जोस, देवदत्त पड्डिकल, आर स्मरण, मनीष पांडे, श्रेयस गोपाल, सुजय साटेरी, हार्दिक राज, विशाख विजयकुमार, प्रसिद्ध कृष्णा, वासुकी कौशिक, लवनीत सिसोदिया, मोहसिन खान, विद्याधर पाटिल, किशन बेदारे, अभिलाष शेट्टी।

# ईरानी कप : रहाणे के नाबाद 86 रन से मुंबई के 237 रन



लखनऊ । कप्तान अजिंक्य रहाणे के 197 गेंद में 86 रन की मदद से मुंबई ने वर्षाबाधित ईरानी कप मैच के पहले दिन शेष भारत के खिलाफ चार विकेट पर 237 रन बनाये।

भारत के लिये 85 टेस्ट में 5000 से अधिक रन बना चुके रहाणे के अलावा श्रेयस अय्यर ने 84 गेंद में 57 और सरफराज खान ने 88 गेंद में 54 रन बनाये। शेष भारत के लिये मुकेश कुमार ने तीन और यश दयाल ने एक विकेट लिया। मंगलवार को सिर्फ 68 ओवर ही फेंके जा सके। रहाणे और अय्यर ने चौथे विकेट के लिये 102 रन की साझेदारी की।

पहले दिन का खेल समाप्त होने पर रहाणे और सरफराज 98 रन की साझेदारी करके क्रीज पर थे। अपने कैरियर में 12 टेस्ट शतक और 40 प्रथम श्रेणी शतक जड़ चुके रहाणे क्रीज पर सहज नहीं दिखे।

उन्होंने छह चौके और एक छक्का लगाया है लेकिन उस लय में नहीं दिखे जिसके लिये जाने जाते हैं। मानव सुतार के खिलाफ 58 गेंद में वह 22 रन ही बना सके और प्रसिद्ध कृष्णा की 38 गेंदों पर सात रन ही बना पाये।

# दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है वायुसेना

## आत्मनिर्भर भारत के अनुरूप बल को सबसे उन्नत प्लेटफार्मों से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारतीय वायु सेना देश के दुश्मनों को उनकी सीमा में घुसकर करारा जवाब देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि सरकार आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप बल को सबसे उन्नत प्लेटफार्मों से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध है। सिंह ने यहां राष्ट्रीय समर स्मारक में एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होना चाहिए ताकि सम्मान, गौरव और देश की सेवा की भावना के साथ जीवन जिया जा सके। भारतीय वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित समारोहों के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिंह ने वायु वीर विजेता कार रैली को प्रारंभ किया जिसे आठ अक्टूबर को लद्दाख के थोइस से रवाना किया जाएगा जो समुद्र तल से 3,068 मीटर की उंचाई पर दुनिया के सबसे उंचे वायु सेना स्टेशनों में से एक है।

लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक 7,000 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह रैली आठ अक्टूबर को वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित की जाएगी। सिंह ने कठिन परिस्थितियों में बहादुरी, समर्पण और देशभक्ति के साथ मातृभूमि की सेवा करने वाले सैनिकों की भी प्रशंसा की। रक्षा मंत्रालय ने उनके



हवाले से एक विज्ञप्ति में कहा कि भारतीय वायु सेना ने देश और उसके लोगों की रक्षा में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। यह देश के दुश्मनों को उनके क्षेत्र में गहराई तक घुसकर मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम भारतीय वायु सेना को सबसे उन्नत विमानों, हथियारों और साजोसामान से लैस करने और आत्मनिर्भर भारत पहल के माध्यम से उन्हें और अधिक सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, पूर्व वायु सेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया (सेवानिवृत्त) और एवाई टिपनिस (सेवानिवृत्त) तथा भारतीय वायु सेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि रैली में भाग ले रहे वायु वीर एक साहसिक यात्रा पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों और वायु सेना के सदस्यों के बीच संवाद का अवसर बनेगा। सिंह ने कहा कि इस रैली का उद्देश्य लोगों में भारतीय वायु सेना के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताना तथा विभिन्न युद्धों और बचाव अभियानों में वायु वीरों की बहादुरी के बारे में जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को मातृभूमि की सेवा के लिए आकर्षित करना है। रक्षा मंत्री ने कहा कि कार रैली के दौरान, वायु वीर विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्कूलों और कॉलेजों में युवाओं के साथ बातचीत करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस दौरान उत्साही युवा सशस्त्र बलों में शामिल होने और गौरव और सम्मान का जीवन जीने के लिए प्रेरित होंगे। अधिकारियों ने बताया कि रैली के प्रतिभागी लेह, करगिल, श्रीनगर, जम्मू, चंडीगढ़, देहरादून, आगरा, लखनऊ गोरखपुर, दरभंगा, बागडोगरा, हासिमआरा, गुवाहाटी, तेजपुर और दिरांग में रुकेंगे। रैली का समापन तवांग में 29 अक्टूबर को होगा।

# जापान की संसद ने शिगेरु इशिबा को चुना प्रधानमंत्री

तोक्यो।जापान की संसद ने सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख शिगेरु इशिबा को औपचारिक रूप से देश का नया प्रधानमंत्री चुना।

इशिबा को शुक्रवार को लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी का नेता चुना गया था, ताकि वह फुमियो किशिदा की जगह ले सकें।फुमियो किशिदा के मंगलवार की सुबह प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद इशिबा के अगले प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यभार ग्रहण करने का मार्ग प्रशस्त हो गया था।इशिबा मंगलवार को बाद में अपने नए मंत्रिमंडल की घोषणा करेंगे।किशिदा ने 2021 में प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यभार संभाला था, लेकिन उनकी सरकार के घोटालों से घिरने के बाद उन्होंने पद छोड़ दिया, ताकि उनकी पार्टी को नया नेता मिल सके। शिगेरु इशिबा ने सोमवार को कहा था कि वह मंगलवार को देश का



औपचारिक रूप से प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद 27 अक्टूबर को संसदीय चुनाव कराने की योजना बना रहे हैं। इशिबा ने सोमवार को शीघ्र चुनाव कराने की अपनी योजना की घोषणा करते हुए कहा, मेरा मानना है कि नए प्रशासन को जल्द से जल्द जनता का निर्णय मिलना महत्वपूर्ण है। विपक्षी दलों ने इशिबा की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय चुनाव से पहले संसद में उनकी नीतियों की समीक्षा करने और उन पर चर्चा के लिए बहुत कम समय दिया।

किशिदा ने अगस्त में घोषणा की थी कि वह अपने तीन वर्ष के कार्यकाल के अंत में इस्तीफा दे देंगे। मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने घोषणा की कि किशिदा और उनके मंत्रियों ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में इस्तीफे सौंप दिए।किशिदा ने एक बयान में कहा कि जब हम देश के अंदर और बाहर एक महत्वपूर्ण समय से गुजर रहे हैं, तो मुझे पूरी उम्मीद है कि ऐसे समय में जापान के भविष्य को दिशा देने वाली प्रमुख नीतियों को नया मंत्रिमंडल जोरदार तरीके से आगे बढ़ाएगा। उन्होंने यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध जैसे गहराते वैश्विक विभाजन के बीच सुरक्षा को मजबूत करने की आवश्यकता का हवाला दिया।

संक्षेप

## लाल सागर में पोत पर हमला

दुबई। इजराइल-हमास युद्ध के क्षेत्रीय संघर्ष में बदलने के बढ़ते खतरे के बीच यमन के हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को लाल सागर में एक पोत को निशाना बनाकर संदिग्ध हमला किया जो पिछले कुछ सप्ताह में वाणिज्यिक पोतों पर उनका संभवतः पहला हमला है। यह हमला लेबनान में हाल में हुए इजराइली हमलों और हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला के मारे जाने के बाद हुआ है। इससे पश्चिम एशिया में युद्ध के बड़े स्तर पर फैलने की आशंका पैदा हो गई है। हूती विद्रोहियों ने सोमवार को इजराइल के ऊपर उड़ रहे एक अमेरिकी सैन्य ड्रोन को मार गिराने के बाद इजराइल को निशाना बनाकर सैन्य अभियान तेज करने की धमकी दी थी। पोत पर हमला मंगलवार की सुबह लाल सागर में बंदरगाह शहर होदेदा से लगभग 110 किलोमीटर दूर हुआ। हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से गुजरने वाले पोत को निशाना बनाकर हमले हाल में तेज कर दिए हैं। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर (यूकेएमटीओ) ने चेतावनी दी कि एक पोत के कैप्टन ने अपने जहाज के पास पानी में गतिविधियां देखीं जो संभवतः पोत पर दागी गई मिसाइल या ड्रोन थे। चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं।

# दिल्ली सीमा पर हिरासत में लिये गये सोनम वांगचुक



नयी दिल्ली। जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और दिल्ली सीमा पर हिरासत में लिये गए अन्य लोगों ने मंगलवार को उन पुलिस थानों पर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया जहां उन्हें रखा गया है। इन लोगों को उस समय हिरासत में लिया गया जब वे लद्दाख के लिए छठी अनुसूची में दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर राजधानी की ओर मार्च कर रहे थे। वांगचुक, एक महीने पहले लेह से शुरू हुई दिल्ली चलो पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे है। उन्हें और लद्दाख के लगभग 120 अन्य लोगों को सोमवार रात हिरासत में लिया गया। पदयात्रा का आयोजन लेह एपेक्स बॉडी द्वारा किया गया था, जो करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ मिलकर पिछले चार साल से लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा दिए जाने और इसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने, लद्दाख के लिए लोक सेवा आयोग के साथ ही शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने और लेह एवं करगिल जिलों के लिए अलग लोकसभा सीटों की मांग को लेकर आंदोलन का नेतृत्व कर रही है।




# प्रदेश में त्योहारों को लेकर बढ़ायी गयी सुरक्षा व्यवस्था

## उल्लास-उमंग के त्योहारी माहौल में सब मिलकर करें प्रयास, ताकि न हो कोई अप्रिय घटना : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्व-त्योहारों के अवसर पर पुलिस और प्रशासन को 24 गुणा 7 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी जिले विगत वर्षों में त्योहारों के समय प्रदेश में घटी हर छोटी-बड़ी घटना का आंकलन करें और ऐसी व्यवस्था बनाएं कि इस वर्ष शारदीय नवरात्र से छठ तक के पूरे त्योहारी माहौल में कहीं भी एक भी अप्रिय घटना न घटे। उल्लास और उमंग का यह समय शांति और सौहार्द पूर्ण माहौल में बीते, इसके लिए बीट सिपाही से लेकर चौकी, थाना, जिला, रेंज, जोन, मंडल में तैनात हर अधिकारी को प्रयास करना होगा।

मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारी व पुलिस कप्तानों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने त्योहारी माहौल में जिला स्तर पर बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अगले दो दिनों में सभी दुर्गा पूजा कमेटियों से थाना, सर्किल और जनपद स्तर पर संवाद कर लिया जाए। कहीं भी सड़क खोद कर पंडाल न बनाया जाए। पंडाल बनाते



**मुख्यमंत्री योगी के आवश्यक दिशा-निर्देश**

- नवरात्र से छठ तक 24 गुणा 7 घंटे अलर्ट रहे पुलिस और प्रशासन
- बीते वर्षों से सबक लेकर बनाएं कार्ययोजना, बढ़ानी होगी पुलिस पेट्रोलिंग
- दुर्गा पूजा कमेटियों से संवाद करें, आस्था को आहत करने वाली न हो कोई घटना : सीएम
- सड़क खोद कर पंडाल न बनाया जाए, पंडाल बनाते समय यातायात की सुगमता का रखें ध्यान
- पर्व-त्योहारों पर ग्रामीण रूट पर बढ़ाएं बसें, सड़क पर न दिखें डग्गामार, खस्ताहाल बसें

समय यातायात की सुगमता का पूरा ध्यान रखा जाए। प्रतिमा की ऊंचाई एक सीमा से अधिक न हो। कमेटियों से बातचीत कर यह सुनिश्चित कराएं कि उनके परिसर में ऐसा कोई कृत्य नहीं होगा, जिससे किसी अन्य की आस्था आहत हो। फूहड़ अथवा कानफोडू गीत-संगीत-नृत्य नहीं होना चाहिए। कमेटी द्वारा पंडाल व आस-पास साफ-सफाई का माहौल बना कर रखना होगा। उन्होंने कहा कि प्रतिमा विसर्जन का रूट पहले से स्पष्ट होना चाहिए। यह सुनिश्चित कर लें कि प्रतिमा विसर्जन रूट पर कहीं हाईटेंशन लाइन न हो। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतनी होगी। पंडालों में फायर सेफ्टी के संबंध में आवश्यक प्रबन्ध होने चाहिए। बीट सिपाही से लेकर हल्का इंचार्ज और पुलिस कप्तान सहित हर अधिकारी सड़क पर उतरे।

त्योहार के दिनों में कुछ अराजक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे में पुलिस को अलर्ट रहना होगा। आम आदमी को उसकी सुनिश्चित सुरक्षा के लिए पूरा भरोसा दिलाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शारदीय नवरात्र के समय यद्यपि सभी देवी स्थानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। इसका ध्यान रखते हुए आवश्यक पुलिस बल की तैनाती की जानी चाहिए। मीरजापुर में मां विंध्यवासिनी धाम, सहारनपुर में मां शाकुम्भरी मंदिर, वाराणसी में विशालाक्षी मंदिर और बलरामपुर में मां पाटेश्वरी धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिगत बेहतर प्रबंध होने चाहिए। प्रत्येक मंदिर परिसर में साफ-सफाई होनी चाहिए। पर्व-त्योहार के समय बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। परिवहन निगम को ग्रामीण रूट पर बसों को बढ़ाने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित कराएं की पुलिस हो या बस ड्राइवर/कंडक्टर, लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करें। दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के सभी लाभार्थियों को निःशुल्क रसोई गैस सिलेंडर वितरित किया जाना है। इसके संबंध में समय से सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएं।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com